सुप्रभात
रांची, रविवार
06.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

www.dailykhabarmantra.com कार्तिक, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 113

12 भारत के पहले मतदाता श्याम शरण नेगी का निधन




## न्यूज डायरी

### बोकारो में महिला थाना प्रभारी की पिटाई

बोकारो। सेक्टर तीन में महिला थाना प्रभारी पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाद की सूचना पर पहुंची महिला थाना प्रभारी को एक परिवार की महिला पुरुषों ने जमकर पीटा। बाल खींचकर मारा और बांह मरोड़ा। पुलिस ने बाद में पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया। बीएस सिटी थाना प्रभारी दुलड़ चौरे ने एक ही परिवार के पांच लोगों पर उनकी पिटाई करने का आरोप लगाया है। घायल थाना प्रभारी का इलाज बोकारो सदर अस्पताल में कराया गया। दो लड़कियों, उनकी मां और भाई के साथ एक अन्य युवक ने महिला थानेदार पर हमला कर दिया।

### डोभा में डूबने से मौत अगले महीने थी शादी

लोहरदगा। भीठा गांव के एक युवक की डोभा में डूबने से मौत हो गयी। दिसंबर में उसकी शादी होनी थी। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है। वह शुक्रवार की देर रात शौच करने गया था। इसी दौरान फिल कर डोभा में गिर गया डूबने से हो गयी। युवक की पहचान भीठा गांव निवासी संत कुमार मिश्रा के पुत्र प्रभव मिश्रा (22 वर्ष) के रुप में हुई है। भंडरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### पांच राज्यों में की उपचुनाव घोषणा

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने शनिवार को ओडिशा, राजस्थान, बिहार, यूपी और छत्तीसगढ़ में पांच विधानसभा और एक लोकसभा क्षेत्र में पांच दिसंबर को उपचुनाव करने की घोषणा की। जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि विधानसभा उपचुनाव पदमपुर (ओडिशा), सरदारशहर (राजस्थान), कुरहानी (बिहार), भानुप्रतापपुर (छत्तीसगढ़) और रामपुर (उत्तर प्रदेश) में होंगे। इसी के साथ मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) में भी एक संसदीय सीट पर होगा। अधिसूचना जारी करने की तारीख 10 नवंबर और नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 17 नवंबर है। स्क्रूटनी 18 नवंबर को होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 21 नवंबर है। पैनल ने कहा कि मतों की गिनती आठ दिसंबर को होगी।

### मुर्मू ने कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया

गंगटोक। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दो दिवसीय सिक्किम दौरे पर हैं। दौरे के अंतिम दिन शनिवार को राष्ट्रपति ने दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पांच अन्य विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।

### रूस के नाइट क्लब में आग 15 की मौत

कोस्त्रोमा। रूस के कोस्त्रोमा शहर में एक कैफे में शनिवार को आग लगने से 15 लोगों की जलकर मौत हो गयी। कैफे में किसी बात को लेकर दो लोगों के बीच विवाद हो गया था। इसमें एक शख्स ने फ्लेयर गन (सिगरेट जलाने वाली गन) चला दी, जिसके बाद आग लग गयी। कैफे में उस समय 250 से ज्यादा लोग मौजूद थे। बचाव दल ने किसी तरह अन्य लोगों को बचाया।

# 1932 का खतियान और ओबीसी को आरक्षण शीघ्र

## रामगढ़ में बोले हेमंत, सभी जरूरतमंदों के साथ है सरकार

### 11 को विधान सभा सत्र में दोनों बिल पास करायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रामगढ़, रांची। सीएम हेमंत सोरे ने कहा कि राज्य गठन के बाद पहली बार उत्साह का माहौल है। प्रदेश की सरकार किसान, श्रमिक, महिलाओं, युवाओं एवं सभी जरुरतमंदों के साथ खड़ी है। सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की है। उन्होंने कहा कि राज्य में महागठबंधन सरकार 11 नवंबर को विशेष सत्र बुला रही है। इस सत्र में 1932 का खतियान और ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने संबंधी बिल को पास कराया जायेगा। उक्त बातें उन्होंने रामगढ़ के रजरप्पा में शनिवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। सीएम ने इस मौके पर रामगढ़ को 302 करोड़ की 255 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ सैकड़ों लाभुकों के बीच 119 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया।

**अपना पैसा मांगवने पर डराता है केंद्र :** सीएम ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि झारखंड की खनिज संपदा की राजस्व राशि एक लाख 36 करोड़ रुपये मांगा, तो यहां सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स को भेज दिया।

(शेष पेज 11 पर)



### पूर्ववर्ती सरकार ने सिर्फ ठगा है

हेमंत सोरेन ने रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित कॉलोनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने राज्य के लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया था। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने राज्य में अनगिनत विकास कार्य किये हैं। सरकार किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, नौजवानों एवं जरूरतमंदों के साथ खड़ी है और उन्हें सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दे रही है, ताकि राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। की आपकी सरकार ने अपने बलबूते सभी जरूरतमंद को पेंशन देने का कार्य किया। केंद्र से हमने आर्थिक मदद की गुहार की पर नहीं मिला। जबकि केंद्र के पास राज्य की करोड़ों की राशि बकाया है।

## विधायकों के घर लंबी छापेमारी से भड़का झामुमो

# नाकेबंदी का एलान, खनिज संपदा बाहर नहीं जाने देंगे

खबर मन्त्र टीम

**रांची, धनबाद, बेरमो।** बेरमो, दुमका गोड्डा समेत अन्य ठिकानों पर 30 घंटे से अधिक समय से आयकर विभाग की छापेमारी से राजनीतिक गतिरोध की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। दूसरे दिन भी बेरमो से दुमका तक आयकर की छापेमारी जारी है। केंग्रेसी विधायक अनूप सिंह और प्रदीप यादव के आवास में कागजात खंगाल रही है। इसके विरोध में राजधानी रांची, धनबाद, गोड्डा, दुमका समेत पूरे राज्य में झामुमो के नेता-कार्यकर्ता केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ धरना पर हैं। राज्य के मंत्री और विधायकों ने आयकर और ईडी की कार्रवाई के विरोध में भाजपा को जवाब देने के लिए आर्थिक नाकेबंदी तक की चेतावनी दे दी। धमकी दी है कि राज्य से लोहा, कोयला व अन्य खनिज राज्य से बाहर नहीं जाने देंगे। धनबाद में धरना-प्रदर्शन के नेतृत्व मंत्री जगरनाथ महतो, दुमका में विधायक नलिन सोरेन करप रहे हैं। झामुमो का कहना है कि जब भाजपा खरीद-फरोख्त में विफल रही तो ईडी-आयकर की कार्रवाई से डराना चाह रही है। शिकारीपाड़ा विधायक नलिन सोरेन की अगुवाई में दुमका में झामुमो ने केंद्र सरकार के विरोध में समाहरणालय परिसर में धरना दिया।

(शेष पेज 11 पर)



### 55 ठिकानों पर 36 घंटे तक छापा, करोड़ों मिले

कांग्रेस विधायकों के घर आइटी का छपा लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। कांग्रेस के दो विधायकों सहित कारोबारियों और ठेकेदारों के 55 ठिकानों पर 36 घंटे तक छापेमारी हुई। दोनों विधायकों के करीबियों के ठिकानों से करोड़ों की नगद राशि बरामद किये जाने की खबर है। आयकर विभाग ने जब्त नोटों की गिनती के लिए बैंकर्स की टीमों को बुलाया है। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग ने विधायकों को कोयला-लोहा-बालू के कारोबार, सरकारी योजनाओं में ठेकेदारी, आउटसोर्सिंग कंपनियों के संचालन से जुड़े 200 से भी ज्यादा ऐसे दस्तावेज हासिल हुए हैं। इससे करोड़ों की टैक्स चोरी का पता चला है। इसके अलावा बड़ी संख्या में नामी-बेनामी चल-अचल प्रॉपर्टी की भी जानकारी मिली है। हालांकि आयकर की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है।

# स्थापना दिवस समारोह में कोई खामी नहीं रहे : सीएम

### एक हजार लोगों को दी जायेगी नौकरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 15 नवंबर को झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को ले कर की जा रही तैयारियां की सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को समीक्षा की। उन्होंने वरीय अधिकारियों से समारोह के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम की जानकारी ली और अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां ससमय पूरी जानी चाहिए। मुख्य समारोह मोरहाबादी मैदान में तीन घंटे का होगा। समारोह में 1000 से ज्यादा नव चयनितों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। सीएम कई योजनाओं की लांचिंग करेंगे।

समारोह में झारखंड की कला संस्कृति, गीत संगीत और नृत्य पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मौजूद होंगी। ऐसे में यहां सारी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त होनी चाहिए। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो और कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की सहूलियत का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सीएम के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय कुमार चौबे, कार्मिक विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव मनोज कुमार, एसयूडीए के निदेशक अमित कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के निदेशक राजीव लोचन बक्सी और रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा मौजूद थे ।

(शेष पेज 11 पर)

### ऑपरेशन लोटस फेल होने पर छापा: प्रदीप



**रांची।** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के आवास सहित सभी ठिकानों पर कुल 36 घंटे इनकम टैक्स टीम की छापेमारी अब समाप्त हो चुकी है। टीम के सदस्यों ने मीडिया के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। वहीं प्रदीप यादव ने सामने आकर कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार जब झारखंड में हेमंत सरकार को गिराने में सफल नहीं हुई तो उनके विरुद्ध पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर छापेमारी की कर्रवाई की गयी। साथ ही कहा कि गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे अनर्गल ट्वीट कर उनकी छवि खराब कर रहे हैं। अगर कुछ मिला है तो आइटी के अधिकारी बतायेंगे। उन्होंने कहा कि उनके पास रांची आवास में 16,500 और ड्राइवर के पास से दस हजार मिले है। बांकी उनकी जिन्दगी खुली किताब है और वे किसी गीदड़ भभकी से डरने वाले नहीं है।

## हल्लाबोल : सीएम को समन मामले में यूपीए का राज्यव्यापी प्रदर्शन

# केंद्र के खिलाफ 2024 तक उलगुलान का एलान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी समन मामले में यूपीए का राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन जारी है। महागठबंधन ने 2024 तक केंद्र के खिलाफ उलगुलान जारी रखने का एलान कर दिया है। साथ ही केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने के लिए डीसी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा है। शनिवार को पूरे झारखंड में यूपीए ने शक्ति प्रदर्शन किया। महागठबंधन ने राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन कर 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव तक भाजपा के खिलाफ उलगुलान जारी रखने का एलान कर दिया। रांची में राजभवन के सामने गठबंधन नेताओं-कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। धरना के बाद रांची डीसी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने की मांग की गयी।

(शेष पेज 11 पर)




### रघुवर से क्यों नहीं पूछताछ : महुआ माजी

राजभवन के सामने राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि भाजपा झारखंड की लोकतांत्रिक सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। ईडी जिन घोटालों की जांच कर रही है उसमें पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का भी नाम है, लेकिन ईडी उनसे पूछताछ क्यों नहीं कर रही। भाजपा के और भी कई लोग हैं घोटालों में शामिल हैं। आखिरी ईडी वहां क्यों नहीं जा रही है।

### डायन बता महिला को जिंदा जला दिया

**गया।** बिहार के गया में डायन बिसाही के आरोप में एक महिला को जिंदा जला दिया गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। दिल दहला देने वाली ये वारदात इमामगंज थाना क्षेत्र की है। झारखंड से बुलाये गये ओझा-गुनी ने महिला को डायन करार दिया था। पहले तो ग्रामीणों ने महिला के साथ मारपीट की, फिर कपड़े में लपेटकर उसे जिंदा जला दिया। उसके घर को भी फूंक दिया गया। घटना की जानकारी के बाद पुलिस पहुंची तो उसपर भी हमला किया गया। मैगरा थाना के पचमह गांव के परमेश्वर भारती की मौत के बाद हेमंती देवी पर डायन होने का आरोप लगाया था। कई बार के प्रयास के बाद ग्रामीणों की भीड़ हेमंती देवी के घर में घुस गयी और उसे खींचकर घर के कमरे से खींचकर मारपीट की। कमरे में ही कपड़े में लपेटकर उसे जिंदा जला दिया।

# साकची में बनेगा नया एमजीएम अस्पताल

## 500 बेड, 400 करोड़ होंगे खर्च, सीएम कल करेंगे शिलान्यास : बन्ना गुप्ता

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** एमजीएम का कायाकल्प होगा। करीब 400 करोड़ की लागत से 500 नये बेड के साथ अस्पताल को अत्याधुनिक, विश्व स्तरीय चिकित्सीय सुविधाओं से लैस किया जायेगा। इसका शिलान्यास सीएम हेमंत सोरेन सात नवंबर को करेंगे। यह घोषणा शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने यहां प्रेस कांफरेंस में की। मंत्री ने दावा किया कि यहां पर्याप्त डॉक्टर,नर्स और सपोर्ट स्टाफ भी तैनात किये जायेंगे। स्वास्थ्य मंत्री जमशेदपुर को लगभग 1000 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के सौगात की घोषणा की। इनमें एमजीएम अस्पताल का कायाकल्प और मानगो को सूबे का सबसे अत्याधुनिक ओवर ब्रिज प्रोजेक्ट शामिल है।

मंत्री ने अस्पताल निर्माण की जानकारी देते हुए कहा कि महात्मा गांधी मेमोरियल अस्पताल, जमशेदपुर के पुराने जीर्ण-शीर्ण भवन को नियमानुसार सुनियोजित तरीके से हटाते हुए 500 शय्यावाले नये अस्पताल का निर्माण होगा। इसके लिए 396 करोड़ 69 लाख 58 हजार 9 सौ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मंत्रिपरिषद के द्वारा प्रदान की गयी है।



**सीटी स्कैन, एमआरआइ की भी सुविधा :** कुल 500 शैय्या, जिसमें 246 बेड आइसीयूके होंगे। वहीं 15 ऑपरेशन थियटर युक्त यह अस्पताल होगा। अस्पताल में सीटी स्कैन, एमआरआइ, एक्स-रे, अल्ट्रा साउंड, फलोरोस्कॉपी एवं मैमोग्राफी की पूर्ण सुविधा रहेगी। सेमिनार हॉल, क्लासेस, प्रशासनिक भवन का भी निर्माण किया जायेगा। अस्पताल के लिए जरूरी सभी आवश्यक सेवाएं जैसे एलएमओ, पीएसए प्लांट, जैविक कचरा प्रबंधन, लॉण्डरी सिस्टम, केन्द्रीकृत स्ट्रेलाईजेसन यूनिट का विशेष प्रावधान किया गया है ।

(शेष पेज 11 पर)

# आज भारत जीता तो दस को इंग्लैंड से सेफा में भिड़ंत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप 2022 का आखिरी ग्रुप मैच रविवार को मेलबर्न में जिम्बाब्वे से खेलना है। भारतीय टीम को इस मैच में जीत मिल जाती है तो वो सेमीफाइनल में पहुंच जायेगी। भारत के इस वक्त 6 अंक हैं और जिम्बाब्वे पर जीत के साथ 8 अंक प्राप्त करके वो अपने ग्रुप में टाप पर रहेगी। ग्रुप ए से दो टीमों न्यूजीलैंड और इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। शनिवार को इंग्लैंड ने श्रीलंका को 4 विकेट से सेमीफाइनल में जगह बना ली।

**सेमीफाइनल का गणित :** भारत ने अगर जिम्बाब्वे को हरा दिया तो इंग्लैंड के साथ उसका मैच एडिलेड में 10 नवंबर को खेला जायेगा और ये इस टी20 वर्ल्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल मैच होगा। वहीं पहले सेमीफाइनल मैच 9 नवंबर को (न्यूजीलैंड बनाम अभी डिसाइड नहीं) खेला जायेगा और इसका आयोजन सिडनी में किया जायेगा। जबकि फाइनल मैच का आयोजन मेलबर्न में 13 नवंबर को होगा। ग्रुप ए में न्यूजीलैंड की टीम के भी 7 अंक हैं, लेकिन वो नेट रन रेट के आधार पर पहले नंबर पर है जबकि इंग्लैंड की टीम ने भी इतने ही अंक हैं, लेकिन उसका रन रेट न्यूजीलैंड के मुकाबले कमजोर रहा ऐसे में वो दूसरे नंबर पर रही। अब सेमीफाइनल का गणित समझते है जिसमें पहले सेमीफाइनल में ग्रुप ए के पहले नंबर (न्यूजीलैंड) की टीम और ग्रुप बी के दूसरे नंबर (अभी डिसाइड होना बाकी) की टीम के बीच मुकाबला होगा तो वहीं दूसरे सेमीफाइनल में ग्रुप बी के पहले नंबर की टीम ( शायद भारत) और ग्रुप ए के दूसरे नंबर (इंग्लैंड) की टीम के बीच मैच खेला जायेगा।



## शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में किसी भी तंबाकू उत्पाद की बिक्री प्रतिबंधित

# तंबाकू उत्पादों का प्रचार बैन रहेगा : नगर आयुक्त

**बगैर लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई, तंबाकू उत्साद विक्रेता अविलंब कोटपा एक्ट एवं राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में टोबैको लाइंसेंस लेना अनिवार्य**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंटरनेशनल यूनियन अंगेस्ट ट्यूबरक्लोसिस एंड लंग्स डिजीज नई दिल्ली के सहयोग से नेशनल टोबैको कंट्रोल प्रोग्राम के तहत शनिवार को नगर निगम सभागार में एक दिवसीय रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया। मौके पर नगर आयुक्त शशि रंजन ने तंबाकू नियंत्रण कानून की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी तंबाकू उत्पाद विक्रेता दुकानदारों को शीघ्र ही कोटपा एक्ट एवं राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में अपना टोबैको वेंडिंग लाइसेंस नगर निगम से प्राप्त करने का निर्देश दिया अन्यथा तंबाकू बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी। उन्होंने सभी दुकानों में तंबाकू उत्पादों का प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित करनेका भी निर्देश दिया एवं तंबाकू से संबंधित पोस्टर को हटाना होगा। कहा कि वर्तमान समय में हम सभी को मिल कर टौबैको बेचने तथा सेव करने को डिस्करेज करने की आवश्यकता है।

नगर आयुक्त ने पूरी दुनिया के लिए तंबाकू के उपयोग को चिंता का विषय बताया कहा कि वर्तमान में तंबाकू उद्योंगों का मुख्य निशाना बच्चे एवं युना के लोग होते हैं। निगम द्वारा अब तक लिये गए कोटपा एक्ट एवं वेंडर लाइसेंसिग के सफल कार्यान्वयन के लिए की गयी पहल पर भी चर्चा की गयी।

मौके पर द यूनियन की सीनियर प्रोग्राम आफिसर मिस कैथी राइट न्यूयार्क से रांची इस कार्यशाला के में भाग लेने के लिए उपस्थित रहीं। उन्होंने कोटपा के तहत निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। तंबाकू के दुष्परिणामों पर बताया कि वर्तमान में लोग स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं हैं इसलिए उन्हें जागरुक करना आवश्यक है। वेंडर लाइसेंस के लिए जागरुकता अभियान चलाने का सुझाव दिया।

वरीय तकनकी सलाहकार डॉ निधि सेजपाल ने कोटपा अधिनियम-2003 की सुसंगत धाराओं से संबंधित शास्तियों के साथ-साथ तंबाकू म्यूनिसिपल लाईसेंस के बारे में जानकारी दी।

सीड्स के कार्यकारी निदेशक दीपक मिश्रा, डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर फॉर डिस्ट्रिक्ट टोबैकू कंट्रोल सेल के सुशांत कुमार सिन्हा, रांची नगर निगम के एन्फोर्समेंट ऑफिसर, नगर प्रबंधक व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**SHARDA GLOBAL PREPARATORY SCHOOL**
Bukru, Kanke , Ranchi
ADMISSION OPEN (SESSION 2023-24)
Registration forms for admission in Class Pre-Nursery, KG-I & KG-II can be filled and submitted online at our website : www.shardaglobalschool.com from 7th November to 9th November 2022. Forms are also available at School Office, Timing 8:00AM-1:00PM.
For details contact us at : 7542983222, 9931039500, 9934307000
E-mail: shardaglobalschool@gmail.com Principal

**SHARDA GLOBAL SCHOOL**
Affiliated to C.B.S.E. (10+2), New Delhi
BUKRU, KANKE, RANCHI
ADMISSION OPEN (SESSION 2023-24)
Registration forms for admission in Std. I to IX can be filled and submitted online at our website : www.shardaglobalschool.com from 7th November to 9th November 2022. Forms are also available at School Office, Timing 8:00 AM to 1:00 PM.
Hostel facility available for Boys (Class III - Onwards)
BPL category candidates can apply with valid documents as per the Government rules for STD. I
For details contact us at : 7542983222, 9931039500, 9934307000
E-mail: shardaglobalschool@gmail.com Principal

## प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का 8वां अधिवेशन 13 नवंबर को, राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम अधिवेशन का उद्घाटन राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के बतौर शामिल होंगे। 13 नवंबर को प्रातः 11 बजे मारवाड़ी भवन में उद्घाटन समारोह होगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल अपने पद की शपथ लेंगे। अधिवेशन में देश भर से अतिथि एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। पूर्व सांसद महेश पोद्दार स्वागत अध्यक्ष हैं। ललित पोद्दार स्वागत मंत्री हैं। अधिवेशन के लिए 108 सदस्यीय स्वागत समिति बनाई गई है। उद्घाटन के दौरान झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्मारिका संकल्प का विमोचन भी किया जाएगा।

मौके पर राज्य भर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने कहा कि हमारा संकल्प राज्य भर में संगठन एवं शाखा विस्तार तथा सदस्यता निर्माण करना है। राज्य के कोने-कोने तक संगठन विस्तार का लक्ष्य रखा गया है। झारखंड के जिस स्थान पर मारवाड़ी समाज के मात्र पांच लोग भी रहते हों, वहां तक पहुंचने का प्रयास है। नई गति, नई दिशा, नए संकल्प के साथ नए सत्र की शुरूआत में शपथ ग्रहण समारोह के दिन 1001 नए सदस्य जोड़ने का संकल्प है।

श्री मित्तल ने कहा कि सभी जिला पदाधिकारियों एवं सम्मानित सदस्यों ने मुझे आश्वस्त किया है कि शपथ ग्रहण समारोह में आपके संकल्प के साथ हम खड़े हैं। सभी जिलों से संभावित नए सदस्यों की सूची भी आ रही है। श्री मित्तल ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में सदस्यता अभियान को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। अधिवेशन में भागीदारी के लिए भी सभी जिलों से प्रतिनिधियों की सूची आ रही है। बताया कि उनके कार्यकाल में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा निर्धारित विभिन्न सामाजिक सुधार कार्यक्रमों को भी झारखंड में बखूबी लागू करने का प्रयास किया जाएगा। सामाजिक पंचायत व्यवस्था को भी मजबूत किया जाएगा।

### शबद कीर्तन पर साध संगत को होंगे निहाल

## श्री गुरुनानक देव जी का 553वां प्रकाश पर्व आज, सजाया जायेगा विशेष दीवान

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, लोकसभा सांसद संजय सेठ और राज्यसभा सांसद महुआ माजी होंगे शामिल**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरुनानक देव जी का 553वां प्रकाश पर्व आज 6 नवंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, लोकसभा सांसद संजय सेठ और राज्यसभा सांसद महुआ माजी शामिल होंगे।

इस अवसर पर कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक भव्य दीवान सजाया जायेगा एवं दोपहर 12.30 बजे से गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा। दोपहर 2:30 बजे दीवान समाप्ति के बाद भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा जो कृष्णा नगर कॉलोनी से निकलकर रातू रोड, प्यादा टोली चौक, महावीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सर्जना चौक, डेली मार्केट, चर्च कॉम्प्लेक्स होते हुए लाला लाजपत राय चौक होते हुए पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल पहुंचेगा जहां अरदास के साथ रात 9:00 बजे नगर कीर्तन की समाप्ति होगी। इस मौके पर गुरु सिंह सभा द्वारा गुरु नानक स्कूल कैंपस में गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा।

इस उपलक्ष्य में 7 नवंबर को सुबह 8:00 बजे से 10:30 बजे तक एवं रात 8:00 बजे से 11:00 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा तथा प्रकाश पर्व के दिन यानी 8 नवंबर को रात 8 बजे से विशेष दीवान सजाया जाएगा। रात 12:00 बजे श्री अनंद साहिब जी के पाठ का भोग होगा। रात 2:00 बजे विशेष दीवान की समाप्ति होगी। इन सभी दीवानों में शिरकत करने के लिए सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई बलविंदर सिंह जी रंगीला (चंडीगढ़ वाले) विशेष रूप से पहुंच रहे हैं जो शबद कीर्तन कर शहर की साध संगत को निहाल करेंगे। श्री गुरु नानक सत्संग सभा के महासचिव अर्जुन देव मिड्ढा एवं सचिव मनीष मिढ़ा ने शहर के तमाम सिख धर्मावलंबियों से प्रकाश पर्व के उपलक्ष में सजाए जा रहे सभी दीवानों एवं नगर कीर्तन में शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने का आह्वान किया है।

## रिम्स के पुराने इमरजेंसी में बनेगा तीन विभागों का ओपीडी

**रांची।** रिम्स प्रबंधन ने प्रतिदिन आने वाले मरीजों को राहत देने के लिए पुराने बिल्डिंग के बंद पड़े इमरजेंसी में ओपीडी का एक्सटेंशन सेंटर बनाने का निर्णय लिया है। रिम्स के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी ने कहा कि पुराने इमरजेंसी में तीन विभागों की ओपीडी बनाने की तैयारी है। इनमें मेडिसिन, न्यूरोसर्जरी और ऑथोर्पेडिक विभाग का ओपीडी बनाया जाएगा। इसी के साथ ओपीडी में एक्स-रे मशीन भी लगायी जाएगी। साथ ही मरीजों के बैठने की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। कियोस्क बनाया जाएगा, ताकि मरीजों को जानकारी के लिए अस्पताल में भटकना न पड़े। डॉ शैलेश ने कहा कि ओपीडी बनाने को लेकर संबंधित विभागों के एचओडी के साथ बैठक हुई है। निर्माण में होने वाले खर्च को लेकर प्रपोजल बनाने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मालूम हो कि पुराने बिल्डिंग के पहले तल्ले पर न्यूरोसर्जरी और ऑथोर्पेडिक विभाग के ओपीडी का संचालन हो रहा है। हड्डी के मरीजों को सीढ़ी चढ़कर जाना पड़ता है।

## आइएएस वंदना दादेल के नाम से वॉट्सऐप की फेक आइडी बनाकर ठगी करने का प्रयास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साइबर अपराधियों के बढ़ते मनोबल का प्रभाव है कि अब वे प्रशासनिक पदाधिकारियों के नाम पर साइबर ठगी करने से भी नहीं झिझक रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, साइबर अपराधियों ने आईएएस वंदना दादेल की व्हाट्सएप में प्रोफाइल फोटो लगाकर ठगी करने का प्रयास किया है। आईएएस वंदना दादेल वर्तमान में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की प्रधान सचिव हैं।

**धुर्वा थाने में दर्ज करायी प्राथमिकी :** इस मामले को लेकर आईएएस वंदना दादेल ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। अज्ञात व्यक्ति आईएएस वंदना दादेल की जान पहचान वाले व्यक्ति से अमेजॉन पे यूज करने की सलाह दे रहा था और उससे पैसे भेजने की बात बोल रहा था। जिसके बाद पुलिस पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की धरपकड़ में जुटी हुई है।

## 7 नवंबर को तीर्थयात्री जायेंगे अयोध्या, भैरव सिंह करेंगे विदा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नारी सेना के तत्वावधान में 7 नवंबर को सेना की केंद्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह की अध्यक्षता में सैकड़ों महिला एवं पुरूष तीर्थयात्रा के लिए अयोध्या एवं बनारस के लिए रेल मार्ग से रवाना होंगे। हिंदू सम्राट भैरव सिंह मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देकर रांची रेलवे स्टेशन पर सभी तीर्थयात्री जत्था को विदा करेंगे। इस तीर्थयात्रा का नेतृत्व सेना के केंद्रीय अध्यक्ष पुनम सिंह, संस्थापक सह युवाओं की धड़कन सूरज सिंह भवानी, संरक्षक विनय शर्मा, प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा, मिडिया प्रभारी कुमारी कामिनी सिंह जी करेंगे।तीर्थ यात्रा में जयविंदा देवी, लीला देवी, ज्योति सिंह, किरण देवी, कमला शर्मा, कामिनी सिंह, रानी राणा, ममता कुमारी, सोनी कुमारी सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष शामिल है।

मौके पर बैठक में सेना के परिचय पत्र का लोकार्पण हुआ जिसे सभी तीर्थ यात्रियों के बीच वितरण की जाएगी। तीर्थयात्रियों की रांची वापसी 12 नवंबर को होगी।यह जानकारी सेना के मीडिया प्रभारी कामिनी सिंह ने दी है।

## 1 दिसंबर से डीइओ रांची के प्रभार में रहेंगे डीएसई आकाश कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के कई जिलों में जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला शिक्षा पदाधिकारी के पद खाली हैं। इसकी समीक्षा कर विभाग ने वैकल्पकि व्यवस्था के तहत खाली पदों पर अतिरिक्त प्रभार सौंपने का निर्णय लिया।

**इन्हें मिला अतिरिक्त प्रभार :** चतरा जिला शिक्षा अधीक्षक का पद वर्तमान में खाली है। उसका प्रभार लोहरदगा के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अभिषेक बड़ाईक को दिया गया है। लोहरदगा के डीइओ का अतिरिक्त प्रभार बेड़ो (रांची) की क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर को दिया गया है। रांची के डीइओ 30 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं। इसके बाद रांची डीएसई आकाश कुमार 1 दिसंबर 2022 से इसका प्रभार संभालेंगे। गढ़वा जिला शिक्षा पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार चास (बोकारो) की क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति को दिया गया है। धनबाद के डीइओ का अतिरिक्त प्रभार धनबाद के डीएसई भूतनाथ रजवार को, पलामू डीएसई का हजारीबाग के क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पश्चिम सिंहभूम के डीएसई का प्रभार चाईबासा के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार शील को दिया गया है। गोड्डा डीएसई का अतिरिक्त प्रभार धनबाद की क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू को सौंपा गया है। खूंटी के डीइओ का अतिक्ति प्रभार तोरपा (खूंटी) के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे को सौंपा गया है। लातेहार के डीएसई का प्रभार चितरपुर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य कविता खलखो को दिया गया है। गुमला डीइओ 31 दिसंबर को रिटायर हो रहे हैं। इस पद का अतिरिक्त प्रभार 1 जनवरी, 2023 से गोविंदपुर (धनबाद) के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजूर के पास होगा।

## सीसीएल में स्थापना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन, वार्षिक पत्रिका उत्कर्ष का भी हुआ विमोचन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीआईएल एवं सीसीएल के 48वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सीएमडी सीसीएल पीएम प्रसाद, निदेशक आरबी प्रसाद, बी साईराम एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी एसके सिन्हा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, क्षेत्रीय अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल पीएम प्रसाद ने सीसीएल के 48वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कंपनी को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं।



हमारे इस प्रयास में हमें श्रमिक संघों के साथ-साथ सभी का सहयोग मिल रहा है। हमें आशा है कि भविष्य में इसी तरह उनका सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि हमें हर वर्ष 16 से 18 प्रतिशत की वृद्धि दर से आगे बढ़ना है तभी हम आने वाले वर्षों में 100 मि. टन कोयले का उत्पादन लक्ष्य को पार कर सकेंगे। इसके लिए हम पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

निदेशक आरबी प्रसाद ने कहा कि हम सभी हर वर्ष सीसीएल की स्थापना दिवस मनाते हैं और इस अवसर पर कंपनी के बेहतरी के संकल्प लेते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों को सम्मानित भी करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष हमारा कोयला उत्पादन का लक्ष्य 76 मि. टन है, लेकिन हमारी कोशिश होगी कि हम 80 मि.टन को पार कर सकें। इसके लिए हम सबको अपना-अपना योगदान बढ़-चढ़ कर देना होगा।

निदेशक बी साईराम एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी एसके सिन्हा निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा कोयला उत्पादन करने के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सीसीएल की वार्षिक पत्रिका उत्कर्ष का विमोचन भी किया गया। ज्ञात हो कि इस पत्रिका के माध्यम से कंपनी के महत्वपूर्ण गतिविधियों, रोचक कविताएं एवं आलेख को प्रकाशित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान कंपनी के विकास में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले कर्मियों को योगयता के अनुसार विभिन्न श्रेणियों से सम्मानित किया गया। वहीं हेवी मोटर ड्राईविंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे परियोजना प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को लाईसेंस दिया गया। साथ ही चतरा जिला के आदित्य कुमार को शुटिंग राईफल के लिए चार लाख रुपए की राशि प्रदान की गयी। ज्ञातव्य हो कि आदित्य कुमार का राईफल शुटिंग के क्षेत्र में झारखंड में चौथा स्थान है और उनका चयन राष्ट्रीय शुटिंग चैम्पीयनशीप में हुआ है। कार्यक्रम का सफल आयोजन में महाप्रबंधक (संचालन) एसवी तलंकार एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की योजनाओं पर की चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की 14 सदस्यीय टीम ने कल बैठक की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अभियान के निदेशक आलोक त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी ली गयी। बैठक के बाद कॉमन रिव्यू मिशन (सीआरएम) की टीम 6 से 10 नवंबर तक झारखंड के देवघर और गढ़वा में स्वास्थ्य संबंधी कार्यों के प्रगति का निरीक्षण करेगी। साथ ही जिलों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेगी। कॉमन रिव्यू मिशन दल में डिप्टी कमिश्नर डॉ जोया रिजवी, एनसीडीसी के उपनिदेशक डॉ पूवार्सा बेरा, डॉ अग्रिमा रायना, डॉ डीके यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे. जबकि राज्य स्तर के अपर अभियान निदेशक, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ कृष्ण कुमार के अलावा पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल थे।

**स्वास्थ्य सुविधा की होगी समीक्षा**
आम लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा की समीक्षा की जाएगी। 10 नवंबर को स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम संबंधित जिले के उपायुक्त के साथ बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर चर्चा करेगी। 11 नवंबर को पुनः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नामकुम में बैठक की जाएगी। सीआरएम टीम की वार्षिक समीक्षा आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक है।

## रेलवे स्टेशन के वैकल्पिक मार्ग के शीघ्र निर्माण को लेकर कांग्रेस नेता ने अफसरों संग किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने रांची रेलवे स्टेशन पर बन रहे निर्माणाधीन वैकल्पिक मार्ग पर हो रही देरी से दक्षिण रेलवे कालोनी के आसपास अमरावती कॉलोनी, न्यू अमरावती, कृष्णापुरी, द्वारिकापुरी, रामनगर में हजारों लोगों को हो रही कठिनाई के मद्देनजर दक्षिण पूर्व रेलवे, पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं कांट्रैक्टर प्रतिनिधियों के संग साझा बैठक और स्थल निरीक्षण किया।

कांग्रेस नेता ने रांची रेलवे स्टेशन के वैकल्पिक मार्ग का काम अचानक रूक जाने से आमलोगों को हो रही कठिनाई की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि वर्तमान समय में इस रोड पर चलना दूभर हो गया है। रोड खराब होने की स्थिति में आम लोगों को पैदल चलना अथवा



गाड़ी के परिचालन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हमेशा यहां सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। उन्होंने अधिकारियों से काम जल्द से जल्द पूरा करने का अनुरोध किया।

इस क्रम में कांग्रेस नेता शशिभूषण राय ने रेलवे कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट की चरमराई व्यवस्था के तरफ भी अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने कहा कि अधिकांश स्ट्रीट लाइट या तो खराब है या मंद रोशनी दे रहे हैं। जिस कारण शाम होते ही रेलवे कॉलोनी तथा आसपास के लोगों को इससे परेशानी हो रही है। ऐसी स्थिति में असामाजिक तत्व इसका भरपूर लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि यथा शीघ्र स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के साथ-साथ, उच्चतम तकनीक की नई स्ट्रीट लाइट लगाने की व्यवस्था करें। रेल अधिकारियों ने मांगों पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए यथा शीघ्र समाधान का भरोसा दिया।

बैठक में कांग्रेस नेता शशि भूषण राय के साथ डिविजनल रेलवे इंजीनियर (दक्षिण), ऐ.इ.एन वर्क इंस्पेक्टर, सहायक अभियंता (पथ निर्माण विभाग), राहुल सिंह कांट्रैक्टर प्रतिनिधि, प्रशांत गौरव, उज्जवल मिश्रा, पवन महली, अमित सिंह, गुंजन आदि थे।

### डब्ल्यूएचओ के सद्भावना राजदूत पहुंचे रांची, कुष्ठ उन्मूलन के लिए 40 वर्षों से कर रहे काम

# कुष्ठ अनुवांशिक नहीं, बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी : योहेई

**समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए 2018 में मिला गांधी शांति पुरुस्कार**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डब्ल्यूएचओ के सद्भावना राजदूत योहेई सासाकावा शनिवार को रांची पहुंचे। राजधानी रांची में उन्होंने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कुष्ठ रोगियों के लिए चलाई जा रही योजना और इसके नियंत्रण को लेकर जानकारी दी। योहेई ने कहा कि कुष्ठ अनुवांशिक बीमारी नहीं है। यह बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है। कुष्ठ के मरीजों से भेदभाव नहीं होनी चाहिए। मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) से बीमारी का इलाज संभव है।

बताते चलें कि 1965 में योहेई शाशाकावा अपने पिता के साथ दक्षिण कोरिया के एक कुष्ठ उपचार केंद्र में गए। वहां कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों द्वारा सामना किये जाने वाले भेदभाव को देखकर कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। पिछले 40 सालों से विश्व भर में कुष्ठ उन्मूलन के लिए वे काम कर रहे हैं। उनकी इस सेवा भावना को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने उन्हें सद्भावना राजदूत घोषित किया है। पिछले 3 साल से कोरोना महामारी की वजह से उनका अभियान धीमा हो गया था। महामारी का दौर खत्म हुआ तो वे भारत पहुंचे।

**प्रारंभिक लक्षण दिखने पर कराएं इलाज : डॉ कृष्ण कुमार**

निदेशक प्रमुख स्वास्थ सेवा डॉ कृष्ण कुमार ने कहा कि कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं है। प्रारंभिक लक्षण दिखने पर अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। इस बीमारी का इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि सरकारी केंद्र पर निशुल्क दवा दी जाती है। दवा के सेवन से मरीज स्वास्थ हो जाते हैं। कुष्ठ के मरीजों से भेदभाव नहीं होनी चाहिए।

**5 एकड़ में बन रहा कुष्ठ रोगियों के लिए कॉलोनी**

वहीं कुष्ठ रोगियों के लिए काम करने वाले जमशेदपुर निवासी मोहम्मद जैनुद्दीन ने कहा कि रांची के आनी टोला में 5 एकड़ में कुष्ठ रोगियों के लिए तीन कॉलोनी बनाई जा रही है। यहां 256 परिवारों को घर दिया जाएगा। इसी के साथ कुष्ठ रोग से ग्रसित 1824 परिवार को आवास दिलाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले सद्भावना राजदूत

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची के स्टेट हैंगर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कुष्ठ रोग के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सद्भावना राजदूत योहेई शाशकावा ने शिष्टाचार मुलाकात की। शाशकावा ने झारखंड में कुष्ठ रोग के नियंत्रण और कुष्ठ रोगियों के लिए आवासीय कॉलोनी बनाने के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की

उन्होंने कुष्ठ रोग के नियंत्रण और कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के इलाज और सहायता के लिए विश्व स्वास्थ्य



संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

**कुष्ठ से प्रभावित लोगों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कुष्ठ रोग के उन्मूलन और जन चेतना विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने इस दिशा में आगे भी पूरा सहयोग करके का भरोसा दिया। श्री शाशकावा ने कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के लिए आवास, रोजगार, पेंशन और शिक्षा की दिशा में पहल करने का आग्रह किया, ताकि उन्हें मुख्यधारा में ला सकें। मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, डॉ कृष्ण कुमार, रंजीत कुमार पाठक, अभिषेक पॉल और मनोज कुमार, अपाल संगठन से माया, शाशकावा फाउंडेशन के विवेक मौजूद थे।

## प्रो तपन शाण्डिल्य अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका के संरक्षक मंडल में नामित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति कक्ष में इण्डियन जर्नल आफ सोशल कन्सनर्स के 48 वें अंक का विमोचन कुलपति डा तपन कुमार शाण्डिल्य ने किया। इस अवसर पर डा जेबी पाण्डेय, डा अनिल ठाकुर समेत शिक्षक मौजूद थे। यह अंतरराष्ट्रीय पीयर रिभ्यूड रेफर्ड जरनल है। यह कला, मानविकी, समाज विज्ञान, जन संचार, विधि, वाणिज्य विज्ञान, वैचारिकी की अंतरराष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका है। इसके प्रधान संपादक डा हरिशरण वर्मा और संपादक डा राज नारायण शुक्ल, अतिथि संपादक डा प्रदीप कुमार शर्मा और प्रबंध संपादक डा संगीता वर्मा हैं। प्रो डॉ. जेबी पाण्डेय, इसके परामर्शक मंडल में है। अर्थशास्त्र के निष्णांत विद्वान और डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डा तपन कुमार शाण्डिल्य को उनकी विद्वत्ता और कार्यदक्षता को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस पत्रिका के संरक्षक मंडल में नामित किया गया है। इस अवसर पर पूरे विश्वविद्यालय परिवार ने कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को बधाई दी।

# कांके प्रखंड के अरसंडे, बोड़ेया और डाड़टोला पंचायत में डोर टू डोर जागरुकता कार्यक्रम

## पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम के तहत डालसा का अभियान

डालसा के पीएलवी ने लिगल लिट्रेसी क्लास का भी हुआ आयोजन किया

झालसा का प्रोजेक्ट सहयोग व वात्सल्य पर की गयी फोकस।



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 31 अक्टूबर से 13 नवम्बर, 2022 तक रांची जिला के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में होना सुनिश्चित हुआ है।

इसी कड़ी में शनिवार को कांके प्रखंड के अरसंडे, बोड़ेया एवं डाड़टोला पंचायत में डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसके साथ ही कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बच्चों के बीच लिगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन कर छात्रों को दी गयी विधि की जानकारी। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं झालसा एवं नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में पीएलवी जमील अख्तर, बबिता देवी, शारदा देवी, भारती शाहदेव, मालती देवी, फुलेश्वरी देवी एवं राजा उपस्थित थे।

डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। पीएलवी मालती देवी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये हुए लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। भारती शाहदेव ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जमील अख्तर एवं बबिता देवी ने उपस्थित लोगों को पीड़ित मुआवजा तथा लोक अदालत के बारे में बताया।

बुढ़मू प्रखंड के चकमे में पीएलवी सीमा देवी, तनवीर अंसारी, ओरमांझी प्रखंड के चकला पंचायत में पीएलवी किरण कुमारी एवं शिला तिग्गा के द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जागरूकता कर लोगों को जानकारी दी। डालसा रांची के सचिव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 12 नवम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में लोगों को जागरूक किया गया, ताकि लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को सुलझाया जा सके। अंत में पीएलवी के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

# पशुधन के उपयोग से कृषि कार्य में किसानों को दोहरा लाभ संभव : पशुपालन निदेशक

## बीएयू में पशुधन प्रसार नवाचारों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पशुपालन निदेशक डॉ शशि प्रकाश झा ने कहा कि बेहतर आजीविका के लिए किसानों को खेती और पशुपालन दोनों उद्यमों को अपनाना बेहद लाभकारी रहा है। आधुनिक खेती में किसान पशुपालन से विमुख हो रहे हैं। खेतों को बंजर और विषैला बनने से बचाव के लिए प्राकृतिक खेती जरूरी है। वह बीएयू में चल रहे पशुधन प्रसार नवाचारों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में बतौर मुख?य अतिथि बोल रहे थे। डॉ झा ने कहा कि पशुधन के उपयोग से किसान कृषि कार्य में दोहरा लाभ हासिल कर सकते है। किसानों ने समर्पण की भावना और अपनी क्षमता से चंद वर्षो में ही आमदनी दस गुणी तक बढ़ाई है। वेटनरी छात्रों और किसानों में समर्पण की भावना और क्षमता विकास को बढ़ावा देकर किसानों के आय में बढ़ोतरी को गतिशील बनाया जाना संभव है।

बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा विकसित एवं अनुशंसित तकनीकी का किसानों द्वारा अंगीकरण में शिथिलता किसानों की आय बढ़ोतरी में मुख्य बाधा है। किसानों में पशुधन के देशी नस्ल के प्रति विशेष आकर्षण होता है। वैज्ञानिकों को स्थानीय किसानों के मांग पर आधारित लाभकारी नस्ल का चयन कर लगातार देशी उन्नत नस्ल/तकनीकी को विकसित करने और इसे बढ़ावा देने की जरूरत है, ताकि किसान देशी उन्नत नस्ल/तकनीकी को आसानी से अपनाकर अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकें। मौके पर कुलपति एवं पशुपालन निदेशक ने राष्ट्रीय सम्मलेन में प्रस्तुत ओरल, पोस्टर एवं लीड पेपर में से बेस्ट ओरल पेपर, बेस्ट पोस्टर पेपर एवं बेस्ट लीड पेपर अवार्ड से वेटनरी एक्सटेंशन प्रोफेशनल को सम्मानित किया गया।

भारतीय पशु चिकित्सा प्रसार फोरम (आईवीईएफ) के अध्यक्ष डॉ एनके सुदीप कुमार ने बताया कि सम्मेलन में देश के 12 राज्यों के 150 वेटनरी एक्सटेंशन प्रोफेशनल ने भाग लिया। कुल 152 ओरल, पोस्टर एवं लीड पेपर प्राप्त हुए। वैज्ञानिकों का मुख्य उद्देश्य किसानों का लाभकारी तकनीकी एवं परामर्श से कल्याण में निहित है। सम्मलेन के अनुशंषित विषयों का वेटनरी एक्सटेंशन प्रोफेशनल अनुसरण करें। आधुनिक एवं अभिनव तकनीकों का किसानों तक विस्तारीकरण में कृत संकल्पित रहें, जिससे राज्य एवं केंद्र सरकार के किसानों की दोगुनी करने के सपनों को पूरा किया जा सके। मौके पर विशिष्ट अतिथि रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल राजेश कुमार और भारतीय पशु चिकित्सा प्रसार फोरम (आईवीईएफ) के पूर्व डॉ एसडीएन राव ने भी अपने विचारों को रखा। स्वागत भाषण में डीन वेटनरी डॉ सुशील प्रसाद ने सम्मलेन में सहयोग के लिए भारतीय पशु चिकित्सा प्रसार फोरम, नाबार्ड एवं नाहेप परियोजना का आभार जताया।

## इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने महिला को दी सिलाई मशीन

**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट 325 एवं इनरव्हील क्लब ऑफ क्षितिज रांची की ओर से जरूरतमंदों को हमेशा मदद की जाती है। इसी क्रम में गुरुवार को भी एक जरूरतमंद को सिलाई मशीन देकर मदद की गयी। स्वर्ण रेखा की अध्यक्षा नम्रता कुमार एवं सचिव संध्या प्रकाश एवं क्षितिज की अध्यक्ष कविता तिवारी एवं सचिव पिंकी पॉल के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रीता झा द्वारा एक निर्धन महिला को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में आईपीपी नीता नारायण, उपाध्यक्ष माला श्रीवास्तव , दीपा चौहान , सोमा भादुड़ी , नीता शेखर , अर्चना त्रिवेदी , देबजानी सन्यास , ज्योति तिवारी , संगीता सिन्हा , रिंकू बनर्जी , सुप्रिता लाल, सुष्मा सिन्हा, नूपुर शशांक एवं रिया ने भाग लिया।

## रांची रेल मंडल की परमानेंट निगोसिएशन मैकेनिज्म की बैठक



**रांची।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में मंडल के पदाधिकारियों एवं रेलवे द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के साथ बैठक हुई। दो दिवसीय परमानेंट निगोसिएशन मैकेनिज्म (पीएनएम) बैठक मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता की उपस्थिति में अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार की अध्यक्षता और मंडल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर के निगरानी में हुआ। बैठक में संगठन के माध्यम से कर्मचारियों एवं कार्य में आने वाली वर्तमान समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही उनसे सुझाव भी लिए गए। विभाग के कुल 50 समस्याओं पर चर्चा की गयी। इस दौरान कई बड़ी समस्याओं का समाधान किया गया। मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता ने मान्यता प्राप्त संगठन के साथ मजबूत औद्योगिक संबंध स्थापित करने और रेल कर्मियों के उचित समस्याओं की निदान के लिए सभी विभाग को सुझाव दिए।

## शारदा ग्लोबल स्कूल की छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया



**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल की छात्रा प्रियांशी ने 'सक्षम' राष्ट्रीय चित्रांकन प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर पर 15000 का पुरस्कार प्राप्त किया है। प्रियांशी वर्ग नवम की छात्रा है। उसने क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी विषय पर अपनी चित्रकला का प्रदर्शन किया राज्य स्तर पर उसका चयन निबंध लेखन तथा चित्रांकन दोनों प्रतियोगिताओं में हुआ था। जिसके अंतर्गत उसे 4000 का पुरस्कार प्राप्त किया था। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक रंजना स्वरूप एवं विद्यालय की प्राचार्य जसमीत कौर विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षक गणों ने प्रियांशी की को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 7 को होगा मिथिला का लोकपर्व सामा चकेवा

**रांची।** झारखंड मैथिली मंच के तत्वावधान में दिनांक 07/11/2022 दिन सोमवार को हरमू स्थित विद्यापति दलान पर मिथिला का लोकपर्व सामा चकेवा धूम-धाम से मनाने का कार्यक्रम तय हुआ है। जिसमें राँची के कोने-कोने से महिलाएं अपने अपने घरों से सुसज्जित डाला के साथ संध्या 5(पांच) बजे दालान पर पहुँच कर प्रतियोगिता में भाग लेंगी एवं उनके द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की जाएगी। समस्त कार्यक्रम झारखंड मैथिली मंच महिला प्रकोष्ठ के देखरेख में संपन्न होगा।

# स्पीकर से मिला भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ का प्रतिनिधिमंडल

धनबाद में प्रस्तावित राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने का दिया निमंत्रण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की झारखंड (जेजेए) इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को बीएसपीएस के राष्ट्रीय महासचिव सैयद शाहनवाजुल हसन के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो से मिला। प्रतिनिधिमंडल की ओर से झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो को धनबाद में प्रस्तावित बीएसपीएस के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

श्री हसन ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि सम्मेलन में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु देश के ख्यातिप्राप्त पत्रकारों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी दिया जाएगा। इसके लिए पांच सदस्यीय चयन समिति का गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस समिति के एक सदस्य के रूप में विधानसभा अध्यक्ष को नामित करने का प्रस्ताव बीएसपीएस की ओर से दिया गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

पांच सदस्यीय समिति में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व निर्वाचन आयुक्त, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य एवं प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष शामिल हैं।


ज्ञात हो कि बीएसपीएस का दो दिवसीय तृतीय राष्ट्रीय सम्मेलन झारखंड के कोयलांचल धनबाद में प्रस्तावित है। राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग पांच सौ पत्रकारों का महाजुटान होगा। जिसमें पत्रकारों के ज्वलंत मुद्दों सहित वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पत्रकारिता की चुनौतियां विषय पर भी गहन विचार विमर्श किया जायेगा।

विधानसभा अध्यक्ष को बीएसपीएस की झारखंड इकाई द्वारा जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय सम्मेलन में पत्रकारों को दिए जाने वाले लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए देश भर के 35 वरिष्ठ पत्रकारों का नॉमिनेशन प्राप्त हुआ है। जिनमें पांच पत्रकारों का चयन किया जाना है।

## बैंक ऑफ इंडिया का जागरूकता पुस्तिका का हुआ विमोचन

**राँची।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निदेर्शानुसार और बैंक ऑफ इंडिया प्रधान कार्यालय तथा सतर्कता इकाई झ झारखंड के मार्गदर्शन में दिनांक 31 अक्तूबर से 6 नवंबर 2022 तक राँची अंचल में बड़े धूमधाम से सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान सतर्कता के प्रति जागरूकता को लेकर प्रतिदिन राँची अंचल द्वारा अपने विभिन्न शाखाओं के माध्यम से स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन, जागरूकता रैली, ग्राम सभा इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आज दिनांक 5 नवंबर 2022 को सतर्कता इकाई-झारखंड के सहायक महाप्रबंधक श्री ओमप्रकाश चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में, आंचलिक प्रबंधक श्री संजय कुमार खेमका की अध्यक्षता में और उप आंचलिक प्रबंधक श्री नरेंद्र कुमार दास के सक्रिय सहयोग से पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस बार के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम ₹भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत₹ विषय पर संगोष्ठी (सेमिनार) का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सतर्कता इकाई-झारखंड के सहायक महाप्रबंधक श्री ओमप्रकाश चौधरी ने अपना वक्तव्य रखा और सार्थक चर्चा हुई। इस खास अवसर पर डॉ नीरज कुमार चतुर्वेदी, मुख्य प्रबंधक, औद्योगिकी संबंध विभाग द्वारा संपादित जागरुकता पुस्तिका के 7वें अंक का विमोचन मुख्य अतिथि, आंचलिक प्रबंधक और सतर्कता इकाई-झारखंड के सदस्यों द्वारा किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं और सफल आयोजन हेतु सक्रिय प्रयास के लिए स्टाफ सदस्यों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन के नोडल अधिकारी और मुख्य प्रबंधक डॉ. नीरज कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# एक्सआईएसएस पीएम व आईआर के एल्युमिनी स्टूडेंट्स ने मनाया पुनर्मिलन समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस)ने रांची के मानव संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम ने संस्थान में शनिवार को पीएम और आईआर के 1985-87 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों पुनर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएम व आईआर के स्टूडेंट्स ने अपने 35 वर्षों के अनुभव, उपलब्धि, और गौरवशाली यात्रा लोगों के साथ साझा की। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया जो वर्तमान में कई बड़े संगठनों में मानव संसाधन विभाग के प्रमुख हैं। पूर्व छात्रों ने पुरानी यादों को संजोया और युवा छात्रों के साथ अपनी जीवन यात्रा साझा की।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ श्यामल गोम्स, प्रोफेसर और मानव संसाधन प्रबंधन के प्रमुख के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व छात्रों की निष्ठा और मार्गदर्शन सराहनीय है। इन्होंने जो छात्रों के बीच एक एचआर की सबसे प्रमुख खासियत, मानवीय स्पर्शऔर व्यक्तिगत विकास की बातें बतायी।

एक्सआईएसएस के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, एक्सआईएसएस के डीन एकेडमिक्स डॉ अमर ई. तिग्गा, एक्सआईएसएस, संस्थान के 18 सम्मानित पूर्व छात्रों, फैकल्टी और एचआरएम कार्यक्रम के छात्रों ने भी भाग लिया।

श्री उत्तम लाल, सीजीएम एचआर-सीएसआर एनटीपीसी लिमिटेड ने अपने संबोधन में कहा कि एक एचआर को विवरण और मानवीय भावनाओं पर ध्यान देना चाहिए, परिवर्तन लाने के लिए निरंतर वास्तविकता पर सवाल उठाते रहना चाहिए।

सिम्पलीएचआर सॉल्यूशंस एलएलपी के मैनेजिंग पार्टनर रजनीश सिंह ने कहा, खुशी उन्हें मिलती है जो करियर बनाने का विकल्प चुनते हैं। एचआर एक ऐसा पेशा है जहां व्यक्ति को निस्वार्थ होने व दूसरों को प्रेरित करना चाहिए।

श्री मुसर्रत हुसैन, हेड लीडरशिप एंड फंक्शनल स्कूल, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने जमीनी और सच्चे होने के गुण के बारे में बताया। कहा कि सत्य की जीत होगी। हमेशा सच के साथ खड़े रहें क्योंकि यह आपके दृष्टिकोण को परिभाषित करता है।

कार्यक्रम के तहत संस्थान के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सामूहिक नृत्य व गायन की प्रस्तुति से सबका मनोरंजन किया। मौके पर मानव संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम फैकल्टी द्वारा पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान करने तथा डॉ शारदा सिंह के धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## खबर एक नजर में

### बीएयू में एफपीओ का इनपुट लाइसेंस पर 15 दिवसीय ट्रेनिंग कल से

**रांची।** फार्मर्स प्रोडूसर आगेनाईजेशन (एफपीओ) का इनपुट लाइसेंस पर 15 दिवसीय ट्रेनिंग बीएयू में रविवार से शुरू होगा। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के क्षेत्रीय कार्यालय रांची के संयुक्त तत्वावधान में यह हो रहा है। बीएयू के कृषक भवन में आयोजित इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह और विशिष्ट अतिथि नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार बिस्ट होंगे। नाबार्ड के सहयोग से पूरे प्रदेश में करीब 300 फार्मर्स प्रोडूसर आगेनाईजेशन (एफपीओ) कार्यरत है। नाबार्ड से वित्त संपोषित इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में विभिन्न एफपीओ से जुड़े करीब 50 मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) एवं निदेशक मंडल (बीओडी) भाग लेंगे। उद्घाटन समारोह का आयोजन कृषक भवन में प्रातः 11 बजे से होगा। यह जानकारी ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर डॉ बीके झा ने दी।

### झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का सेमिनार आज


**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को रांची प्रेस क्लब (रांची) में एक सेमिनार का आयोजन किया गया है। सेमिनार का विषय है- झारखंड राज्य निर्माण में वैश्य भूमि पुत्रों की भूमिका और उनकी वर्तमान स्थिति। इस सेमिनार का उद्घाटन स्थानीय संजय सेठ करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलन से जुड़े वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित रहेंगे। सेमिनार में झारखंड आंदोलन से जुड़े पूर्व विधायक गौतम सागर राणा, वरिष्ठ पत्रकार विष्णु राजगढ़िया, दिगंबर साह (पाकुड़), शहीद मणींद्रनाथ मंडल की धर्मपत्नी रेखा मंडल (धनबाद) आदि नेताओं, बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने दी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर वैश्य झारखंड आंदोलनकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया जायेगा। इस सेमिनार का संयोजक रांची हाईकोर्ट के अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद, झारखंड आंदोलनकारी हीरानाथ साहु एवं अश्विनी कुमार साहु को बनाया गया है, जबकि व्यवस्था प्रभार इंदुभूषण गुप्ता, कपिल प्रसाद साहु एवं गुड्डू साहा को दिया गया है। सेमिनार में कई प्रस्ताव पारित किये जायेंगे।

### डोरंडा मणिटोला के फिरदौस नगर में दो रोजा उर्स-ए-गौस-ए-आजम शुरू



**रांची।** राजधानी के डोरंडा मणिटोला फिरदौस नगर स्तिथ खानकाह मजहरिया मुनअमिया में सज्जादा नशी पीरे तरीकत हजरत मौलाना सैय्यद शाह अल्लकमा शिबली साहब के जानिब से दो रोजा-उर्स-ए-गौस-ए -आजम की शुरवात शनिवार से हुआ। उर्स की शुरूआत सुबह कुरानखानी से हुई। तदुपरांत दोपहर मे लंगर का एहतेमाम किया गया। वहीं शाम मे बाद नमाजे मगरिब हलक-ए-जिक्र कुल शरीफ,सलातो सलाम व बाद नमाज-ए-एशा मजलिस-ए-सेमा में पटना के कव्वाल हाजी अनीस खां और उनकी टीम ने गौसुल आजम की बारगाह ने नजरान-ए-अकीदत पेश किया। अनीस खां और उनकी टीम ने मैं तो गौस का दीवाना मुझे कोई गम नही.. तथा छाप तिलक सब छीन ली मो से नैना मिलाई के... जैसे सुफियाना कव्वाली गौस-ए-पाक शान मे पेश किया। उर्स में मुल्क के कोने कोने से सैकड़ो अकीदत मंद शामिल हुए। मौके पर हजरत मौलाना सैय्यद शाह अबू राफे तीबरानी, इम्तियाज,डॉक्टर हलीम, अतिऊर रहमान, डॉक्टर नजरूल आदि ने शिरकत किया।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन




**रांची।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों को सरदार वल्लभभाई पटेल के सिद्धांतों के बारे में बताया गया। छात्रों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित ह्यरन फॉर यूनिटीह्य में भी छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को प्रेरित करने के लिए विद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने बच्चों को सरदार वल्लभभाई पटेल के सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनने में मदद मिलेगी क्योंकि वे ही देश के भविष्य हैं।

### प्रभात तारा स्कूल के पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह आयोजित



**रांची।** एचईसी परिसर स्थित प्रभात तारा स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं (वर्ष 1983 बैच) का मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत वर्ष 1983 बैच के सभी पूर्ववर्ती छात्र प्रभात तारा स्कूल परिसर पहुंचे। अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। साथ ही एक दूसरे से अपने अनुभवों को भी साझा किया। मिलन समारोह में संजय कुमार झा, मिथिलेश सिंह, अभिजीत, संजीत कुमार दीपक, उदय शंकर प्रसाद, निभा कुमारी देव, अनीता तिर्की, नीलम पुष्प लता होरो, अलेक्सी टोप्पो, संजीव कुमार गुप्ता, गुलाम रवि रंजन प्रभात झा जयप्रकाश अनिल कुमार सिंह अतिंद्र तिवारी अशोक मेहता अन्य सहपाठी शामिल हुए।

समय संवाद

पुरुष क्रिकेटरों को ज्यादा स्पॉन्सर्स मिलते हैं, जिससे उनकी ब्रांड वैल्यू बढ़ जाती है। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट ने खूब तरक्की की है। उसके खिलाड़ी अब पहचान बनाने लगे हैं। उनकी फैन फोलोइंग बढ़ रही है। मैदान पर दर्शक भी जुटने लगे हैं। ऐसे में जब महिला क्रिकेट स्वीकार्यता बढ़ाने लगेगी तो निश्चित रूप से वह केंद्रीय अनुबंध में पुरुष क्रिकेटरों जितनी राशि हासिल कर सकेगी। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई द्वारा हाल में महिला क्रिकेटरों की सुविधाएं बढ़ाने से उनके प्रदर्शन में आशातीत सुधार आया है।

# पिच पर बराबर की हक पाती हमारी बेटियां



अभय कुमार सिंह



**सचमुच** यह भारतीय महिला क्रिकेटरों के लिये बहुत बड़े तोहफे जैसा है। दरअसल, खेलों में लैंगिक समानता की दिशा में गुरुवार का दिन बड़ा ऐतिहासिक था। दुनिया के सबसे धनी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घोषणा की है कि अब महिला क्रिकेटरों को भी उतनी ही फीस मिलेगी, जितनी अब तक पुरुष क्रिकेटरों को मिलती रही है। इससे पहले बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि आईपीएल की तर्ज पर ही अब महिला इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन किया जायेगा। लगता है राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट टीम द्वारा रजत पदक जीतने तथा पिछले दिनों महिला एशिया कप जीतने के बाद बीसीसीआई ने स्वीकार किया कि भारत की बेटियां अब दुनिया के क्रिकेट में दमखम दिखाने लगी हैं। बीसीसीआई के फैसले के बाद अब महिला क्रिकेटरों को पुरुष क्रिकेटरों के समान ही प्रति टेस्ट मैच 15 लाख रुपये, अंतर्राष्ट्रीय वन डे के लिये छह लाख रुपये और टी-20 के लिये तीन लाख रुपये मिलेंगे। निस्संदेह इस तरह हम महिला क्रिकेट के नये दौर में प्रवेश कर गये हैं। उल्लेखनीय है कि समान वेतन की यह नीति उन्हीं खिलाड़ियों पर लागू होगी, जिनके साथ बीसीसीआई अनुबंध करता है। लेकिन अभी बीसीसीआई के साथ अनुबंधित खिलाड़ियों को मिलने वाली अनुबंधित राशि में पुरुष खिलाड़ियों के मुकाबले काफी अंतर है। जिसके समान होने में अभी काफी वक्त लगने वाला है। इसकी एक वजह यह भी है कि बाजार ने अभी महिला क्रिकेटर पर कम ही पैसा लगाया है। उम्मीद है कि महिला क्रिकेट जब कमाऊ हो जायेगा तो केंद्रीय अनुबंध में भी इजाफा होगा।

दरअसल, दिक्कत यह है कि पुरुष क्रिकेट के मुकाबले अभी महिला क्रिकेट के अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले कम ही होते हैं। पुरुष क्रिकेटरों को ज्यादा स्पॉन्सर्स मिलते हैं, जिससे उनकी ब्रांड वैल्यू बढ़ जाती है। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट ने खूब तरक्की की है। उसके खिलाड़ी अब पहचान बनाने लगे हैं। उनकी फैन फोलोइंग बढ़ रही है। मैदान पर दर्शक भी जुटने लगे हैं। ऐसे में जब महिला क्रिकेट स्वीकार्यता बढ़ाने लगेगी तो निश्चित रूप से वह केंद्रीय अनुबंध में पुरुष क्रिकेटरों जितनी राशि हासिल कर सकेगी। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई द्वारा हाल में महिला क्रिकेटरों की सुविधाएं बढ़ाने से उनके प्रदर्शन में आशातीत सुधार आया है। अब जरूरत इस बात की है कि महिला क्रिकेट प्रशंसकों व दर्शकों की संख्या में इजाफा हो। साथ ही बीसीसीआई को महिला क्रिकेट के प्रचार-प्रसार के लिये आक्रामक मार्केटिंग करनी होगी।

निस्संदेह, बीसीसीआई की पहल के बाद महिला क्रिकेट का आकर्षण बढ़ेगा और नई लड़कियां बड़ी संख्या में क्रिकेट खेलने मैदान में उतरेंगी। देश में नई खेल संस्कृति का विकास होगा। इतना ही नहीं, अब देश में शेष खेलों में लैंगिक समानता की दिशा में पहल होगी। खिलाड़ियों को सम्मानजनक पारिश्रमिक मिलेगा तो देश में सुनहरे तमगे जीतने वाले खिलाड़ियों की नई पौध तैयार होगी। इस दिशा में सरकार और आम लोगों को भी सार्थक पहल करने की जरूरत है। महिला क्रिकेटरों की भी इस समतामूलक घोषणा से जिम्मेदारी बढ़ गई

(लेखक खबर मन्त्र हजारीबाग के ब्यूरो चीफ एवं खेल संबधित विषयों के विशेषज्ञ हैं।)

# भक्ति से ज्ञान दृष्टि मिलती है

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस



**भक्ति** ज्ञान दृष्टि देता है। अहंकार ज्ञान को ढंक देता है। भगवान राम से वशिष्ट ने हाथ जोड़कर वरदान मांगा कि प्रेम कभी घटे नहीं ऐसा वरदान दें। राम जब वन में गये तो वहां कई ऋषियों-मुनियों ने उनका संवाद हुआ। राम की भक्ति और ज्ञान की स्थिति से ऋषियों-मुनियों को लगा कि उनका जप-तप इस दशरथ नंदन राम के आगे नहीं टिकता है। राम अहंकार रहित थे। मनुष्य भक्ति के माध्यम से ज्यादा पा सकता है। तुलसीदास ने सदैव भक्ति की महिमा का बखान किया है। जो भी जप-तप से प्राप्त बल है उससे अधिक टिकाउ भक्ति के माध्यम से प्राप्त ज्ञान दृष्टि है। जो परम आत्मा है वही परमात्मा है। मजनू से जब कहा गया कि वह खुदा की इबादत करें तो उसने कहा कि खुदा अगर लैला के रूप में आ जाये तो उसकी इबादत कर सकता है। प्रेम बड़ा है या ईश्वर? निश्चित प्रेम बड़ा है। प्रेम ही परम बना देता है, परमात्मा बना देता है। नारद, विश्वमित्र, उद्धव, परशुराम ने जो सिद्धि प्राप्त की वह जप-तप से प्राप्त की गयी थी। इसलिए इसमें भटकाव भी था और क्रोध शेष भी। लेकिन जो कृष्ण ने प्रेम के माध्यम से प्राप्त किया वह आज भी राधा-श्याम के रूप में उपस्थित है। राधा-राधा बोलो चले आयेंगे बिहारी। यह पंक्ति भक्ति मार्ग की उंचाई को बताता है। काल, कर्म,स्वभाव और गुण का घेरा लेकर जीव संसार में घूमता है। काल समय है, कर्म क्या करेगा यह कुदरत से तय होता है। स्वभाव सभी का अलग-अलग होता है। गुण से भी प्रभावित होता है। गिद्धराज का खान-पान से लेकर गुण स्वभाव, कर्म सब कुछ अलग था लेकिन प्रेम राम में था। अंतर सिर्फ ज्ञान और अज्ञान का है। खुदा ने जीने का मौका दिया। दूसरे को मत देखो। शाकिर बनेगा कि काफिर यह आपके उपर निर्भर करता है। उपनिषद में वर्णित है प्रेम ही ईश्वर है। महात्मा बुद्ध की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जब कनिष्क का शासन था जब भारत की राजधानी पेशावर थी। बुद्ध करुणा और दया के प्रतिक थे। बौद्ध राज्य धर्म था और इसका असर सूफियों पर भी पड़ा। आज बुद्ध की मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है जो गलत है। सीरिया, अफगानिस्तान और ईरान के आस-पास इनका प्रचार-प्रसार था। आज यह पूरा क्षेत्र हिंसा के प्रभाव में है। आश्रम में स्वामी जी के सत्संग में शामिल होने जमशेदपुर, बोकारो, पाकुड़, गया, बक्सर सहित कई स्थानों से भक्त आये हुए हैं। इस अवसर पर अजय कुमार ने परमहंस दयाल भक्ति गीत और भजन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मन समर्पित नहीं तो पूजा पाठ भजन आश्रम दरबार का कोई मतलब नहीं है। आश्रम, कुटी सब मन लगाने का जरिया है। अगर पूजा में मन ही नहीं लगा तो पूजा व्यर्थ है। मन लगाने के लिए संग किया जाता है। स्वामी जी ने सत्संग के क्रम में कहा कि जब तक मन तैयार नहीं होगा, मन समर्पित नहीं होगा तो किसी भी आश्रम या दरबार के निर्माण का कोई अर्थ नहीं है। किसी भी कार्य का होना कल्पना से निर्धारित होता है। सबसे पहले कार्य कल्पना के माध्यम से मनुष्य के मन में आकार लेता है। उन्होंने कहा कि भक्त जहां होंगे वहीं कुटी बनती है। वगैर भक्त के कुटी का कोई मतलब नहीं है। पूर्व जीवन और इस जीवन की कल्पना से ही अगला जन्म तय होता है। किसी आम के फल का मीठापन इसे कितना जल से सींचा गया उस पर निर्भर करता है। लेकिन सिर्फ इस वर्ष के जल से कितना मीठापन आया और विगत वर्ष के जल का कितना असर है यह बताने की न तो कोई प्रकिया है न ही दुनिया में कोई मशीन इस जांच के लिए बनी है। कोलकाता कुटी के निर्माण के क्रम में गरुदेव स्वामी शिवर्धमानंदजी ने भक्तों की रुचि को समझा और कुटी का निर्माण कराया। जब तक भक्तों का मन कुटी के प्रति नहीं लगा तब तक नहीं बना। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर)**

# गुणों की खान मेथी

स्नेहलता मिश्रा

**मेथी** का नाम सुनते ही कुछ कड़वाहट तो नहीं महसूस होती? शायद होती हो। क्योंकि मेथी के दानों में कड़वाहट तो होती ही है। असल में मेथी के दाने बेशक कड़वे होते हों, लेकिन गुणकारी बहुत होते हैं।

**मेथी के ढेबरे सामग्री :**

मेथी के पत्ते आधा किलो, बाजरे का आटा चार कटोरी, गेहूं का आटा एक कटोरी, थोड़ा सा गुड़, हरा धनिया, हरी मिर्च, पिसा गरम मसाला, तेल, अदरक।

**विधि :** मेथी के पत्तों को धोकर काट लें और उन्हें बाजरे और गेहूं के आटे में मिला दें। इसमें मसाले एवं गुड़ डालें और इस मिश्रण को गूंथ लें। ध्यान रहे कि यह ज्यादा गीला न हो, बल्कि पूड़ियों के लिए गूंथे जाने वाले आटे की तरह हो। कड़ाही में तेल डालकर गैस पर चढ़ा दें। मेथी-आटे से छोटी-छोटी पूड़ी बनाकर इन्हें तल लें। मेथी के ढेबरे तैयार हैं। इन पर बारीक कटी हरा धनिया और अदरक बुरक दें। स्वाद के लिए आप चटनी भी बना सकते हैं। इसे नाश्ते में ले सकते हैं या कभी भी गरमागरम परोस सकते हैं। ढेबरे सुपाच्य होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी अच्छे हैं। **मेथी के गट्टे सामग्री :**

बेसन 2 कप, मेथी बारीक कटी हुई 2 कप, हरी मिर्च का पेस्ट 2 छोटे चम्मच, गरम मसाला 2 छोटे चम्मच, हींग एक चुटकी, तेल मोयन, नमक स्वादानुसार। तेल 50 ग्राम, मीठी नीम 15 पत्ते, हींग एक चुटकी, जीरा एक छोटा चम्मच, हल्दी 1/2 छोटा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर एक छोटा चम्मच, गरम मसाला एक छोटा चम्मच, अमचूर एक छोटा चम्मच नमक इच्छानुसार, सफेद तिल 2 छोटे चम्मच भुने हुए, 2 हरी मिर्च लंबाई में कटी हुई, 2 छोटे चम्मच चाट मसाला, धनिया बारीक कटी हुई। **विधि :** पहले बेसन में मेथी, सभी मसाले एवं तेल डालकर पानी से कड़ा गूंथ लें। लगभग 10 से 15 मिनट तक ढक कर रखें। एक बड़े भगौने में पानी उबालें, उसमें बेसन के मोटे रोल बनाकर डालें। नुकीली सलाई से चेक करें, यदि सलाई आर पार हो जाती है तो गट्टे उबल कर तैयार हैं। ठंडा होने पर काट लें। अब कड़ाही में तेल गर्म करें। दोनों साबुत लाल मिर्च तल कर निकाल लें। अब तेल में जीरा, हींग, मीठी नीम के पत्तों को डालकर भूनें। अब इसमें हल्दी, मिर्च, गट्टे आदि डालकर हल्के हाथ से चलाएं। 3 या 4 मिनट बाद गरम मसाला और अमचूर पाउडर डालें। हल्का भूरा होने पर उतार लें।

# श्री हरि के जागने के बाद मांगलिक कार्य

चेतनादित्य आलोक



**कार्तिक शुक्ल** पक्ष की एकादशी को देवोत्थान एकादशी कहते हैं। इसे विष्णु प्रबोधिनी, देव-प्रबोधिनी, देवोत्थान, देव उथव, देव उठनी, प्रबोधिनी एवं कार्तिक शुक्ल एकादशी भी कहा जाता है। मान्यता है कि देवोत्थान एकादशी के दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में चार माह यानी आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी से कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तक शयन करने के बाद जागते हैं। यह कालावधि हमारी संस्कृति में चातुर्मास के नाम से प्रसिद्ध है। चातुर्मास के बाद भगवान श्रीहरि जब योगनिद्रा से जागते हैं, तब विश्व के संचालन का कार्यभार पुनः संभालते हैं। इसके साथ ही हिंदू संस्कृति में मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाती है, जबकि इससे पूर्व भगवान विष्णु के शयनकाल के चार मास में मुंडन, जनेऊ एवं विवाहादि मांगलिक कार्य नहीं किये जाते। इसीलिए देवोत्थान एकादशी पर भगवान श्रीहरि के जागने के बाद शुभ तथा मांगलिक कार्यों की शुरूआत तुलसी विवाह के आयोजन के साथ ही हो जाती है। इस अवसर पर माता तुलसी और भगवान विष्णु के ह्यशालिग्राम स्वरूप का विवाह संपन्न कराया जाता है।

भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप के संदर्भ में पद्मपुराण में एक लोकप्रिय कथा है। कथा के अनुसार एक बार राजा जालंधर की पत्नी वृंदा के शाप से भगवान विष्णु पत्थर बन गये थे। तत्पश्चात? शाप से मुक्ति पाने हेतु भगवान विष्णु को शालिग्राम स्वरूप में ही तुलसी जी से विवाह करना पड़ा। यही कारण है कि आज भी श्रद्धालु कार्तिक माह की एकादशी तिथि को तुलसी विवाह का आयोजन बड़े ही भक्ति-भाव और अनुराग के साथ धूमधाम से करते हैं। वहीं कई श्रद्धालु इस तुलसी विवाह का आयोजन कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को करते हैं। हिंदू शास्त्रों के अनुसार जिन दंपतियों को जीवन में कन्यादान करने का सुअवसर प्राप्त नहीं होता अर्थात? जिन्हें संतान के रूप में कन्या की प्राप्ति नहीं होने के कारण कन्या का विवाह यानी उसका ह्यदानह्ल करने का सुअवसर नहीं प्राप्त होता है, उन्हें कम-से-कम जीवन में एक बार तुलसी विवाह करके कन्यादान का पुण्य अवश्य प्राप्त करना चाहिए। पद्मपुराण की उक्त कथा के अनुसार वृंदा के शाप से पत्थर में परिवर्तित हो जाने के कारण ही भगवान विष्णु का एक नाम ह्यशालिग्रामह्ल भी पड़ा। भक्त कई अवसरों पर भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप की पूजा-अर्चना करते हैं।

एक पौराणिक कथा के अनुसार एक बार भगवान विष्णु से माता लक्ष्मी ने कहा कि जब वे जागते हैं तो रात-दिन जागरण ही करते हैं और जब सोते हैं तो लाखों-करोड़ों वर्षों तक सोते ही रहते हैं। इसलिए उन्होंने भगवान श्रीहरि को नियम से प्रतिवर्ष सोने की बात कही, ताकि उन्हें भी विश्राम करने का निश्चित समय मिल सके। माता लक्ष्मी की बात सुन भगवान विष्णु मुस्कराये और बोले, ह्यहे देवी! आपने उचित कहा है। मेरे जागने के कारण सभी देवों, विशेष कर आपको बहुत कष्ट झेलना पड़ता है। मेरे कारण आपको बिल्कुल अवकाश नहीं मिलता। अतः अब से मैं

# जातिवाद



त्रिपुरारी पाण्डेय

**जहां** जातिवाद होता है !
वहाँ आपसी प्रेम नहीं होता ,
अपनापन नहीं होता ,
सद्भाव नहीं होता ,
सामाजिक एकत्व नहीं होता !
जहाँ जातिवाद होता है !
वहाँ एक दूसरे को समर्थन नहीं मिलता ,
एक दूसरे की उन्नति ,
एकदूसरे को प्रभावित नहीं करता ,
सामाजिक सौहार्द ना होकर ,
ईर्ष्या ,जलन ,नफरत का बोलबाला है होता !
जहाँ जातिवाद होता है !
वहाँ सामाजिक प्रेम ना होकर ,
जातीय प्रेम है होता !
वहाँ अन्य वर्गों को समान नहीं समझा जाता !
सामाजिक वातावरण कुछ अजीब ही प्रतीत है होता !
जहाँ जातिवाद होता है !
वहाँ भाषा में मधुरता नहीं होता !
हम ही श्रेष्ठ हैं की भावना विद्मान है होता !
परस्पर सहयोग की नहीं ?
खुद आगे बढ़ने की होड़ है होता
!जहाँ जातिवाद होता है !
वहाँ सभी की प्रगति ,
समाज की प्रगति नहीं माना जाता !
वहां जाती विशेष को ही ,
समाज का आधार है माना जाता
!जहां जातिवाद होता है !
वहाँ जाती विशेष को सम्पूर्ण समर्थन ,
जबकि अन्य वर्गों को जमकर दबाया जाता है !
अन्य वर्गों को मानव तक भी नहीं समझा जाता !
जहाँ जातिवाद होता है !
वहाँ जातिविशेष द्वारा ,
जातिविशेष को ही ,
समाज की नींव है समझा जाता !
वहां अन्य वर्गों को तनिक भी ,
समाज का अंग भी नहीं है समझा जाता !

मलयपुर ,जमुई (बिहार )

# क्लीनिकल लैब टेक्नोलॉजी के फील्ड में जॉब

बालकिशन यादव



**मेडिकल** और क्लीनिकल लैब टेक्नोलॉजी के फील्ड में व्यापक श्रेणी में ब्लड बैंक टेक्नोलॉजी आती है। ब्लड बैंक तकनीशियन, आमतौर पर फ्लेबोटोमिस्ट के रूप में प्रशिक्षित किए जाते हैं और यह ब्लड को इकट्ठा करने और लेबलिंग करने का काम करते हैं। ब्लड बैंक तकनीशियन आमतौर पर मेडिकल प्रयोगशालाओं और ब्लड बैंक्स में काम करते हैं। ये डोनर से ब्लड कलेक्ट करके स्टोर भी करते हैं। इसके अलावा ब्लड का टाइप, और कलेक्ट किया ब्लड सुरक्षित है कि नहीं, ब्लड में स्वस्थ अणुओं के स्तर का भी प्रशिक्षण करते हैं। ब्लड बैंक तकनीशियन का कोर्स नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन के तहत आता है और इस कोर्स को करके आप एक अच्छा भविष्य तो बना ही सकते हैं साथ ही प्रधानमंत्री के मिशन कौशल भारत, कुशल भारत में भी साथ दे सकेंगे।

**नेचर ऑफ वर्क**

ब्लड बैंक तकनीशियन की ज्यादातर गतिविधियां कार्यालय आधारित होती हैं। वह ब्लड बैंक्स और प्रयोगशालाओं में ही काम करते हैं। डोनर से ब्लड लेकर उसकी बारीकी से रिसर्च करना, उस ब्लड का टाइप पता करने और खासकर वह ब्लड कितना सुरक्षित है यह देखना, आपातकालीन समय के लिए उस ब्लड को स्टोर करने तक का काम ब्लड तकनीशियन का ही होता है। इसके अलावा हॉस्पिटल्स की लैब में पेशेंट्स के ब्लड की जांच करना और उससे संबंधी जानकारियों को इकठ्ठा करना ही ब्लड बैंक तकनीशियन का काम होता है। इन सभी कार्य के साथ-साथ तकनीशियन ब्लड का रिकॉर्ड भी तैयार करता है। जो व्यक्ति इस फील्ड में अपने करिअर को आगे बढ़ाना चाहते हैं उनमें स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता होनी आवश्यक है और साथ ही उनमे एक अच्छा विश्लेषणात्मक कौशल भी होना चाहिये।

कोर्स, योग्यता एवं अवसर

इच्छुक व्यक्ति का किसी भी संकाय वा किसी भी मान्यताप्राप्त बोर्ड से 12वीं पास होना अनिवार्य है। इन कोर्स के दौरान अभ्यर्थियों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग में खासा ध्यान रखा जाता है, जिसमें उन्हें तरह-तरह के ब्लड सैंपल्स की जांच करना सिखाया जाता है और इसके अलावा ब्लड की हर एक जरूरी तत्व को समझाया जाता है। साथ ही कोर्स के दौरान आपातकालीन स्थिति या किसी भी तरह की आपदा की स्थिति में किस तरह से निपटा जाए और कैसे उस स्थिति में काबू पाया जाए वह भी सिखाया जाता है। इस फील्ड में आप एसएससी के द्वारा भी परीक्षा देकर किसी भी सरकारी पद के लिए आवेदन कर सकते है।

इस कोर्स में डिप्लोमा लेने के बाद हर राज्य में सरकारी व गैर सरकारी विभाग में नौकरी के कई नए अवसर खुल जाएंगे। इसके अलावा अभ्यर्थी प्राइवेट हॉस्पिटल्स या प्राइवेट लैब में भी काम करके खासा पैसा कम सकता है। वर्तमान समय की अगर बात की जाए तो मेडिकल लैब की मार्केट में भरमार है और बड़ी-बड़ी कंपनियां जैसे डॉ पैथ लैब और रैनबैक्सी की तो हर एक शहर में लैब है। इसमें ब्लड बैंक डिपार्टमेंट में ऐसे लोगों की अच्छी डिमांड है। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों के ब्लड बैंक्स में भी नौकरी मिलने की संभावना बनी रहती है। डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करने के बाद आप बतौर तकनीशियन किसी भी ब्लड बैंक में काम कर सकते हैं।

# बच्चों में कॉर्टून की बुरी लत

मोनिका शर्मा

**टेलीविजन** स्क्रीन पर हंसते खिलखिलाते दिखते कार्टून कैरेक्टर्स को बच्चे पसंद तो करते ही हैं, उनके मन पर भी इनका असर कुछ कम नहीं होता। यही वजह है कि ऐसे कार्यक्रमों में दिखने वाले प्यारे-न्यारे चेहरे सिर्फ मनोरंजन करने वाले चरित्र भर नहीं बल्कि मासूमों की सोच और समझ को भी गहराई से प्रभावित करते हैं। तकलीफदेह है कि हमारे यहां कई कार्टून कार्यक्रम बच्चों के मनोविज्ञान के मुताबिक नहीं हैं। इनसे बच्चों का विचार और व्यवहार दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं। कई कार्टून चरित्रों की भाषा से लेकर हावभाव तक, सब कुछ नकारात्मकता परोसने वाले हैं। ऐसे में बच्चे टीवी पर कैसे कार्टून प्रोग्राम देख रहे हैं, इसे लेकर अभिभावक खुद सजग रहें।

**समय तय कीजिए**

कई घरों में बच्चे घंटों कार्टून प्रोग्राम देखते हैं। कोरोना काल में बच्चों का टीवी टाइम और बढ़ा है जिसके चलते छोटे बच्चों का कार्टून कार्यक्रमों को देखने का समय भी बढ़ गया है। बहुत छोटे बच्चे जो अभी तक स्मार्ट गैजेट्स के जाल में नहीं फंसे हैं, वे टीवी स्क्रीन को ताकने में समय बिता रहे हैं। बच्चों में सिरदर्द, कमर दर्द, आंखों का रूखापन, मोटापा जैसी फिजिकल समस्याएं आम हैं। ऐसे ही एकाग्रता में कमी, चिड़चिड़ापन और गुस्से जैसी कुछ व्यवहारगत तकलीफें भी लम्बे समय तक टीवी देखते रहने के चलते बच्चों को घेर रही हैं। स्कूल में एक नियत शेड्यूल में क्लासरूम का माहौल और शारीरिक गतिविधियों का समय तय था। अब बच्चे पूरा दिन घर में बिता रहे हैं। यह उन्हें शारीरिक और मानसिक समस्याओं से बचाएगा।

**भाषा और बिहेवियर परखें**

आमतौर पर बच्चों के साथ इन कार्यक्रमों को देखने के लिए घर के बड़े नहीं बैठते हैं। बच्चे अकेले ही अपनी दिनचर्या का बड़ा हिस्सा कार्टून प्रोग्राम देखने में बिताते हैं। इन कार्यक्रमों में क्या दिखाया जा रहा है? यह अभिभावकों को पता तक नहीं होता। जबकि कई कार्टून हिंसा और अन्धविश्वास के साथ कई चरित्र आक्रामक, अभद्र और अजीबोगरीब भाषा बोलते हैं। यह भाषा शैली मासूमों के दिलो दिमाग पर गहरा प्रभाव डालती है।

कार्टून चरित्रों की तरह बोलने की कोशिश करते हुए कई अपमानजनक और बेहूदा शब्द उनकी बातचीत का हिस्सा बन जाते हैं। उनकी तरह बोलना और व्यवहार करना बच्चों की आदत में शुमार हो जाता है।

एक अध्ययन के अनुसार आज देश में 30 प्रतिशत स्कूली बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को देखभाल की जरूरत है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# इंदिरा गांधी: हिम्मत और कामयाबी की दास्तां

-फिरदौस खान

**लौह महिला** के नाम से मशहूर इंदिरा गांधी न सिर्फ भारतीय राजनीति पर छाई रहीं, बल्कि विश्व राजनीति के क्षितिज पर भी सूरज की तरह चमकीं। उनकी जिन्दगी संघर्ष, चुनौतियों और कामयाबी का एक ऐसा सफरनामा है, जो अदम्य साहस का इतिहास बयां करता है। हर मामले में उन्होंने अपनी सूझबूझ और साहस का परिचय दिया। बैंकों के राष्ट्रीयकरण, प्रीवी पर्स का खात्मा, प्रथम पोखरण परमाणु विस्फोट, प्रथम हरित क्रांति जैसे कार्यों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। गुटनिरपेक्ष आंदोलन की अगुवाई और बांग्लादेश की आजादी भी उनके साहसिक कार्यों में शामिल है।

देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर, 1917 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद शहर में हुआ था। उनका पूरा नाम इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी था। उनके पिता पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री थे और माता कमला नेहरू थीं। उन्होंने शुरूआती तालीम इलाहाबाद के स्कूल में ही ली। इसके बाद उन्होंने गुरु रबींद्रनाथ टैगोर के शांति निकेतन स्थित विश्व भारती विश्वविद्यालय में दाखिला लिया। कहते हैं, रबीन्द्रनाथ टैगोर ने ही उन्हें प्रियदर्शिनी नाम दिया था। इसके बाद वे इंग्लैंड चली गईं और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में बैठीं,लेकिन नाकाम हुईं। इसके बाद उन्होंने ब्रिस्टल के बैडमिंटन स्कूल में कुछ महीने बिताए। फिर साल 1937 में इम्तिहान में कामयाब होने के बाद उन्होंने ऑक्सफोर्ड के सोमरविल कॉलेज में दाखिला ले लिया। उस दौरान उनकी मुलाकात फिरोज गांधी से हुई, जिन्हें वे इलाहाबाद से जानती थीं। फिरोज गांधी उन दिनों लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स में पढ़ रहे थे। उनकी जान-पहचान मुहब्बत में बदल गई और फिर 16 मार्च 1942 को उन्होंने इलाहाबाद के आनंद भवन में फिरोज से विवाह कर लिया। उनके दो बेटे संजय और राजीव हुए। राजीव गांधी बाद में देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री बने।

बचपन से ही इंदिरा गांधी को सियासी माहौल मिला था, जिसका उनके किरदार और उनकी जिन्दगी पर गहरा असर पड़ा। साल 1941 में ऑक्सफोर्ड से स्वदेश वापसी के बाद वे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गईं। उन्होंने युवाओं के लिए वानर सेना बनाई। वानर सेना विरोध प्रदर्शन और झंडा जुलूस निकालने के साथ-साथ कांग्रेस नेताओं की भी खूब मदद करती थी, मसलन संवेदनशील प्रकाशनों और प्रतिबंधित सामग्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने का काम करती थी। आजादी की लड़ाई में इसके काम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 1930 की दहाई के शुरू का वाकिया है, जब इंदिरा गांधी ने पुलिस की निगरानी में रह रहे अपने पिता के घर से एक अहम दस्तावेज को अपनी किताबों के बस्ते में छुपाकर गंतव्य तक पहुंचाया था। इस दहाई के आखिर में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई के दौरान वे लंदन में आजादी के समर्थक दल भारतीय लीग की सदस्य बनीं और विदेश में रहकर भी स्वदेश के लिए काम करती रहीं।

सितम्बर 1942 में उन्हें ब्रिटिश हुकूमत द्वारा गिरफ़्तार कर लिया गया। आखिर तकरीबन 243 दिन जेल में गुजारने के बाद उन्हें 13 मई 1943 को रिहा किया गया। साल 1947 के देश के बंटवारे के दौरान उन्होंने शरणार्थी शिविरों को संगठित किया और पाकिस्तान से आए लाखों शरणार्थियों के लिए भोजन और चिकित्सा का इंतजाम किया। उनके इस कार्य को खूब सराहा गया और इससे उन्हें एक नई पहचान मिली।



स्पीड न्यूज

## ट्रांसफार्मर जलने के कारण 200 घर अंधेरे में

**बड़कागांव।** प्रखंड के सॉंढ़ पंचायत स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुंल नारायण देव के घर के पास 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण 200 घर अंधेरे में है। वार्ड सदस्य अंजू आनंद ने बताया कि 4 नवंबर की रात 8:00 बजे रात्रि ट्रांसफार्मर में आग लगने लगी। ततपश्चात ट्रांसफार्मर एवं विद्युत का तार जल गया।तब से अब तक सारा गांव अंधेरे में है। बिजली नहीं रहने के कारण इलेक्ट्रॉनिक दुकाने, सिंचाई,विद्यार्थी का पठन-पाठन प्रभावित है। मुखिया प्रतिनिधि पूर्व मुखिया भिखन महतो ने कहा कि अधिक लॉर्ड रहने के कारण ट्रांसफार्मर जल गया है। 200 केवी ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है। आनंद राज ने बताया कि इस संबंध में बिजली विभाग को जानकारी दी गई है ।लेकिन अब तक विभाग से कोई अधिकारी व कर्मचारी इसके लिए कोई पहल नहीं किए हैं।

## जल संरक्षण के लिए एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बरही।** बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर ने एसडीओ बरही के नाम लिखित ज्ञापन उपस्थित अनुमंडल कर्मी को सौंपते हुए जल संरक्षण के लिए जरूरी नदी के जिम्मेदार को लेकर अपील किया है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि एनएच 33 सड़क चौड़ीकरण करने के क्रम में बरही से करसो के मध्य में बरही नदी पर पुल का नवनिर्माण किया गया है। पुराने पुल का कुछ अवशेष बचा है, जो नदी को अवरुद्ध कर रखा है। हमें इस बात का ज्ञात तब हुआ, जब छठ पर्व के अवसर पर नदी की साफ-सफाई करते वक्त पुल के नीचे के स्थान में हमें पुराने पुल का मलबा प्राप्त हुआ, जिससे नदी को क्षति पहुँच रही है। उन्होंने निवेदन पूर्वक कहा कि जिस निर्माण कम्पनी के द्वारा पुल निर्माण का कार्य किया गया है, उस कम्पनी को इस बात से अवगत कराते हुए इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराया जाए। बताया कि उक्त मामला पर्यावरण एवं जनहित से जुड़ा हुआ है।

## महाराज जरासंध की 5225 वी जयंती समारोह

**पदमा।** प्रखंड के ग्राम पदमा पंचायत स्थित चंद्रवंशी भवन में अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय समाज पदमा प्रखंड के द्वारा हर्षोल्लास के साथ महाराज जरासंध की 5225 वीं जयंती मनाई गई सर्वप्रथम समाज के अध्यक्ष रंजीत चंद्रवंशी जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता प्रमुख वीणा देवी पंचायत के मुखिया अनिल कुमार मेहता पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी मीना देवी दीप प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात पूजा अर्चना किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने चंद्रवंशी समाज के के उत्थान एवं एकजुटता पर बल दिया समारोह को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज चंद्रवंशी उपाध्यक्ष पंकज कुमार सचिव गौरी शंकर सिंह कोषाध्यक्ष अशोक सिंह संदीप सिंह सुदर्शन सिंह जीबू लाल सिंह उमेश सिंह बंटी सिंह प्रदीप सिंह प्रेमचंद सिंह बासुदेव सिंह सहित सैकड़ों चमन से समाज के लोग शामिल थे।

## खैरा कर्मा गांव में खोला गया विद्यालय

टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र अंतगर्त ग्राम खैरा कर्मा में महिला स्वाभिमान संस्था की ओर से विद्यालय का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि मुम्बई महाराष्ट्र के संस्था अध्यक्ष महबूब आलम कादरी ने फीता काटकर किया। मौके पर संस्था सचिव जहूर अंसारी, झारखंड ब्राच के डायरेक्टर संतोष कुमार सोनी, संस्था कोडीनेटर अजहरुद्दीन खान मौजूद थे। सचिव जहूर अंसारी ने बताया की संस्था की ओर से खोले गए स्कूल में कक्षा नर्सरी से लेकर पांच तक के बच्चों को नि:शुल्क पढ़ाई लिखाई कराया जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमा शंकर, शिक्षिका निशा देवी, अर्जुन कुशवाहा, यशोदा देवी, खुशबू कुमारी, बासुदेव सिंह, सगीर अंसारी, सूरजी देवी, कौशल्या देवी, कालो कुमारी, युगल घटवार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# 31 लाख किसानों को सूखा ग्रस्त के तहत मुआवजा की राशि उपलब्ध करायेगी सरकार: सीएम

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दी कई सौगात

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत छोटे से समय में राज्य की जनता का 31 लाख आवेदन आये जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 लाख आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को रजरप्पा स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ जिले के लिए 255 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे तो यह कार्यक्रम 14 नवंबर तक निर्धारित है। लेकिन इसके बाद भी यह कार्यक्रम चलती रहेगी। पूर्व की सरकार ने पारा शिक्षक, सेविका, सहायिका को लाठी बरसाई थी। वर्तमान सरकार ने उन्हें हक देने का काम किया है। यह सरकार जनता के साथ खड़ी है। विपक्ष पैसों से लोकतंत्र को खरीदना चाहता है, लेकन ऐसा नहीं हो सकता है। कोरोना के समय में भी सरकार ने राज्य में अफरा तफरी नहीं होने दिया। 31 लाख किसानों को चिन्हित कर सूखा ग्रस्त के तहत मुआवजा की राशि उपलब्ध कराएगी। जनता के लिए काम कर रहे हैं तो हमलोगों के पीछे ईडी और सीबीआई लगा दिया गया है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है वहा सरकार गिराने की षडयंत्र चल रही है।

सरकार ने जेपीएससी का रिजल्ट निकाला। बीपीएल परिवार के बच्चे बीडीओ, सीओ बन रहे है। यहां के आदिवासी मूलवासी आगे बढ़े. हमारी सरकार विदेश में पढ़ रहे बच्चे को राशि उपलब्ध करा रही है। गुरुजी कार्ड के तहत छात्रों को सुविधा दिया जायेगा। अलग राज्य की पहचान गुरूजी ने दिलाया। हेमंत सरकार 1932 एवं ओबीसी का आरक्षण देने जा रही है। राज्य के हर जनता की आय की बढ़ोतरी हो रही है। असहाय महिला को भी सरकार मान सम्मान की रक्षा कर रही है। जब तक गांव नहीं मजबूत होगा तब तक शहर नही मजबूत होगा।

देश का पहला राज्य झारखण्ड है जो कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की व्यवस्था किया गया। अंत में मुख्यमंत्री संथाली भाषा की मदद से मौजूद लोगों को धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने लाभुकों के बीच वृद्धों को पेंशन, छात्रों को छात्रवृत्ति के साथ-साथ किसानों में ऋण का भी वितरण करेंगे। साथ ही कई

परिसंपति का भी वितरण किया। वही जिले के अधिकारीयों ने सभी को माँ छिन्नमस्तिके की स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से डीएवी मैदान पहुँचे। जिले के उपायुक्त, एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर सीएम का स्वागत किया। इस दौरान उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल पहुँचे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर सीएम के मुख्य सचिव विनय चौबे, श्री निवासन, रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पियूष पांडे, एसडीओ मो. जावेद, जीएम पीएन यादव सहित जिले के सभी विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।


मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।


फूलों झानों के तहत महिला को चेक सौंपते मुख्यमंत्री, मंत्री एवं विधायक

> **अम्बा:** बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य की बेटियों को आगे बढ़ाने एवं मान सम्मान के लिए आगे है। साथ ही उन्होंने बालू उठाव को लेकर जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने की बात कही।

> **आलम गिर आलम:** पंचायती एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलम गिर आलम ने कहा हेमंत सरकार द्वारा सवा तीन करोड़ जनता के लिए कुछ न कुछ कार्य करते आ रही है। हमारी सरकार जनकल्याण कार्य कर रही है। सरकार किसानों एवं सिंचाई की समस्याओं का निदान कर रही है।

> **ममता देवी:** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि भैरवी जलाशय अंतर्गत ( नहर ) का अधूरे काम को पुन: शुरूआत किया जाय। रामगढ़ गाँधी घाट का सुंदरीकरण किया जाय। रामगढ़ में आदिवासी छात्रावास का निर्माण किया जाय। गोला विद्यालय को मॉडल के रूप में विकसित के अलावा कई मांग की।

> **सत्यानंद भोक्ता:** श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा हेमंत है तो हिम्मत है, ये नारा सरकार ने दी। पारा शिक्षक, सेविका, सहायिका की मांग मुख्यमंत्री ने पूरा किया।

### सीएम ने रूपा रानी तिर्की को मोमेंटो देकर दी शुभकामनाएं



**रजरप्पा।** रजरप्पा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला लॉन बॉल्स टीम को स्वर्ण पदक जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रामगढ़ जिले के खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की को मोमेंटो देकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**कार्यक्रम में हजारीबाग के सांसद नही पहुंचे**

रजरप्पा स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा व मांडू विधायक जेपी भाई पटेल नही पहुंचे। जिला प्रशासन की ओर से इन्हें भी आमंत्रित किया गया था।

### मुख्यमंत्री ने बच्चों का हौसला अफजाई किया

**रजरप्पा।** रजरप्पा स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री वापस लौटने के दौरान डीएवी स्कूल रजरप्पा के बच्चों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का फोटो के साथ तख्ती लिए हुए अभिवादन किया। वही मुख्यमंत्री ने बच्चों का हौसला अफजाई किया।

## सीएसपी संचालक से हुआ चार लाख पचप्पन हजार रुपये की लूट

### अज्ञात लुटेरों ने दिया बंदूक की नोक पर घटना को अंजाम

खबर मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। अपराधी बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला एन एच 100 होलंग से 300 मीटर की दूरी पर बेरहो जंगल का है। जहां बाइक सवार बेखौफ अपराधियों ने सीएसपी स्टाफ विकास प्रजापति से बंदुक की जोर पर चार लाख 55 हजार की लूट को अंजाम देकर चलते बने।

घटना के संबंध में पूछे जाने पर बताया गया कि सीएसपी धरमपुर का स्टाप विकास प्रजापति पिता सहदेव प्रजापति धरमपुर निवासी टाटीझरिया एसबीआई की शाखा से 4 लाख 55 हजार रुपए निकालकर धरमपुर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने आगे से गाडी में धक्का मारकर बंदूक की नोक पर पैसे से भरा बैग विकास से छिन लिया और वही से फरार हो गए। नगद से भरे बैग में धरमपुर सीएसपी संचालक दाउद अंसारी का 2 लाख 85 हजार रुपए व पासबुक, आधार, पेन कार्ड, टाटीझरिया सीएसपी संचालक मनोज राम का 1 लाख 50 हजार व पाँच एटीएम, सीएसपी संचालक कोल्हु कमल प्रजापति का 20 हजार रुपए था। इस प्रकार की घटना से क्षेत्र में हडकंप मच गया। सीएसपी संचालक ने टाटीझरिया थाना में आवेदन नहीं लिए जाने पर हजारीबाग कोर्ट से ऑनलाईन आवेदन कर के मामला दर्ज करवाया है।



## आपकी योजना -आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**चरही।** आपकी योजना -आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत इंद्रा पंचायत भवन में शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय,सीओ शशि भूषण सिंह,बीडीओ इंदर कुमार,जिप सदस्य बासुदेव करमाली,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, पूर्व मुखिया दशरथ महतो,डीलर बिंदु देवी,झामुमो जिला सचिव नीलकंठ महतो समेत पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में ग्रामीणों से कहा कि सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने हेतु पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आपकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। विभागीय स्टॉल के माध्यम से आप अपने आवेदन देकर कार्य को करावें। अब तक के शिविर से जनता के लंबित कार्यों को पूरा किया जा रहा है। सबसे अधिक आवेदन सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना दिए गए। जिसे बाल विकास परियोजना के कर्मियों द्वारा जांच कर पूरा किया जा रहा है। विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन,विकलांगता,पीएम आवास योजना के आवेदनों पर जांच कर अग्रसर कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।आवेदन पर जांच के बाद कार्रवाई होगी।उपायुक्त ने महिला समितियों के बीच 91500 का चेक को वितरण किया।साथ ही असहाय लोगों को कंबल दिया गया।उसके बाद भवन परिसर में लगे विभागीय 23 स्टॉलों को भी निरीक्षण कर संतुष्ट हुई। मौके पर बीपीओ प्रणव कुमार,काशीनाथ गुप्ता, जेई अरुण कुमार,कर्मी पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल थे।

## एक नजर में

### भुरकुंडा में युवती के साथ हुई छेडछाड, मामला दर्ज, आरोपी फरार, धर-पकड़ में जुटी पुलिस

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। घटना बीती रात्रि की है। जानकारी के अनुसार घटना के वक्त पीड़िता घर में अकेली थी। इसी बीच मुहल्ले के ही युवक मो. दस्तगीर खान पीड़िता के घर घुसकर नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने लगा। लड़की के शोर मचाने पर आसपास के लोग और उसके पिता व बहन भी पहुंच गये। लोगों की भीड़ देखकर आरोपी वहां से फरार हो गया। मामले को ले पीड़िता के पिता ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इसमें कहा है कि शुक्रवार को मैं और मेरी बेटी बगल में ही छठ पूजा के अवसर पर लक्ष्मी टॉकीज रामनवमी मैदान में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम देखने गये थे। इसी का फायदा उठा मो.दस्तगीर खान मेरे घर में घुसकर बच्ची के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। आरोपी युवक रांची में अपने परिवार के साथ रहकर काम करता है। पुलिस मामले की छानबीन कर आरोपी को पकड़ने में जुटी है। साथ ही पुलिस का कहना है कि आरोपी जहां भी होगा उसे जल्द से जल्द गिफ्तार कर सलाखो के पीछे भेजा जायेगा। नाबालिक बच्ची को हर हाल में न्याय मिलेगा।

### शहर में सांप्रदायिक सदभाव बिगाड़ने की कोशिश

**रामगढ़।** कुछ समय से शहर के साम्प्रदायिक सदभाव को बिगाड़ने की कोशिश हो रही है। शनिवार की सुबह चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर से कुछ दूरी पर गाय का एक कटा सिर मिला। इसको लेकर कहा जा रहा है किसी ने शहर के साम्प्रदायिक सदभाव को बिगाड़ने की नियत से इस घटना को अंजाम दिया है। वहीं, मौके पर पहुंची रामगढ़ थाना पुलिस ने गाय के कटे सिर से पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि यह कोई घटना है या किसी के द्वारा ऐसा किया गया है इस बारे में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### खेल भी बनाता है कैरियर: उपेंद्र शर्मा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** खेलो झारखंड खेलो के तहत शनिवार को सौंदा डी हाई स्कूल में विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुखिया उपेंद्र शर्मा व पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व भाला और गोला फेंककर किया। प्रतियोगिता चार सदन बिरसा सदन, सिद्धो-कान्हू सदन, वीर बुधु सदन एवं फूलो-झानो सदनों के बीच हुआ। विभिन्न सदनों का नेतृत्व हाउसों के मास्टर दिया गया। इस दौरान दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक आदि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी कैरियर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। श्री शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। वहीं पंसस प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है इससे शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए संसाधन उपलब्ध कराया जायेगा।

## 8 को भुरकुंडा गुरूद्वारा में धूमधाम से मनेगा गुरूनानक जयंती



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सिख धर्म के प्रथम गुरू गुरूनानक जयंती के 553वां प्रकाश पर्व को लेकर शनिवार को सिक्ख समुदाय के लोगों ने भुरकुंडा में प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी गुरूद्वारा प्रांगण से शुरू होकर भुरकुंडा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इसमें सिक्ख समुदाय के दर्जनों महिला-पुरूष व बच्चे शामिल होकर गुरू गायन की। मौके पर गुरूद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु ने बताया कि 8 नवंबर को भुरकुंडा गुरूद्वारा में धूमधाम गुरूनानक जयंती मनाई जायेगी। इस दौरान सुखमनी का साहब का पाठ, सबद-कीर्त्तन के साथ दिवान भी सजेगा। इसके भी गुरू के अटूट लंगर का आयोजन होगा। जिसमें सिक्ख समुदाय सहित अन्य समाज के दर्जनों लोग शामिल होंगे।

## नाबालिग छात्रा से छेड़-छाड़ मामले में शिक्षक धनंजय कुमार निलंबित

**खबर मन्त्र असर**

**बीईईओ की अनुशंसा पर डीएसई ने की कार्यवाई, प्रपत्र 'क' गठित करने का भी आदेश**

खबर मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसरातू के प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार यादव को नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ मामले पर शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। बीते माह की आठ तारीख को बीईईओ डोमन मोची ने डीएसई से निलंबन की अनुशंसा की थी। डीएसई को सौंपे रिपोर्ट के बाद अब उक्त शिक्षक पर निलंबन की कार्यवाई करते हुए इस अवधि में उनका मुख्यालय बीईईओ कार्यालय बरकट्ठा बनाया गया है। खबरमंत्र संवाददाता से बात करते हुए बीईईओ डोमन मोची ने कहा कि बार-बार कु-कृत्यों को दुहराना कहीं से अच्छी नहीं कही जा सकती। साथ ही विभागीय नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। ऐसे में उन पर की गई कार्रवाई पर उन्होंने संतोष जाहिर की।

बता दें कि खबरमंत्र ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। उक्त शिक्षक मामले को सलटाने की फिराक में भी थे। हालांकि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्हें निलंबित किया गया।

**निलंबन की चिट्ठी का मजमून:** डीएसई द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि 29 सितंबर को पोषक क्षेत्र की एक बालिका के साथ छेड़खानी करने, विद्यालय के खिड़की दरवाजे व लोहे की सामग्री नियम विरुद्ध कबाड़ में बेचने, प्रतिपूर्ति भत्ता वितरण नही करने, बिना सूचना के विद्यालय से गायब रहने का आरोप प्रथम दृष्टया सही प्रतीत होता है। साथ ही इनका स्पष्टीकरण भी संतोषजनक नहीं है। बता दें कि उक्त शिक्षक पर प्रपत्र 'क' भी गठित किया गया है।

## झुमरा ग्रामीण जलापूर्ति योजना से छह माह से लोगों को नही मिल पा रहा है जल

खबर मंत्र संवाददाता



**दारु।** संयुक्त बिहार के समय वर्ष 1980 -81 में जलापूर्ति के लिए पम्प हाउस निर्माण किया गया था।जहां से लोगों को लगभग दस वर्ष तक जल की आपूर्ति हुई थी बाद में लगभग 25 वर्षों तक जलापूर्ति बंद हो गया था। वर्तमान केंद्र व राज्य सरकार द्वारा आमजन को शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रूपए खर्च कर रही है। इसी निमित प्रखंड में सिवाने नदी पर करोड़ो की लागत से दो वर्ष पूर्व झुमरा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निर्माण किया गया है। जहाँ से बड़ी मुश्किल से एक वर्ष जल की आपूर्ति हुई ।इसमें से गर्मी के दिनों मे नदी में पानी नही रहने के कारण जल आपूर्ति बंद हो गई थी। आज जब नदी में पानी भरपूर होने के बावजूद भी जल होने के बावजूद भी गर्मी से लगातार छह माह से जलापूर्ति बंद है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**सप्लाई का पम्प है खराब:** इस जलापूर्ति योजना में दो पम्प लगा हुआ है । इसमें से एक पम्प पूरी तरह छह माह से अधिक समय से खराब पड़ा हुआ है। इसकी देखभाल करने वाला कोई नही है। सरकार के द्वारा इस जलापूर्ति केंद्र से प्रखण्ड के दो पंचायत जिनगा व रामदेव खरिका पंचायत के जिनगा,महेशरा कोयं, झुमरा रामदेव खरिका ,कवालु, तिलैया व गोपलो गावँ में जल की आपूर्ति की जाती है ।इस जलापूर्ति योजना से जल सप्लाई के लिए दीपक पचरिसा नामक व्यक्ति को संवेदक बनाया गया है ।जिन्हें पांच साल तक देखरेख करना है। छह माह से पम्प खराब होने पर संवेदक के द्वारा मरम्मत नही कराया जा रहा है। इसकी जानकारी पम्प मेन विशेश्वर साव ने दी।

### क्या कहते है ग्रामीण

इस संदर्भ में ग्रामीणों व समाजसेवियों में भाजपा नेता व समाजसेवी अशोक कुशवाहा ने कहा कि जलापूर्ति योजना के तहत हजारों लोग कनेक्शन लिए हुए है ।नल से जल नही मिलने से अब ग्रामीण महिलाओं को कुवाँ व चापानल की ओर जाना पड़ रहा है। जो दुर्भाग्य कि बात है। इससे महिलाओं के समय के साथ साथ स्वास्थ पर बुरा प्रभाव पड़ता है। सरकार को इस ओर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। कुमार धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि समाज व ग्रामीण केवल हर घर नल देखकर ही संतुष्ट हो रहे इससे ग्रामीणों को कोई। लाभ नही मिल पा रहा है। संजय कुशवाहा ने बताया कि यह योजना वर्तमान में हाथी का दांत बन गया है। अगर जल्द से जल्द जलापूर्ति चालू नही किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### जीएम कॉलेज में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण हजारीबाग के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया



**इचाक।** जीएम कॉलेज,इचाक में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण हजारीबाग के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में प्रामर्शी रेहान जमी ने बताया कि एक साल में तंबाकू से लगभग 60 लाख लोग पूरे भारत में मृत्यु होती है ।तंबाकू दो प्रकार के होते है धुवां सहित और धुवां रहित दोनो हमारे शरीर के लिए खतरनाक है। इस कार्यक्रम में विद्याथियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमे प्रथम स्थान पंकज कुमार दास,द्वितीय स्थान अंकित कुमार दास एवं तृतीय स्थान सैफून खातून ने प्राप्त किया जिन्हें मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि सभी व्यक्ति को नशा से बचना चाहिए क्यों की यह शरीर के लिए हानिकारक है जो हमारे शरीर को अंदर ही अंदर दीमक की तरह खोखला कर देता है। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी जो देश के भविष्य है वे आज नशा के चंगुल में फसते जा रहे है। एक बार किसी को नशा का लत लग जाता है तो उसे नशा से मुक्त करना बहुत दुष्कर कार्य है। मंच संचालन शिक्षक रत्नेश कुमार राणा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक प्रसाद,आशीष पांडे,अजय उरांव,अजीत हंसदा,संगम कुमारी,गायत्री शर्मा,विनोद कुमार मेहता, कृष्णा कुमार मेहता,राजकुमार प्रिया कुमारी सुनीता टोप्पो,संजय प्रजापति ने सहयोग किया।

स्पीड न्यूज

## विहिप व बजरंग दल ने किया रक्तदान



**गुमला।** पालकोट प्रखंड स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण बघिमा में हुतात्मा दिवस के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने लगाया रक्तदान शिविर। 30 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में सोनी लकड़ा, मंटू गोप, दीपक कसेरा, अमन कुमार, आशीष प्रसाद, प्रताप केसरी, विकास सिंह, रूपेश कुमार, आदित्य मिश्रा, सत्यनारायण साहू, रूपेश कसेरा, सुजीत गुप्ता, जितेंद्र साहू, प्रशांत शाही, विशेश्वर महतो, पारसनाथ सिंह, शिवपूजन साहू, विकास प्रधान, रितेश गुप्ता, दीपक कंसारी, विकास मिश्रा, राजेश कुमार, राज बड़ाईक, सोनू मिश्रा, सूरज साहू, नितेश साहु, विपिन साहु, संतोष साहु के नाम शामिल है।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चला सर्च अभियान



**गुमला।** एसपी डॉक्टर ऐहतेशाम वकारिव के नेतृत्व में शनिवार को उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों की टोह में सर्च अभियान चलाया गया। कुकरूंजा ,सिविल, बामदा आदि गांवों का एसपी ने इस दौरान दौरा किया। एसपी ने ग्रामीणों की समस्या भी सुनी और समाधान का आश्वासन दिया।

## डुमरी थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के सुवाली गांव में शनिवार को डुमरी पुलिस पब्लिक मीटिंग हुई,जिसमें स्थानीय मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने ग्रामीणों को डायन बिसाही, मानव तस्करी, नासापान, साइबर क्राइम, महिला उत्पीड़न, बाल विवाह आदि विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डायन बिसाही कुछ नहीं होता है लोग बीमार पड़े तो चिकित्सा सेवा ले। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अभाव के कारण लोग ऐसे सामाजिक कुरीतियों से जकड़े हुए हैं और हत्या जैसी घटना को अंजाम दे देते हैं जो कानूनन अपराध है।

## मुखिया ने 182 लोगों का पेंशन पत्र दिया

**घाघरा।** चुंदरी पंचायत सचिवालय में मुखिया विनीता कुमारी ने 182 लोगों का शनिवार को पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस मौके पर मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि वृद्ध, विकलांग, विधवा पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरण किया जा रहा है। इन व्यक्ति का सुविधा को देखते हुए पंचायत सचिवालय व गांव में घूमघूम कर पेंशन पीपीओ का वितरण किया गया।इस मौके पर उपस्थित लोगो मे पूर्व मुखिया आदित्य भगत, उप मुखिया अजीत मनी पाठक, वार्ड सदस्य मन्मथ देवी, अनिल भगत, जग मनिया देवी ,आनंद महली सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें : बीडीओ



डुमरी। अकाशी गांव में शनिवार को आपके द्वार शिविर लगा। बीडीओ एकता वर्मा ने शिविर में सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण। वृद्ध महिला पुरुष के बीच स्वीकृत पेंशन प्रमाण पत्र 33, आवास 100, शेड 45, कूप 37, तालाब 7, राशन कार्ड 35 वितरण किया।

# चार दिवासीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

## गायत्री माता के जयकारों के साथ गुंजायमान हुआ गुमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ गुमला में आयोजित चार दिवसीय नारी सशक्तिकरण 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में 501 महिलाएं व युवतियां शामिल हुई। 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन का उद्देश्य विश्व शांति, नारी उत्थान, कोरोना से छुटकारा व विश्व में भाईचारगी स्थापना करना है। यात्रा से पूर्व शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए टोली के टोली नायक राजकुमार भृगु, सहटोली नायक रामशंकर सिंह, गायक सुनील बंशीधर, तबलावादक प्रसाद दास एवं सहयोगी राजा राम के द्वारा मंत्रोचार के साथ झंडा का पूजन किया गया। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा लगभग बडाइक मुहल्ला स्थित गायत्री शक्तिपीठ गुमला से प्रारंभ हुआ जो कि गायत्री मंदिर से बड़ा दुर्गा मंदिर होते हुए वन तालाब को पहुंचा। जहां वरुण देव का पूजन करते हुए जल उठाव किया गया। तत्पश्चात पटेल चौक, मेन रोड, टावर चौक होते हुए पालकोट रोड पेट्रोल पंप से डीएसपी रोड होते हुए गायत्री मंदिर तक आकर कलश यात्रा संपन्न हुआ। कलश यात्रा में हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा, गायत्री माता के जयकारो के गुंजायमान के साथ कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी। इसके पश्चात आरती हुआ एवं उपस्थित भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संध्या 6 बजे से यज्ञ मंडप का उद्घाटन एवं संगीत व प्रवचन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से के डी एन सिंह, सरस्वती देवी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, ब्रह्मदेव जी, अशोक साह, विजय कुमार साहू, परिवार्जक प्रमोद कुमार साहनी व दिनेश जी, प्रमोद सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, मीडिया प्रभारी सुनील दास, राधा देवी, पूर्णिमा देवी, गीता देवी, हरिहर जयसवाल, तनु कुमारी, चंदन कुमार, सहोदरी देवी, खुशी कुमारी, मधु कुमारी, अर्चना कुमारी, बबीता देवी,ललिता देवी,तनु पांडे, खुशबू कुमारी, नायरा सिंह, संदीप स्वरूप,पल्लव अभिषेक उपस्थित थे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य।

# राज्य में 20 लाख नये लोगों को मिलेगा हरा राशन कार्ड

## योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार पहुंची है आपके द्वार : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा/पेशरार।** पेशरार में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यकम को संबोधित करते हुए राज्य सरकार के योजना-सह-वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग एवं खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि जनता को उनका अधिकार उनके घर ही जाकर दिया जाय। राज्य सरकार राज्य के हर पंचायत में शिविर लगा रही है ताकि जनता को सीधे सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाय। योजनाओं का लाभ देने के ही सरकार आपके द्वार पहुंची है। इन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें। शिविर में ही आपकी समस्याओं का निष्पादन जिले के अधिकारीगण करेंगे।

श्री उरांव ने कहा कि राज्य में पहले जब लोग प्रखण्ड कार्यालयों में राशन कार्ड के लिए आवेदन देते थे तो लाल कार्ड या पीला कार्ड में रिक्तियां नहीं रहने के कारण लोगों का राशन कार्ड नहीं मिल पाता था। इस वजह से कई योग्य परिवार खाद्यान्न से वंचित रह जाते थे। जब वर्तमान सरकार का गठन हुआ तो सरकार ने अपने कोष से ऐसे वंचित परिवारों को राशन उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया। फलस्वरूप हरा राशन कार्ड से ऐसे परिवारों को जोड़े जाने का निर्णय लिया गया। राज्य गठन के बाद इस वित्तीय वर्ष तक 20 लाख नये परिवारों को हरा राशन कार्ड से जोड़ा जा रहा है। फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से अनाज की खरीद करते ही छूटे हुए महीनों का भी राशन की आपूर्ति परिवारों को कर दी जायेगी। लोहरदगा जिला में 44-45 हजार नये परिवारों को हरा राशन कार्ड योजना से जोड़ा जा रहा है।



**नेटवर्क की समस्या होगी दूर :** पेशरार प्रखंड में अभी भी मोबाईल नेटवर्क की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। सरकार ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र को 4जी नेटवर्क से जोड़ने का निर्णय लिया है। जल्द ही पेशरार 4जी नेटवर्क से जुड़ेगा। मंत्री ने कहा कि झारखण्ड में वर्तमान सरकार के गठन के बाद लगातार लोककल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिनके पास पहनने को वस्त्र नहीं थे वैसे भाई-बहनों को सोना-सोबरन, धोती-साड़ी योजना अंतर्गत मात्र 10 रुपए में धोती/लुंगी या साड़ी दिया जा रहा है। जो विधवा हैं, विकलांग हैं, वृद्ध हैं उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपए के रूप में पेंशन दिया जा रहा है। जिनके पास दोपहिया वाहन है उन्हें एक माह में 25 रुपए की दर से 10 लीटर पेट्रोल पेट्रोल सब्सिडी स्कीम के अंतर्गत प्रतिमाह दिया जा रहा है। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत किशारियों की पढ़ाई के लिए सहायता राशि दी रही है। इसमें कक्षा 8 व 9 में 2500 रुपये, कक्षा 10,11 व 12वीं में 5-5 हजार रुपये दी जा रही है। मतदाता सूची में नाम जुड़ने के पश्चात शिक्षा हेतु एकमुश्त 20 हजार रुपये दी जा रही है। पेशरार का क्षेत्र नाशपाती की खेती के लिए उपयुक्त है, अतः यहां के लोग अवश्य इस फल का पौधा लगाएं।

## सरकारी संस्थाओं की साख को धूमिल कर रहा है केंद्र : झामुमो



**लोहरदगा।** झामुमो जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में शनिवार को केंद्र सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लोहरदगा समाहरणालय मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झामुमो, कांग्रेस और राजद के कार्यकर्ता सामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार झारखंड में लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में चल रहे लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। यूपीए गठबंधन के मुख्यमंत्री एवं तमाम विधायकों को बदनाम करने के लिए ईडी और सीबीआई जैसे जांच में उलझा कर जनता का काम करने से रोकने का असफल प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा की जब भाजपा नीत सरकार थी यहां के झारखंडियों के हक अधिकार को छीनने का असफल प्रयास किया गया, जिसमे सरकारी कर्मियों का पेंशन,आदिवासियों का सीएनटी एसपीटी एक्ट को बदलने के साथ साथ महंगाई बेरोजगारी पर कोई भी काम नहीं किया। जिसके कारण झारखंड की जनता उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया चुनावी वादा के अनुसार गठबंधन की सरकार जनहित में जो काम कर रही है तो उनको अस्थिर करने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करते हुए उन्हें का भय दिखाकर जनता के समक्ष बदनाम करने का नाकाम कोशिश कर रही है जिसे जिसे झारखंडी जनता कभी माफ नहीं करेगी।

## एक नजर में

### भंडरा लैंपस के अध्यक्ष बने बिहारी उरांव



**भंडरा ।** प्रखंड में शनिवार को दंडाधिकारी रवि शंकर व निर्वाचन पदाधिकारी सह सेन्हा प्रखंड बीसीओ अमर कुमार तिर्की की निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से भंडरा लैंपस अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। भंडरा लैंपस अध्यक्ष पद के लिए तीन लोगों ने नामांकन कराया था। जिसमें बिहारी उरांव ने अपने दूसरे प्रतिद्वंद्वी सोहराई उरांव को 12 मत से हराकर जीत दर्ज कराया है। जबकि तीसरे उम्मीदवार करमा उरांव को तीन मत प्राप्त हुए। बता दें कि भंडरा लैंपस अध्यक्ष पद के चुनाव में 219 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें बिहारी उरांव को सबसे अधिक 107 मत, सोहराई उरांव को 95 मत तथा करमा उरांव को तीन मत मिले। मौके पर नवनिर्वाचित लैंपस अध्यक्ष को भंडरा के भाजपा, आजसू, जेएमएम कार्यकताओं ने जीत की बधाई दी है। साथ ही समर्थकों ने आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। मौके पर निर्वाचन पदाधिकारी सह बीसीओ अमर कुमार तिर्की, निरंजन कुमार, धीरज कुमार, अंजनी प्रसाद, सुमित कुमार मरांडी, अवर निरीक्षक शर्मा भगत मौजूद थे।

### सेवानिवृत्ति पर सीडीपीओ को दी गई विदाई

**भंडरा ।** बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कुमुदनी कच्छप के सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारियों व सेविकाओं ने उन्हें विदाई दी। शनिवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित विदाई समारोह में प्रवेक्षिका नीलम तिर्की ने कहा परियोजना अधिकारी का कार्यकाल सराहनीय रहा। उन्होंने उनके दीघार्यु की कामना करते हुए कहा ब्लॉक में उनके द्वारा किये गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। अंत में बाल विकास परियोजना अधिकारी कुमुदनी कच्छप ने सेवाकाल में जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों द्वारा मिले सहयोग के लिए आभार जताया। इस मौके पर प्रवेक्षिका नीलम तिर्की,सुखदेव कुमार,सेविका पुष्पा कुमारी,मंजू टोप्पो,सुमित्रा उरांव सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे।

### बैंक ऑफ इंडिया ने चलाया जागरूकता अभियान

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा द्वारा शनिवार को प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों में रिजर्व बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजना, शिकायत पंजीकरण का नियम, लोकपाल बिल, लेन देन की जानकारी, ओटीपी से जुड़ी जानकारी सहित कई बिंदुओं की जानकारी को लेकर आम जनता व खाताधारकों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर सुरेन्द्र सोनी, विजय रविदास, बैंक मित्र मृत्युंजय तिवारी, खाताधारक परमेश्वर उरांव, भोला प्रशाद, सुरेश प्रशाद साहू, मणि पांडेय, नागेंद्र सोनी, बजरंग महतो सहित खाताधारक मौजूद थे।

### शौच के लिए गए युवक का डोभा में डूबा, मौत



**भंडरा।** थाना क्षेत्र के भीठा गांव में शुक्रवार की देर रात शौच करने गए युवक की मौत डोभा में डूबने से हो गई। युवक की पहचान भीठा गांव निवासी संत कुमार मिश्रा के पुत्र प्रभव मिश्रा (22 वर्ष) के रुप में हुई है। इसकी सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि प्रभव मिश्रा शुक्रवार रात घर से शौच जाने की बात कहकर निकला था, जिसके बाद काफी देर तक प्रभव के घर नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन की गई। इस दौरान उसका शव तुंबा गढ़ा स्थित डोभा में पड़ा मिला। इधर भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि भंडरा थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। भंडरा थाना पुलिस हरेक बिंदु पर जांच कर रही है। उसकी शादी दिसंबर में होनी था। इसके लिए इंगेजमेंट कार्यक्रम रांची के होटल में पांच माह पूर्व हुआ था। युवक की मौत से घर परिवार और गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है।

## लोहरदगा में कांग्रेस का भारत जोड़ों यात्रा आज



**लोहरदगा।** देश में नफरत की राजनीति को खत्म करने के लिए राहुल गांधी ने भारत जोड़ों यात्रा की शुरूआत की है।जो कन्याकुमारी से शुरू होकर पिछले 59 दिनों से विभिन्न राज्यों में चल रहा है। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने शनिवार को स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही।उन्होंने बताया कि झारखंड में दूसरे चरण में आयोजित भारत जोड़ों यात्रा के अंतिम चरण में आज रविवार को लोहरदगा के शंख नदी मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष यात्रा आरंभ होकर पूरे शहर का भ्रमण कर मैना बगीचा स्तिथ वीर बुद्धू भगत की प्रतिमा में माल्यार्पण कर संपन्न होगा।उन्होंने कहा कि लोहरदगा में आयोजित भारत जोड़ों यात्रा ऐतिहासिक होगी। कार्यकारी जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने बताया कि लोहरदगा में रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,कार्यक्रम के राज्य प्रभारी सुबोध कांत सहाय,राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,वित मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव,मंत्री आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की,दीपिका सिंह पांडेय,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत,प्रदीप बालमुचू सहित कई दिग्गज कांग्रेसी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# हेमंत के अच्छे कामों से विपक्ष दलों की जमीन खिसकी : तिर्की



गुमला। हेमंत सोरेन के खिलाफ रची जा रही साजिशों व संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग को लेकर शनिवार को विधायक भूषण तिर्की व विधायक जिग्गा सुसारन होरो के संयुक्त नेतृत्व में जिला झामुमो के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और कचहरी परिसर में धरना दिया गया। विधायक भूषण तिर्की के आवास के समीप से झामुमो कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च कचहरी परिसर तक किया।

विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि केंद्र की सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर झारखंड की महागठबंधन सरकार को अस्थिर करने में जुटी है। कभी विधायकों की खरीद परोख कर सरकारी गिराने की कोशिश की जाती है तो कभी ईडी व अन्य संस्थाओं के माध्यम से सरकार को गिराने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में संचालित सरकार के कार्यों से भाजपा पार्टी भयभीत हो गई है। सरकार बनने से आज तक हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने सभी चुनावी वादों के साथ आम जनता के कल्याण में अनेकों कार्य किया है। जिसे विपक्षी दलों की जमीन झारखंड से खिसकती नजर आ रही है। विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि केंद्र की सरकार संवैधानिक संस्थाओं का उन राज्यों में दुरूपयोग कर रही है जहां भाजपा की सरकार नहीं है। वैसे स्थानों पर संवैधानिक संस्थाओं का प्रयोग कर सरकार गिराने का प्रयास किया जा रहा है।

# चैनपुर में ऑन द स्पॉट मामले निष्पादित



**चैनपुर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर मालम पंचायत के पंचायत भवन में शनिवार को लगा। शिविर में सैकड़ो ग्रामीणों ने समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा। प्रशासन ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। ग्रामीणों के द्वारा लगभग 290 आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन ने कई समस्याओं का तत्काल निवारण भी किया गया। बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोग अपनी समस्याओं को खुलकर रखे। आपके द्वारा दिए गए आवेदनों को स्वीकृति दी जाएगी। वहीं ग्रामीणों के द्वारा राशन कार्ड,आवास, कृषि विभाग, मनरेगा, भूमि सुधार,लगान रसीद, सर्वधन पेंशन योजना ,मुख्यमंत्री पशुधन योजना, स्वास्थ विभाग, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना आदि से संबंधित आवेदन को जमा किया गया। जिसमे लगभग 100 आवेदनों का मौके पर ही निपटारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डा.शिशिर कुमार सिंह ,अंचलाधिकारी गौतम कुमार,जिप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर उपप्रमुख, जे एस एल पी एस अल्पना खलखो,स्थानिए मुखिया गुंजन मार्था केरकेटा सहित सभी जनसेवक,पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, एवं हजारों की संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## जेल व बाल सुधार गृह में विधिक जागरूकता शिविर

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा हक हमारा भी तो है @75 के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के अध्यक्ष श्री संजय कुमार चंधरियावी के मार्गदर्शन पर डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष के द्वारा 8 अधिवक्ताओं तथा 12 पीएलबी के टीमों का गठन किया गया है जो गुमला जिले के विभिन्न पंचायतों तथा गांव में जाकर विधिक जागरूकता फैला रहे हैं। इसी क्रम में पैनल अधिवक्ताओं के द्वारा मंडल कारा के कैदियों तथा संप्रेषण गृह में किशोरो का इंफॉर्मेशन कार्ड बनाया जा रहा है तथा प्रत्येक बंदी का अलग से साक्षात्कार कर उन्हें जरूरी विधिक सहायता पहुंचाया जा रहा है।

## 12 को राष्ट्रीय लोक अदालत और 13 को विधिक सेवा सशक्तिकरण को ले हुई बैठक



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में डालसा द्वारा जिले में आयोजित कार्यक्रम को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के कार्यालय कक्ष में एक महत्पूर्ण बैठक हुई। जिसमें जिले के उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक सह डालसा सदस्य आर रामकुमार, लोहरदगा अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल एवं डालसा सचिव राजेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से 12 नवम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों के निपटारे पर चर्चा हुई। साथ ही 13 नवंबर को लोहरदगा जिला के सभी 7 प्रखंडों में आयोजित की जा रही विधिक सेवा सशक्तिकरण कैंप के सफल आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। विधिक सेवा सशक्तिकरण कैंप के सफल आयोजन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अरविंद कुमार लाल को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है, जिन्हें सातों प्रखंडों के प्रखंड पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के पश्चात डालसा कार्यालय में रिपोर्ट समर्पित करवाना है। नालसा के अन्य कार्यक्रमों को लेकर प्राधिकार के अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल ने कहा कि आजादी के अमृत काल को ध्यान में रखते हुए नालसा, नई दिल्ली ने पूरे भारतवर्ष में 31 अक्टूबर से लेकर 13 नवंबर तक दो प्रोग्राम चलाएं हैं ।

# कामडारा में कल से शुरू होगा भारत जोड़ों यात्रा



**गुमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय के निर्देशानुसार संगठन सशक्तिकरण अभियान एवं भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को लेकर गुमला जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षात्मक बैठक शनिवार को स्थानीय परिसदन में भारत जोड़ो यात्रा के संयोजक चैतू उरांव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक व गुमला जिला प्रभारी आलोक कुमार दूबे उपस्थित थे। बैठक में सभी 12 प्रखंडों के अध्यक्ष, पीसीसी डेलीगेट एवं प्रमुख कांग्रेस जन उपस्थित थे।आलोक दूबे ने संगठन की मजबूती के लिए पार्टी द्वारा तय समय सीमा के मातहत तैयार किए जा रहे सांगठनिक ढांचा को अनुमोदित किया। जिसमें प्रखंड कमेटी को मंजूरी प्रदान कर दिया गया। 10 नवम्बर तक सभी मंडल अध्यक्ष एवं कमेटी की स्वीकृति कर दी जाएगी एवं एआईसीसी को भेज दिया जाएगा। सभी प्रदेश प्रतिनिधि एवं प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि 25 नवम्बर तक डिजिटल सदस्यता को

### जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिविर 20 को टाउन हॉल में होगा : आलोक

अभियान के रुप में लेते हुए हर प्रखंड में कम से कम एक हजार नये सदस्यों को पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से जोड़ना है। गुमला जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 नवम्बर को गुमला के टाउन हॉल में प्रस्तावित किया गया है। गुमला जिला में भारत जोड़ो यात्रा की प्रखंड वार तिथि एवं रुट को भी मंजूरी दी गई है। 7 नवंबर को कामडारा प्रखंड, 12 नवंबर को पालकोट, 17 नवम्बर डुमरी, 18 नवम्बर चैनपुर, 20 नवम्बर को भरनो, 23 नवम्बर घाघरा, 24 नवम्बर विशुनपुर, 25 नवम्बर जारी, 28 नवम्बर गुमला, 30 नवम्बर रायडीह में भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। बैठक में प्रदेश प्रतिनिधि शिव कुमार भगत,रमेश कुमार चीनी, मुरली मनोहर प्रसाद,चुमनू उरांव, राजनील तिग्गा,बॉबी भगत,अकिल रहमान,आशिक अंसारी, प्रखंड अध्यक्षों में विकास गुप्ता, राजेश टोप्पो बैबुल अंसारी,गुलाम सरवर, राजू भगत, अरुण पांडे, निरंजन बाड़ा, राजेश्वर एक्का, वसंत उरांव प्रकाश सुरीन, अल्बर्ट तिग्गा,जय सिंह,तरुण कुमार गोप उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## 45 महिलाओं का बंध्याकरण

भवनाथपुर। भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 45 महिलाओं का बंध्याकरण का सफल ऑपरेशन किया गया। जिन्हें शनिवार को दवा देकर घर भेज दिया गया। अस्पताल के प्रभारी डॉ दिनेश कुमार के नेतृत्व में कर्मियों के सहयोग से ऑपरेशन के पूर्व सभी निबंधित सभी महिलाओं का सभी प्रकार की स्वास्थ्य के जांच के बाद ऑपरेशन के कार्य संपन्न किया गया। मौके पर प्रभारी के साथ महिला डॉ प्रियंका कुमारी, सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा, आयुष डॉ निशंक निश्रम, एएनएम अगाथा टोप्पो, गुलाब खलखो, उपेंद्र कुमार आदि कर्मियों उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक सम्पन्न

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला कल्याण कार्यालय चतरा में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें पिछड़ी जाति वर्ग के 06 आवेदन एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग में 20 आवेदन प्राप्त हुए जिसकी बारी बारी से समीक्षा किया गया।

## सड़क दुर्घटना मुआवजा नीति को लेकर ज्ञापन

सिमरिया। अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास को सीसीएल द्वारा अमरपाली और मगध कोल परियोजना के लिए स्पष्ट दुर्घटना मुआवजा नीति को लेकर आजसू नेता मनोज चंद्रा ने प्रतिनिधि मंडल के साथ शुक्रवार को एक ज्ञापन सौंपा है।जिसमे कहा है कि पत्रांक संख्या 297,298और 300 के मध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी को सड़क दुर्घटना मुआवजा नीति बनाने को लेकर पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया था।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

चतरा। उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त त्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व में ऋण हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच करने को लेकर निर्देशित किया गया था। जिसकी आज समीक्षा की गई।

सियार के हमले से बच्चा घायल

कोडरमा। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियाडीह बेला में शनिवार कि सुबह सियार ने एक बच्चे पर हमला कर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार नवलशाही बेला निवासी अरुण यादव के 12 वर्षीय पुत्र अमित कुमार अपने आलू के खेत में पानी पटा रहा था, इसी दौरान सियार ने हमला बोल दिया, जिसमें उक्त बच्चा घायल हो गया। वहीं शोर मचाने के बाद सियार भाग खड़ा हुआ। वहीं घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में बच्चे को सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

## दो अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल

डोमचांच (कोडरमा)। ब्लॉक रोड स्थित विद्युत सब स्टेशन में गुरुवार की देर रात्रि चोरी करते हुए एक व्यक्ति को विद्युत कर्मियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। जिसे लेकर डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने गहनता से जांच करते हुए शनिवार को दो युवक को जेल भेज दिया। वहीं डोमचांच थाना पुलिस ने मामले को कांड संख्या 131/22 के तहत मामला दर्ज करते हुए दो अप्राथमिकी अभियुक्त 36 वर्षीय मो. शाहिद पिता युसूफ अंसारी रहमतगंज, पांडरपाला, बिशुनपुर थाना बैंक मोड़ (ओपी-भूली) जिला धनबाद एवं 36 वर्षीय मो.अयूब अंसारी पिता स्व.इसाक अंसारी पंचगांवां, थाना डोमचांच निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

मरकच्चो (कोडरमा)। लोक आस्था का पर्व एतवारी महा पर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने दिनभर निर्जला उपवास रख कर शाम में भगवान भास्कर का ध्यान कर खीर का भोग लगा कर खरना की। रविवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी।

# कोयला व्यवसाय कैलाश वर्मा के घर 14 घंटे तक चली आयकर विभाग की छापामारी

### नकदी सहित कोयला कारोबार से जूडे कुछ दस्तावेज किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा (चतरा)। आम्रपाली कोलपरियोजना क्षेत्र अंतर्गत बिंगलात गांव के कोयला व्यवसाय कैलाश वर्मा के घर में इनकम टैक्स विभाग ने किया छापा। यह छापा शुक्रवार सुबह 10 बजे से देर रात्रि 12 बजे तक छापेमारी अभियान चलाया गया।

इस दौरान कैलाश वर्मा का घर में नहीं रहने से टीम द्वारा टेलीफोनिक माध्यम से बुलाने की प्रयास किया गया, जबकि कैलाश वर्मा घर से कहीं बाहर जाने की वजह से घर नहीं पहुंच सका। घर में मौजूद परिजनों ने बताया कि यह छापा किसलिए और क्यों हो रहा है इसकी कोई पता नहीं है। आगे बताया कि कैलाश ने पिछले 2018 में रांची के बिपिन मिश्रा से कोयला का काम किए थें, जिसकी पैसा बिपिन मिश्रा द्वारा लगभग 60 से 70 लाख रुपया बकाया है और यह पैसा ट्रांसपोटिंग कार्य मे किए ट्रक, हाइवा एवं लोडर मलिक की है जो



बकाया रहने के कारण ओनरो द्वारा प्रतिदिन मांगा करते थें। जिससे परेशान होकर कैलाश बाहर में रहने लगा। हालांकि कैलाश वर्मा का आईटीआर में कुछ त्रुटि होने की सूचना मिली थी। जिसे सुधार करने की प्रक्रिया जारी था। वही आईटी की टीम द्वारा छापेमारी करने के दौरान करीब तीस से चालीस हाइवा एवं ट्रक ओनर कैलाश वर्मा के घर पहुंच गये। ट्रक ओनरो ने अधिकारियों से सवाल करने लगें की हमलोगों की बकाया पैसा मिलने की कोई उम्मीद है? आईटी अधिकारियों द्वारा कोई जबाब न देते हुवे लिहाजा पांच हजार नगद एवं व्यवसाय से जुड़े कागजात बरामद किया एवं घर से निकल गएं। बताया जाता है कि जितना समय तक छापामारी अभियान चलाया जा रहा था, उतना समय तक घर मे रह रहे सदस्यों को न घर से बाहर और न ही अंदर आने-जाने दिया जा रहा था। फिलहाल उक्त कार्य को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

## शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया शिक्षण कार्य



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ राज्य इकाई के निर्देश पर प्रथम चरण 4 और 5 नवंबर को जिले के सभी शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया। शिक्षकों की कई मांगों में गैर-शैक्षणिक कार्य से संपूर्ण मुक्ति, एमएसीपी की मांग, उत्क्रमित वेतन की मांग, अंतर जिला स्थानांतरण के नियमों को सरलीकरण करने आदि की मांग की गई है। वहीं शिक्षक संघ ने कहा कि कार्यक्रम के प्रथम चरण में 4 और 5 नवंबर को काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जबकि दूसरे चरण में 7 नवंबर से 12 नवंबर तक जन-प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपने, शनिवार 19 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव व धरना प्रदर्शन करने की बात कही गई है। इसके बाद भी यदि सरकार की कानों में जूं नहीं रेंगती है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविरों में चल रहे कार्यों की समीक्षा हेतु उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक की गई। वहीं उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में चलाए जा रहे महत्वकांक्षी योजनाओं हेतु प्राप्त आम जनों के आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड करने, आम जनों के समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने, पोर्टल पर अपलोड करने से पहले त्रुटिपूर्ण आवेदनों को पूरी तरह जांच करने, सर्वजन पेंशन योजना का आवेदन प्राप्त करते समय



आवश्यक कागजात की जांच करने का निर्देश दिया। सावित्रीबाई फुले योजना हेतु प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में प्रगति कम है उन योजनाओं पर फोकस करते हुए कार्य निष्पादित करें। वहीं पीएमयू की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी आवासीय विद्यालय एवं सभी स्कूलों में 31 दिसंबर तक हेल्थ कैंप आयोजित करें। उन्होंने कहा कि अधूरा शौचालय एवं हैंड वाश को जल्द से जल्द पूर्ण करें। खेलो झारखंड हेतु जिला से लेकर पंचायत स्तर तक कार्यक्रम कराने का निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि 15 नवंबर से पहले तीन नया तालाब चिन्हित करें। मौके पर डीडीसी लोकेश मिश्रा, एसी अनिल तिर्की, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीइओ अलका जयसवाल, बीडीओ, सीओ व अन्य मौजूद थे।

## राजस्वकर्मियों को अविलंब योगदान देने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिले में राजस्व कर्मियों की काफी लंबे समय से अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर जारी हड़ताल को लेकर उपायुक्त ने इसे असंवैधानिक बताते हुए कर्मियों को अविलंब अपने-अपने कार्यालयों में योगदान देना सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया है। इस संबंध में उपायुक्त आदित्य रंजन की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए निर्देश के तहत हड़ताल पर गए सभी राजस्व उपनिरीक्षक से असंवैधानिक रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल किए जाने को लेकर सभी अंचलों में विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र एवं महत्वपूर्ण राजस्व कार्य बाधित होने एवं जनहित प्रभावित होने की बात कही गई है। उपायुक्त ने हड़ताली कर्मियों को चेतावनी देते हुए अविलंब उन्हें कार्यालय में योगदान देना सुनिश्चित करने को कहा है।

# अखंड महाकीर्तन के संचालन के लिए 60 हजार वार्षिक दान

खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी। संसार में एक से एक बड़े धनवान हैं पर असली धनवान वही व्यक्ति है जो परमार्थ के लिए दिल खोलकर धन समर्पित करे। ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत किया है, चतरा जिले के जिप उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी ने। जिन्होंने मां भद्रकाली मंदिर परिसर में दो दशक से अनवरत जारी अखंड महाकीर्तन के संचालन के 60 हजार रुपए का वार्षिक दान समर्पित की है। यह घोषणा शनिवार को जिला परिषद के उपाध्यक्ष ने अखंड कीर्तन स्थल पर पहुंचकर



की। उन्होंने कहा कि विश्व शांति के उद्देश्य से आयोजित अखंड महाकीर्तन का संचालन एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। अखंड कीर्तन के संचालन में आर्थिक समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए उन्होंने 60 हजार रुपए का वार्षिक दान देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कीर्तन समिति के सदस्यों को बताया कि कीर्तन संचालन समिति के बैंक खाता में हर माह पांच हजार रुपए की राशि डाल दी जाएगी। जिला परिषद के उपाध्यक्ष के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कीर्तन संचालन समिति के संरक्षक सीताराम सिंह ने उनका आभार प्रकट किया। बता दें कि धन कमाने वाला बुद्धिमान नहीं होता, धन सब कमा लेते हैं लेकिन धन सदुपयोग सब नहीं कर पाते, और बुद्धिमान भी वही है जो धन का सदुपयोग कर ले। यदि धन का हम सदुपयोग कर रहे हैं तो हमारा धन गुणा बढ़ेगा लेकिन हम धन कमाकर उसका दुरूपयोग कर रहे हैं हमें पथ भ्रष्ट कर देगा। जिससे जीवन सबकुछ होते हुए भी कुछ न होने के बराबर हो जाता है। इसलिए धन कमाकर सदुपयोग करें यही बुद्धिमानी है और धनवान भी बने रह सकते हैं। इस मौके पर जिला परिषद की अध्यक्ष ममता कुमारी, विधायक के जिला प्रतिनिधि ऋषिबाला, मलकपुर पंचायत समिति सदस्य सुप्रिया सिंह, टुन्नी सिंह, विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह आदि भी उपस्थित थे।

## एमओ ने की पीडीएस दुकान व गोदाम की जांच



निरीक्षण करते एमओ

खबर मन्त्र संवाददाता

कांडी। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह सीओ अजय कुमार दास ने शुक्रवार की देर शाम खुटहेरिया पंचायत स्थित विभिन्न पीडीएस दुकान व गोदाम की औचक जांच किया।उन्होंने बताया कि रूटीन जांच के तहत आज जांच किया गया। एमओ श्री दास ने बताया कि खुटहेरिया पंचायत के शिव प्रसाद गुप्ता, शम्भू प्रसाद गुप्ता, विश्वनाथ प्रसाद साव, सरस्वती स्वयं सहायता समूह व दुर्गा स्वयं सहायता समूह की पीडीएस दुकान व गोदाम की जांच की गयी है। लेकिन एक दो दुकान बंद होने के कारण जांच पूरी नही हो सकी।जांच में सब कुछ सही पाए गए हैं। जांच पदाधिकारी ने बताया कि अंचल के सभी पीडीएस दुकानदारों को यह सख्त निर्देश दिए गए हैं कि सभी कार्डधारी लाभुकों को ससमय व उचित मूल्य लेकर खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए। किसी भी परिस्थिति में लापरवाही क्षम्य नही होगा। मौके पर अंचल कर्मी संत कुमार भी उपस्थित थे।

## सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

### अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने किया शिविर का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के मलकपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला परिषद के अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेषा ओना, अंचल अधिकारी राम विनय शर्मा, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, विधायक के जिला प्रतिनिधि ऋषिबाला, पंचायत की मुखिया रीता देवी तथा पंचायत समिति सदस्य सुप्रिया सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर के माध्यम से पंचायत के लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड आदि योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नए राशन कार्ड के लिए भी आवेदन दिया। जिसमें अधिकांश आवेदन का निष्पादन शिविर में ही कर दिया गया। इस मौके पर शिविर को संबोधित करते हुए जिला परिषद के अध्यक्ष ममता कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार ने जनहित के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ जनता को पहुंचाने के लिए शिविर का



आयोजन किया है लोगों को चाहिए कि हर व्यक्ति शिविर के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं अधिकारियों को भी जनता को लाभ पहुंचाने के लिए तत्पर रहना चाहिए जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि शिविर के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है अधिकांश शिविर में जनता की समस्याओं का शीघ्र निष्पादन कर दिया जा रहा है जिन लोगों की शिकायतों का निराकरण शिविर में नहीं हो पा रहा है उनकी समस्याओं का समाधान शिविर के बाद शीघ्र हो जाना चाहिए इसमें अधिकारियों को तत्परता दिखाने की आवश्यकता है प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को बताया कि जन हित के लिए सरकार के द्वारा बनाई गई योजनाओं का लाभ शीघ्र जनता तक पहुंचे इसी उद्देश्य से हर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने प्रखंड वासियों से अपील की है कि हर जरूरतमंद नागरिक अपने संबंधित पंचायत में आवेदन देकर सरकार की योजनाओं का शीघ्र लाभ प्राप्त करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों के द्वारा दिए गए अधिकांश आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा है। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड आदि से संबंधित आवेदन दिए गए। विधायक के जिला प्रतिनिधि ऋषिबाला ने प्रखंड व अंचल कार्यालय में सरकार की योजनाओं की सूची लगाने की मांग की।

एक नजर में

## बच्चे कड़ी मेहनत करें, सफलता कदम चूमेगी : निदेशक

गढ़वा। शहर के जीएन कॉन्वेन्ट (10+2) स्कूल में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्रियाकलापों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि आज हमें बेहद खुशी हो रही है कि हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपने विकास को गति देते हुए विभिन्न सृजनात्मक कार्यों में भी परचम लहरा रहे हैं। पठन पाठन एवं अन्य गतिविधियों में निरंतर भाग लेने से आत्मविश्वास एवं कार्यकुशलता में निखार आता है। बच्चे कड़ी मेहनत करें, सफलता कदम चूमेगी।

## आर्य समाज के पंच दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन

गढ़वा। शहर के डीएवी मॉडल स्थित आर्य समाज गढ़वा के पंच दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन समारोह वृहद यज्ञ एवं संगीतमय वातावरण में महाप्रसाद के साथ संपन्न हुआ। इन पांच दिनों में वानप्रस्था आश्रम हरिद्वार से पधारे यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य कृष्ण देव जी आर्य एवं कन्या गुरुकुल हजारीबाग के आचार्य कौटिल्य और उनकी छात्राएं ब्रह्मचारिणी सौम्या, कोमल, रानी, नेहा शास्त्री, अमीषा के द्वारा संपूर्ण समाज के कल्याण के लिए वेद के विशिष्ट मंत्रों से दैनिक के अतिरिक्त वैदिक सूक्त माला के मंत्रों से आहुतियां प्रदान की गई तथा हजारीबाग गुरुकुल की छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए गए। मौके पर आचार्य कौटिल्य ने वेद मंत्रों के माध्यम से बताया की पुत्र कैसा हो तो आप पिता के व्रत को बढ़ाने वाला आज हमारे घर में कई बुराइयां आ गए हैं।

## नेहा आजीविका सखी मंडल दीदी कैंटीन का शुभारंभ

भवनाथपुर। प्रखंड परिसर में ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड सरकार के तहत संचालित झारखण्ड स्टेट लाइवलिहूड प्रमोशन सोसाइटी के अंतर्गत नेहा आजीविका सखी मंडल दीदी कैंटीन का शुभारंभ किया गया। जिसका संचालन स्वयं समूह की प्रशिक्षित महिलाएं करेंगी। इसका उद्घाटन बीडीओ जयपाल महतो, चिकित्सा प्रभारी दिनेश कुमार, एसआई राम प्रसाद इंदवार, भवनाथपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि आज जीविका दीदीयां अपने बलबूते नयी इतिहास रच रहीं है। आज जीविका दीदीयों का एक बहुत बड़ा समूह खड़ा है। जो समाज की आर्थिक व सामाजिक दशा को बदलने में कारगार साबित हो रहा है।

## 55वां अभियंता दिवस समारोह का किया गया आयोजन

चतरा। झारखंड प्रदेश इंजीनियर संघ के अध्यक्ष मो शहनवाज खान के नेतृत्व में डिप्लोमा अभियन्ता संघ की एक अहम बैठक आयोजित की गई। संघ की इस बैठक में इ. गुप्तेश्वर राम, महामंत्री डिप्लोमा अभियन्ता संघ झारखण्ड के नेतृत्व में, संघ को मजबूती हेतु पुर जोर आह्वान किया गया। बैठक में सदस्यों के विभिन्न समस्यों पर विस्तृत पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें झारखण्ड अभियंत्रण सेवा नियमावली 2016 का अविलंब संशोधन करने, कनीय अभियंताओं का ग्रेड पे- 4800 / रू. करने, अवर अभियंत्रण संवर्ग के अभियंताओं को विधि व्यवस्था से मुक्त करने तथा कनीय अभियंताओं का नियमित प्रोनत्ति देने की मांग सरकार से की गई है। संघ के अध्यक्ष इंजीनियर मो शाहनवाज खान ने कहा कि अगर इन मांगों को सरकार दिसंबर तक पूरा नहीं करती है तो जनवरी में संघ सरकार के खिलाफ क्रमबद्ध आनंदोलन करने को बाध्य होगी। इसकी सारी जवाब दही सरकार की होगी। महामंत्री इ. गुप्तेश्वर राम ने सदस्यों को संबोधित करते हुए सरकार के द्वारा मांगों पर नहीं ध्यान देने का आरोप लगया और सदस्यों से आनंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया।

## अखंड कीर्तन में साठ हजार रुपए का वार्षिक दान देंगे जिप उपाध्यक्ष

इटखोरी। मां भद्रकाली मंदिर परिसर में दो दशक से अनवरत जारी अखंड महाकीर्तन के संचालन के लिए जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी 60 हजार रुपए का वार्षिक दान देंगे। यह घोषणा शनिवार को जिला परिषद के उपाध्यक्ष ने अखंड कीर्तन स्थल पर पहुंचकर की। उन्होंने कहा कि विश्व शांति के उद्देश्य से आयोजित अखंड महाकीर्तन का संचालन एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। अखंड कीर्तन के संचालन में आर्थिक समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए उन्होंने 60 हजार रुपए का वार्षिक दान देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कीर्तन समिति के सदस्यों को बताया कि कीर्तन संचालन समिति के बैंक खाता में हर माह पांच हजार रुपए की राशि डाल दी जाएगी। जिला परिषद के उपाध्यक्ष के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कीर्तन संचालन समिति के संरक्षक सीताराम सिंह ने उनका आभार प्रकट किया। इस मौके पर जिला परिषद की अध्यक्ष ममता कुमारी, विधायक के जिला प्रतिनिधि ऋषिबाला, टुन्नी सिंह, विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह आदि भी उपस्थित थे।

### पहली किस्त लेकर काम प्रारंभ नहीं करने वाले

## लाभुकों को बीडीओ ने लगाई फटकार



जांच करते बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। बनसानी पंचायत के झगराखांड में पीएम आवास की पहली किस्त लेकर काम प्रारंभ नहीं करने वाले लाभुकों को बीडीओ जयपाल महतो ने कड़ी फटकार लगाई।

वैसे लाभुक जो पहली किस्त की राशि ले चुके है उन्हें दो दिन के अंदर काम नहीं लगाते है तो वैसे लाभुको पर 12% ब्याज के साथ राशि वापस ली जाएगी और प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा। लाभुक नागेंद्र यादव, रामटहल भुइया, दशरथ प्रजापति, अनुज यादव को राशि का दुरुपयोग करने के लिए थाना ले जाकर कड़ी फटकार लगाते हुए दो दिनों के अंदर आवास निर्माण काम शुरू करने के शर्त पर छोड़ा गया।

लाभुक जगदीश राम, शिव राम, मुंद्रिका राम, गंगा राम, अमलेश कुमार पाठक, अशोक यादव, शोभनाथ राम सहित कई लोगों को दो दिनों के अंदर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करने को कहा गया।

# झारखंड में जब से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी है तब से केंद्र सरकार के पेट में दर्द हो रहा है: बैद्यनाथ

## केंद्र सरकार के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं ने लातेहार बजारटाड़ से समाहरणालय तक निकाली आक्रोश मार्च

### केन्द्र सरकार पर लगाया केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**





विरोध मार्च में शामिल विधायक व अन्य व रोषपूर्ण प्रदर्शन करते महागठबंधन के लोग

**लातेहार।** यूपीए के बैनर तले केंद्र सरकार के विरोध में शनिवार को लातेहार में महारैली निकाली गई। इस रैली में हजारों की संख्या में महागठबंधन दल के लोगो ने भाग लिया। यह रैली मंगल बाजारटाड़ से शुरू होकर थाना चौक एवं मेन रोड एनएच 39 होते हुए समाहरणालय पहुंचते ही महासभा में तब्दील हो गई। वही रैली के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, भाजपा के तीन जमाई सीबीआई, आईटी, सीआईडी, केंद्र सरकार केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग बंद करो बंद करो, भाजपा हाय हाय, मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी, संवैधानिक संस्था का उपयोग करना बंद करो बंद करो जैसे नारे लगाए गए। वही महासभा को संबोधित करते हुए विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि झारखंड प्रदेश में भी विगत कई महीनों से केन्द्रीय सरकारी एजेंसियों के आड़ में सरकार गिराने का प्रयास किया जा रहा है। विगत दिनों से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नोटिस जारी करना तथा विधायकों पर आयकर विभाग की छापामारी केन्द्र की मोदी सरकार के षडयंत्र को स्पष्ट रूप से उजागार करती है। जब से झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी है तब से केंद्र की सरकार इसे पचा नहीं पा रही है उनके पेट में दर्द हो गया है। एक अच्छी सरकार जनमत की सरकार झारखंड में चल रही है यही कारण है कि शपथ ग्रहण के दिन से ही भाजपाइयों ने षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया है। जैसे ही हमारे मुख्यमंत्री ने भारत सरकार से अपना हिस्सा मांगा तो केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार को डराने और दबाने के लिए कई हथकंडे अपना रहा हैं। झारखंड की जनता जिस को ठुकरा चुकी है जनता का मत जिसके साथ नहीं है वह चाहते हैं संवैधानिक गतिविधियों का दुरुपयोग करके झारखंड सरकार को झुकाए इनका मोरल डाउन करें बदनाम करें। लेकिन झारखंड के जनता आज बदल गए हैं वह जानते हैं कि झारखंड राज्य में तेजी से काम हो रहा है जमीन में उतर कर हेमंत सरकार काम कर रही है। जहां बीजेपी शासित प्रदेश है वहां कभी भी ईडी सीआईडी का छापा नहीं पड़ता है। जब झारखंड सरकार ओ लिफाफे का धमकी मिला तो झारखंड के सरकारी हेमंत सोरेन ने उनसे लिफाफे की मांग किया। लिफाफा में क्या है? हमें बताइए तो आज तक झारखंड के राज्यपाल ने उस लिफाफे के बारे में नहीं बताया। भाजपाइयों सिर्फ भय बना कर रखना चाहते हैं कि हेमंत सरकार हमारे आगे सरेंडर कर दे लेकिन हेमंत सरकार झुकेगा नहीं। हम सभी मिलकर उसका सामना हम लोग करेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शहदेव ने कहा कि ईडी सीबीआई को आगे करके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिस तरह से डराने का काम किया जा रहा है लेकिन गरीबों की सरकार यहां के आदिवासी मूलवासी के जो नेता है जो मसीहा है। 24 जिलो में सभी नेता सड़क पर उतरे हुए हैं हेमंत सरकार के साथ हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब रघुवर सरकार थी उस समय 3 यार था वह आज कहां है उनके समय में जो घोटाला हुआ है वहां आज ईडी सीबीआई का छापा क्यों नहीं पड़ता है? जितने भी गैर बीजेपी शासित प्रदेश हैं दिल्ली, महाराष्ट्र, झारखंड की जनता लड़ने वाली भीड़ने वाली है ईडी, सीआईडी और सीबीआई से डरने वाले नहीं है। इस मौके पर दीपू सिन्हा, शमसुल होदा, माणिक चंद्र, आलोक कुमार मंटू, सितमोहन मुंडा, बसंत यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, शम्भू यादव, रंजीत यादव, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, अशोक कुमार बुट्टा, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, अफताब अलम, अरुण दुबे, शीत मोहन मुंडा, शुभम गिरी, साजन कुमार, वसीर अंसारी, मनोज चौधरी समेत बड़ी संख्या में गठबंधन के नेता मौजूद थे।

## एक नजर में

## गोनिया में स्वास्थ्य सहियाओं की बैठक संपन्न



बैठक करते

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** सहिया को मानदेय बढ़ाने को लेकर सात नवम्बर को मुख्यमंत्री आवास पर एक दिवसीय धरना को सफल बनाने को लेकर गोनिया मे स्वास्थ्य सहियाओं की बैठक सहिया साथी गौरी देवी की अध्यक्षता मे की गई।

विभिन्न क्षेत्र के स्वास्थ्य सहिया सात नवंबर को रांची मोराबादी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक पैदल यात्रा कर एक दिवसीय धरना को सफल बनाने के लिए भाग लेंगे। उक्त धरना मे भाग लेने के लिए सहियाओं ने बैठक कर विचार विमर्श किया गया। वहीं बारियातू प्रखंड क्षेत्र के सभी साहियाओ को सात नवंबर सोमवार को रांची ससमय पहुंचने व धरना प्रदर्शन मे शामिल होने के लिए सहमति बनाई गई। मौके पर बसंती देवी, हलीमा खातून, पूनम देवी, धनिया देवी, कुंती देवी, सुनीता देवी, कलामणि देवी, रीता देवी सहित अन्य सहिया मौजूद थे।

## बालूमाथ जलावन का कोयला लाने गए तीन लोग झुलसे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी में जलावन के लिए कोयला लाने गए किरण देवी पति मोहित राम ग्राम मुरपा, धनोईया देवी पति चंद्रदीप राम ग्राम मरांगलोया, प्रकाश उरांव पिता खदीया उरांव ग्राम बरवा टोली घायल हो गया। तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां घायल प्रकाश उरांव की स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त सभी लोग घर में खाना बनाने के लिए जलावन का कोयला लाने तेतरियाखाड़ कोलियरी गए हुए थे। इसी दौरान कोयला स्टॉक में लगी आग की चपेट में आने से तीनों झुलस गए। ज्ञात हो कि तेतरियाखाड़ कोलियरी के कोयला स्टॉक में बीते कई वर्षो से आग लगी हुई है। जिसे बुझाने के लिए कोलियरी प्रबंधन द्वारा अब तक कोई बेहतर प्रयास नहीं किया गया। जिस कारण प्रत्येक वर्ष हजारों टन कोयला राख में तब्दील हो रहा है। जिससे सरकार को करोड़ों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। लोगों का कहना है कि कोयले की स्टॉक में लगी आग सीसीएल प्रबंधन को उत्पादन में लीपापोती करने में सहायक सिद्ध होती है।

## उकामाड़ में आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# पचास हजार से पच्चीस लाख रूपए तक का लोन दे रही है सरकार : राकेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




संबोधित करते बीडीओ राकेश सहाय

**बरवाडीह।** झारखंड सरकार बेरोजगार युवक-युवतियों को पचास हजार रुपये से पच्चीस लाख रूपए तक का लोन मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत दे रही है।

सभी व्यस्क युवक युवतियां जो रोजगार की तलाश में हैं, उनसे अनुरोध है कि वह स्वरोजगार हेतु शिविर में अपना आवेदन दे सकते है। उक्त बातें बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कही। श्री सहाय शनिवार को उकामाड़ पंचायत सचिवालय में आहूत आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहें थे। इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि बरवाडीह प्रखंड के युवक और युवतियां मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत व्यवसाय शुरू करने को लेकर मिले इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते है। बीडीओ ने बताया कि लातेहार जिला प्रशासन एवं जिला कल्याण विभाग लातेहार इस संबंध में लगातार निर्देश दे रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवकों को इस योजना से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने बताया कि आवेदक अपना स्थानीय प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करेंगे। यदि उक्त प्रमाण पत्र नहीं है तो अभी कम से कम आवेदन दे दें और बाद में संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न कर दें। इसकी सुविधा भी बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रदान की जा रही है। वहीं बीडीओ ने सभी पंचायत स्वयंसेवक, जल सहिया एवं स्वास्थ्य सहिया को भी लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। साथ-साथ बरवाडीह प्रखंड के सभी वयस्क युवक-युवतियों से अपील की है कि वह शिविर में आवेदन देकर इसका लाभ उठा सकते है।

### कई मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निपटारा

इसके पूर्व शिविर का उदघाटन जिला प्रसाद सदस्य कन्हाई प्रसाद, प्रमुख सुशीला देवी, बीडीओ राकेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और मुखिया पूनम देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आए कई मामले का निपटारा ऑन द स्पॉट किया गया। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। जहां ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लोगों से लाभ उठाने की अपील की जा रही थी।

## सांप काटने से युवक अचेत, रिम्स रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के लावागड़ा ग्राम में शनिवार को टमाटर के खेत में काम करने के दौरान जहरीला सांप काटने से सुखदेव भगत 22 वर्ष पिता जीतू भगत ग्राम लावा गड़ा अचेत हो गया। परिजनो द्वारा अचेत अवस्था में सुखदेव भगत को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि सुखदेव टमाटर तोड़ रहा था। इसी बीच टमाटर के पौधे में लटका साप उसके हाथ में काट लिया।

## बालू जतरा मेला में दो दिनों के अंदर दूसरी बार चाकूबाजी एक की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम में दो दिनों से चल रहे जतरा मेला में दूसरी बार शनिवार की संध्या लगभग 7:00 बजे हुई चाकूबाजी में राजेश उरांव 20वर्ष पिता बैजनाथ उरांव ग्राम डुमरा(डाढ़ा) प्रखंड बारियातू की मौत बालूमाथ अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई ।मृतक के साथ मेला देखने गए उनके मित्र धर्मपाल उरांव एवं नागेंद्र उरांव ने बताया कि हम लोग मेला से बाहर निकल रहे थे। इसी बीच राजेश उरांव मेला में खरीदा हुआ सिटी बजाते हुए बाहर निकल रहा था। इसी बीच छह-सात की संख्या मेला में खड़े युवकों ने सिटी बजाने से मना किया। इसी बात को लेकर हुए विवाद पर इसी राजेश उरांव पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।साथ में गए लोगों के सहयोग से घायल अवस्था मे राजेश उरांव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

## शिक्षकों ने अपनी चार सूत्री मांगो को लेकर

# काला बिल्ला लगाकर किया काम



काला बिल्ला लगाकर कार्य करते शिक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गारु।** प्रखंड के शिक्षकों ने अपनी चार सूत्री मांगो को लेकर शुक्रवार व शनिवार को काला बिल्ला लगाकर प्रखंड के सभी शिक्षकों ने शैक्षणिक कार्य किया। अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर अपनी मांगो को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है। अध्यक्ष सुरेन्द्र राम ने बताया की बिहार की तर्ज पर एमएसीपी, शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण सरल व सुगम बनाने, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने आदि मांगो को लेकर काला बिल्ला लगाकर काम किया। आगे उन्होने बताया की सात नवम्बर से लेकर 12 नवम्बर तक क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को मांग पत्र सौंपा जाएगा। बावजूद भी मांग पूरा करने को लेकर पहल नहीं किया गया तो आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। शिक्षक सुरेन्द्र राम, प्रदीप सिंह उदयवीर सिंह, अनिल कुमार शर्मा समेत प्रखंड के समस्त शिक्षक काला बिल्ला लगाकर शैक्षणिक कार्य किये।

## मेला देखने गए युवक कों चाकू मारकर गंभीर रूप से किया घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम में मेला देख कर लौट रहे युवक तुलेश्वर गंझु 19 वर्ष पिता लोकन गंझू ग्राम बालू को बालू के ही युवको द्वारा चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा बालूमाथ पुलिस को दी गई। बालूमाथ पुलिस घटनास्थल पर जाकर घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए। बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि तुलेश्वर गंझु बालू ग्राम में लगने वाला जतरा मेला को देखकर लौट रहा था। इसी बीच बालू मस्जिद के समीप उसी मोहल्ला के रहने वाले पांच लोगों ने हमला कर दिया। घायल युवक तीन युवकों को नामजद एवं दो युवक अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार

# कार्यक्रम के तहत लगा विकास शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिविर में लाभुको स्वीकृति पत्र प्रदान करते अतिथि

**चंदवा।** प्रखण्ड के सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत स्थित पंचायत भवन परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर आयोजित की गई। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डीडीसी सुरेन्द्र कुमार वर्मा, बीडीओ विजय कुमार, समाजसेवी शेखर बॉस, मुखिया सुनिता खलखो, व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के उपरांत शिविर में मौजूद लोगों को सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए डीडीसी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इस उद्देश्य से सरकार आपके द्वार तक आई है। शिविर के माध्यम से योजनाओं को लेकर आवेदन करें व योजनाओं का लाभ उठाएं। विकास शिविर में पशुपालन, स्वास्थ्य, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जेएसएलपीएस, श्रम निबंधन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग समेत अन्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल लगाए गए थे जहां लोगो की भीड़ देखी गयी। शिविर में बीपीओ रतन शाहदेव, कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, पंचायत सचिव सागर राम, प्रखण्ड कर्मी रोहित मेहता, अमित कुमार, कुश कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## शिविर में कैदियों को दी गयी कानून की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के द्वारा लातेहार जिला के अंतर्गत संस्थानों में बंद व्यक्तियों को बुनियादी कानुनी सहायता प्रदान एवं कानुनी जागरुकता फैलाने और पात्र लाभार्थियों को कानुनी अधिकार प्रदान करने के लिए एक अखिल भारतीय अभियान 31 अक्टुबर से 13 नवम्बर 2022 तक चलाया जा रहा है। जिसके तहत स्थानीय मंडलकारा लातेहार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के तत्वावधान में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार स्वाति विजय उपाध्याय ने कैदियों को साक्षरता कैम्प में अपने मुकदमें की स्थिति की जानकारी, गिरफ्तारी की तिथि, वाद संख्या की जानकारी एवं अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के संबंध में काराधीन कैदियों को जागरूक किया। जेल प्रशासन को इस अवसर पर मामले को चिन्हित करने तथा कैदियों के बीच सूचना प्रसारित करने का निर्देश दिया गया।

## आरागुंडी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ शिविर के माध्यम से प्राप्त करें: बिंदेश्वरी

## जिला प्रशासन का आप सभी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता है: मेघनाथ उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम का शुभारंभ करते पदाधिकारी, जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण करते अतिथि

**लातेहार।** सदर प्रखंड के आरागुंडी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना निदेशक आईटीडीए बिंदेश्वरी ततमा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव, मुखिया रवि उरांव, पशुपालन पदाधिकारी हरेंद्र पाल भगत, उपनिदेशक आत्मा सप्तमी झा, विधुत आपूर्ति स्कूटिव शमशाद आलम व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं मंच का संचालन केतन कुमार ने किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना निदेशक श्री ततमा ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुए ग्रामीणों को पंचायत स्तरीय आयोजित शिविर का लाभ उठाने की बात कही गई। आगे उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार आपको लाभ देने पहुंची है सरकार, जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ शिविर के माध्यम से प्राप्त करें। सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाई जाती है, लेकिन जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ ग्रामीण नहीं ले पाते हैं। इसलिए वे अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ लें। आगे उन्होंने कहा कि जिन्हें अब तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिला है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है, वैसे लाभुक यहां आवेदन कर सकते हैं। जिसकी जांच कर त्वरित निष्पादित किया जाएगा। वहीं बीडीओ मेघनाथ उरांव ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी साथ ही ग्रामीणों से अपिल किया कि आप सभी बढ़-चढ़ कर सरकारी योजनाओं का लाभ लें। इस दौरान श्री उरांव ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जॉब कार्ड, धोती-साड़ी, फूला झानो आशिर्वाद योजना समेत कई योजना के बारे में जानकारी दिया। जिला प्रशासन का आप सभी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता है।

**कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का हुआ वितरण :** कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रुप से लाभुकों के बीच सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 11 छात्राओं के बीच स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मनरेगा अंतर्गत 4 नई योजनाओं की स्वीकृति दी गई। 08 लाभुकों को जॉब कार्ड, 04 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, 03 लाभुकों के बीच शर्ट पैंट, 13 जरुरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीडीओ ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को बीएलओ कार्य से संबंधित दिया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण देते बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार मे सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी -सह- प्रखण्ड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत की अध्यक्षता मे आंगनबाड़ी सेविकाओं को बीएलओ कार्य से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। बीएलो की प्रशिक्षण के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए बीडीओ भगत ने बताई की बीएलओ का कार्य शिक्षक करते थे जिससे विद्यालय मे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा था। उपायुक्त के निर्देशानुसार आंगनवाड़ी सेविका को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं उपस्थित आंगनवाड़ी सेविका को बीएलओ कार्य से समबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर निर्वाचन सहायक आलोक कुमार दुबे, परवेक्षक शशि शेखर रंजन सिंह, बाबुलाल कुजूर, विनय कुमार रवि, रवि, राम विनय राम सहित कई अन्य आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## हर्ल गेट पर धरना को लेकर समीक्षा बैठक

**सिन्दरी ।** बीते 26 अक्टूबर से हर्ल गेट पर जारी झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा धरना को लेकर धनबाद सर्किट हाउस में झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की अध्यक्षता में हर्ल प्रबंधन के अधिकारियों व झामुमो जिलाध्यक्ष के बीच समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह व अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम तिवारी मौजूद रहे। बैठक के बाद झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित 75 प्रतिशत स्थानीय नियोजन निती के तहत हर्ल गेट पर धरना दे रहे स्थानीय लोगों को नियोजन जल्द दिए जाने को लेकर हर्ल प्रबंधन के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। इसके लिए जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिया गया है। हर्ल प्रबंधन के अधिकारी ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करेंगे।

## मेडिकल कॉलेज में 15 से 18 नवंबर तक होगा एडमिशन

**धनबाद।** धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पहले चरण का एडमिशन राउंड खत्म हो गया है। इसके साथ ही अब दूसरे चरण के एडमिशन की तैयारी की जा रही है। प्रबंधन की मानें तो मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटा के लिए अब 15 से 18 नवंबर के बीच दूसरे राउंड के तहत एडमिशन लिया जायेगा। इस बार भी मेडिकल कॉलेज में कुल 50 एमबीबीएस सीटों पर एडमिशन हो रहा है। इसमें 7 सीटें संट्रल कोटा के लिए आरक्षित है। जिसमें 3 पर एडमिशन अब तक हो गया है। वहीं 43 सीटें स्टेट कोटा के लिए आरक्षित हैं। इसमें 30 एमबीबीएस सीटों पर एडमिशन हुआ है. अब 15 से 18 के बीच में बाकी 13 सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया चलेगी।

## हाईवा की चपेट में आने से सब्जी विक्रेता की मौत

**धनबाद।** शनिवार को जिले के निरसा जामताड़ा मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताते चलें कि पंडरा निवासी नरेश सिंह सब्जी बेचने के लिए निरसा जा रहा था । तभी बेकाबू हाइवान ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

## तेनुघाट गोल्डन जुबली मैदान में क्रिकेट मैच 13 नवंबर से

**बेरमो/तेनुघाट।** तेनुघाट गोल्डन जुबली मैदान में 13 नवम्बर से बीस दिवसीय 14ध्14 ओवर का क्रिकेट मैच टूनार्मेंट का शुभारंभ होगा। होने वाले टूनार्मेंट में विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11ए000 रुपए और उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 5ए500 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। उद्घाटन मैच जो 13 नवंबर से शुरू होगा उस मैच में तेनुघाट अधिवक्ता कॉलोनी क्रिकेट टीम एवं चिनियागढा क्रिकेट टीम के बीच मुकाबला होगा। उक्त बातो की जानकारी टूनार्मेंट कमिटी के सौरभ सिंहए दीपक यादवए मिट्ठू कुमारए राजकुमारए पियुष कटरियारए आयुष ने बताया।

## कार दुर्घटना में एक घायल

**बेरमो/फुसरो।** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछरी टाटा मोटर वर्क सोप के समीप घुमावदार सड़क पर बीती रात्रि आल्टो जेन कार संख्या जेएच 09एफ 8579 दुर्घटना ग्रस्त होकर खेत मे घुस गयाण जिसे शनिवार की सुबह ग्रामीणों को जानकारी हुईण जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय प्रवीण कुमार महतो लैब टेक्नीशियन घायल हो गयेण उसे हल्की चोट लगी हैण बताया जाता है कि बोकारो में निजी क्लिनिक में असिस्टेंन का काम करता हैण अपने सहयोगी को पहुचॉने फुसरो आया था। वापस बोकारो लौटने के क्रम में दुर्घटना हुईण स्थानीय लोगो की मदद से घायल प्रवीण महतो को निजी अस्पताल पहुचाया जहां इलाज कराया गया।

# बालू तस्करों ने गोविंदपुर सीओ के ऊपर किया हमला

## तस्करों के हमले में छह जवान हुए घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** काले हीरे की नगरी धनबाद में तस्करों के हौसले काफी बुलंद हैं। जिले के कोने कोने में तस्करी और तस्वीरों का बोलबाला है। पुलिस-प्रशासन तस्करों के सामने बौने पड़े हैं। तभी तो बीते गुरुवार को धनबाद जिले में सीआईएसएफ पर कोयला चोरों के हमला में दो इंस्पेक्टर समेत छह जवान घायल हो गए। वहीं शुक्रवार की रात बालू तस्करों की धरपकड़ के लिए गए गोविंदपुर के सीओ रामजी वर्मा पर तस्करों ने हमला बोल दिया। धंधेबाजों ने सीओ, उनके चालक व पुलिसकर्मियों की पिटाई कर दी। उनकी गाड़ी पर भी पथराव कर दिया। किसी तरह सीओ और उनके उनके सुरक्षाकर्मियों ने चालक की ससुराल में छिप कर जान बचाई। चालक की ससुराल उसी गांव में है। बाद में सूचना पाकर मौके पर पहुंची बरवाअड्डा और राजगंज थाने की पुलिस ने सीओ व सुरक्षाकर्मियों को गांव से सुरक्षित निकाला। बावल के बीच धंधेबाज सीओ द्वारा जब्त गाड़ियों को लेकर भाग गए। सूचना पाकर एसडीओ भी घटनास्थल के लिए देर रात निकले, पर जब पता चला कि सीओ को मुक्त करा लिया गया है तो वह बरवाअड्डा थाने में रुक गए। शुक्रवार आधी रात के बाद से अहले सुबह तक घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई बरवाअड्डा थाने में की गई।

### सीओ ने चालक के ससुराल में छिप कर बचाई जान

दरअसल, बालू तस्करों की धरपकड़ के लिए गोविंदपुर के सीओ रामजी वर्मा दो होमगार्ड जवानों को साथ लेकर अपनी टाटा सूमो गाड़ी से शुक्रवार की देर रात बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित गांव गोरगा गए। उन्होंने दो बालू लदी गाड़ियों को जब्त करते हुए वहां उनके चालकों को हिरासत में ले लिया। इस बीच वहां बालू धंधेबाजों के पक्ष में उनके समर्थक और ग्रामीण एकजुट हो गए। उन्होंने सीओ की गाड़ी को घेर लिया और पथराव करने लगे। इस दौरान सीओ रामजी वर्मा पर तस्करों ने हमला बोल दिया. धंधेबाजों ने सीओ, उनके चालक व पुलिसकर्मियों की पिटाई कर दी। अफरातफरी की स्थिति के बीच चालक सीओ की गाड़ी को लेकर गांव से भागने लगा। बदहवाशी की स्थिति में वह गाड़ी को वहां लेकर चला गया, जहां रास्ता बंद था। वहां से सभी पैदल भागने लगे। पास में ही सीओ के चालक की ससुराल थी। सभी वहां जाकर छिप गए।

पीछे-पीछे धंधेबाज और उनके समर्थक भी वहां आ गए और सभी को बाहर निकालने की मांग करने लगे। हालांकि घरवालों ने दरवाजा नहीं खोला। इस बीच सीओ ने मोबाइल से घटना की सूचना बरवाअड्डा थाने की पुलिस को दी। इसके बाद बरवाअड्डा व राजगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सीओ को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना पाकर एसडीओ भी घटनास्थल के लिए देर रात निकले, पर जब पता चला कि सीओ को मुक्त करा लिया गया है तो वह बरवाअड्डा थाने में रुक गए। बावल के बीच धंधेबाज सीओ द्वारा जब्त गाड़ियों को लेकर भाग गए।

## बजरंग दल ने लगाया रक्तदान शिविर

**कतरास।** शनिवार को हुतात्मा दिवस के मौके पर बजरंग दल कतरास महानगर के द्वारा कतरास बाजार राजस्थानी समाज भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्त संग्रह करने के लिए धनबाद एसएन एमएमसीएच से लैब असिस्टेंट विष्णुपद कर्मकार, अशोक शर्मा लैब टेक्नीशियन, संगठन की ओर से कमलेश सिंह प्रांत सह गौ रक्षा प्रमुख, डॉ स्वतंत्र कुमार डॉ मधुबाला विनय कुमार विभाग मंत्री धनबाद विभाग रवि वर्मा विभाग संयोजक विकास बजरंगी पूर्व विभाग संयोजक तापस दे जिला सहसंयोजक रंजीत रवानी गौ रक्षा प्रमुख उत्तम रवानी शंकर जयसवाल प्रखंड अध्यक्ष आनंद खंडेलवाल चंदन चक्रवर्ती नेहा रवानी संयोजीका बजरंग दल अनूप राय अजय चौहान मनोज केसरी जिला सह मंत्री लालू झा शुभम राजगढ़िया आदि मौजूद रहे।

## पंचायती राज पदाधिकारी के निधन पर शोक सभा

**बोकारो।** जिला दंडाधिकारी .सह .उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं अपर समाहर्ता सादात अनवर सहित समाहरणालय के सभी कर्मियों ने समाहरणालय परिसर में जिला पंचायत राज पदाधिकारी राजशेखर के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा ।उपायुक्त श्री चौधरी ने कहा कि पंचायत विभाग ने एक कुशल अधिकारी को असमय खो दिया। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## तंबाकू के दुष्परिणाम पर जागरूकता कार्यक्रम

बोकारो। पिंड्राजोरा चास बोकारो स्थित सर्वोदय प्लस टू विद्यालय में तंबाकू के दुष्परिणाम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए जिसमें जिला परामर्शी मोहम्मद असलम द्वारा सभी बच्चों को तंबाकू के दुष्परिणाम व तंबाकू खाने से होने वाली बीमारियों से अवगत कराया गया ।जिला परामर्शी द्वारा बताया गया।

# दूसरे दिन भी बेरमो से दुमका तक आईटी का छापा बेरमो विधायक का आवास खंगाल रही है टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित आवास में दूसरे दिन शनिवार को भी आयकर विभाग की टीम डटी हुई है। बेरमो में विधायक अनूप सिंह के घरए कोयला व्यवसायी अजय सिंह के घर और दुमका में ठेकेदार सह नगर परिषद के उपाध्यक्ष विनोद कुमार लाल के घर शनिवार को छापेमारी जारी है।

शुक्रवार को सुबह लगभग सात बजे ही कुल नौ गाड़ियों से आयकर विभाग की टीम विधायक अनूप सिंह के बेरमो स्थित आवासीय परिसर पहुंची थी। तब उस टीम में शामिल रांची, धनबाद व जमशेदपुर के करीब तीन दर्जन विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों में पांच ने पास स्थित कोयला व्यवसायी अजय सिंह के घर में और शेष ने विधायक अनूप सिंह के आवास में प्रवेश कर छापेमारी शुरू की थी। घर के बाहर सीआरपीएफ के जवानों को तैनात कर लोगों के अंदर जाने.आने पर रोक लगा दी गई थी, जो आज भी जारी है।

### शुक्रवार को पहुंची थी टीम

शुक्रवार को दोपहर लगभग दो बजे तीन वाहन में सवार होकर लगभग एक दर्जन अधिकारी, कर्मचारी जरीडीह बाजार गए थेए जहां कांग्रेस नेता सह ठेकेदार सरदार कुलदीप सिंह उर्फ लकी सिंह के घर में दबिश दी थी। विधायक अनूप सिंह के आवास में छापेमारी के क्रम में मां रानी देवी व अन्य पारिवारिक सदस्यों के साथ छोटे भाई कुमार गौरव मौजूद थेए जो कांग्रेस पार्टी के पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। साथ ही आउटसोर्सिंग कंपनी के वह संचालक हैं। उनकी कंपनी सीसीएल की परियोजना में कार्य संचालित कराती है। सूत्रों के अनुसारए शनिवार को विधायक अनूप सिंह से संबंधित कागजात को आयकर विभाग की टीम की ओर से खंगाले जाने के साथ ही कुमार गौरव की आउटसोर्सिंग कंपनी के कागजात भी खंगाले जा रहे। साथ ही जेवरात व अन्य घरेलू संसाधनों सहित चल.अचल संपत्तियों का ब्योरा अर्जित किया जा रहा।

# बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र में तीन दुकानों में चोरी, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/रंगडीह।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र में इन दिनों अपराधी बेलगाम दिखाई दे रहा है। इस बात का उदहारण शनिवार को अहले सुबह जारंगडीह बाजार में उस समय देखने को मिला जब सुबह दुकानदार अपनी अपनी दुकान खोलने पहुचा तो देखा कि उसके दुकान का सीट का छत टुटा हुआ और दुकान का सामना इधर उधर बिखरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बीते रात्रि जारंगडीह बाजार मनोज जनरल स्टोरएअमरेश हार्डवेयरए शुभम जनरल स्टोरए सोनी सिमेंट दुकानए विशाल मुर्गा दुकान का सीट काट चोर दुकान में उतर नगदी के अलावे दुकानों के सामान लेकर चम्पत हो गया। यानी जारंगडीह मुख्य बाजार में एक ही रात में चोरो ने सफलतापूर्वक चोरी की घटना को अंजाम देकर रफुचक्कर हो गया। मामले का पता सुबह तब चला जब दुकानदार दुकान खोलने पहुचा। मिली जानकारी के अनुसार इस तरह की चोरी अक्सर सर्दी आते ही बढ जाती क्यों कि सर्दी के कारण जल्द ही बाजार में सन्नाटा पसर जाता है। सूत्रों माने तो इस तरह की घटना को अंजाम कोई पेशेवर चोर नही बल्कि क्षेत्र के बिगड़ैल लड़के है जो नशे की पूर्ति के लिए इस तरह के छोटी छोटी चोरी की घटना कर पुलिस के लिए बड़ी सरदर्द पैदा कर देती है।

# जीटीएस कंपनी कार्यालय के समक्ष राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** ग्यारह महीने से काम से बैठे जीटीएस कंपनी के बारह हाइवा चालकों और पंद्रह खलासियों ने सोमवार से राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के तत्वाधान में प्रदर्शन कर गोधर में कंपनी कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन धरना दिया एम कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। धरना का नेतृत्व राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष भगवान राम और अनिल गुप्ता कर रहे है ।आंदोलन को लेकर भगवान राम और हाइवा चालकों ने कहा कि जीटीएस कंपनी प्रबंधन बिना किसी पूर्व सूचना दिए कंपनी में आठ दस वर्षो से काम कर रहे बारह चालकों और पंद्रह खलासियों को कार्य से बैठा दिया है ।जिससे चालकों और खलासियों के समक्ष रोजगार की समस्या के साथ भूखे मरने की स्थिति उत्पन्न हो गई ।इस मामले में पिछले दिनों हुई वार्ता में कंपनी प्रबंधन ने विचार करने का आश्वासन दिया था ।लेकिन कंपनी अब मनमानी रवैया अपना रही है। नेताओं और चालकों ने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन बाहरी लोगो को काम पर रख रही है। चालकों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जब तक कंपनी प्रबंधन वार्ता कर समस्या का समाधान नही करती है ।तब तक उनलोगो का धरना जारी रहेगा।

## लोयला स्कूल मे विज्ञान व कला प्रदर्शनी

चिरकुंडा । चिरकुंडा लोयला स्कूल तालडंगा मे विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डीवीसी पंचेत के प्रोजेक्ट हेड पीपी साह विशिष्ट अतिथी डिनोबली मुगमा के प्राचार्य समष्टा मजुमदार,स्कूल के सचिव फादर अमातुस कुजूर व प्राचार्य फादर जानी पी देवसिया ने द्विप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथी साह ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चो के प्रदर्शनी को देख वे काफी प्रभावित हुए बच्चो के विज्ञान मे नित्य नये खोज को लेकर वे प्रोत्साहित किये तथा ऊर्जा के सही उपयोग के बारे मे बताया। विज्ञान प्रदर्शनी मे न्युक्लियर पावर प्लांट,मार्डन विग्यान संबंधी प्रदर्शनी का प्रारूप दिखाया अंधो के लिए तकनिकी छडी ,डीएनए स्ट्रक्चर ,सहित कला के क्षेत्र मे पुर्व पषाण काल ,नवपाषाण काल ,गो ग्रिनसहित अन्य प्रदर्शनी का आयोजन स्कूल के छोटे छोटे बच्चो द्वारा किया गया। प्राचार्य जानी पी देवसिया बच्चो को उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए प्रोत्साहित किया कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्राचार्य व शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

# लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** आपकी योजना. आपकी सरकार. आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरा चरण के तहत कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला नोडल पदाधिकारी सह आवासीय दंडाधिकारी मनीषा वत्सए गोमिया विधायक लंबोदर महतोए जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी प्रखंड प्रमुख नियति कुमारी आदि मौजूद थे। मौके पर विधायक जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी एवं प्रमुख नियोती कुमारी ने कहा कि सरकार आम लोगों की सुविधा हेतु सीधे पंचायतों में पहुंच सरकारी योजनाओं का लाभ दे रही है ।आम लोगों शिविर के माध्यम से लाभ उठाना चाहिए ।शिविर में अनेकोनेक विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जिसमें संबंधित लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करते हेतु आवेदन लिए गये। कई लाभुकों को ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया। विभागों द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। मौके पर सीओ प्रदीप कुमार शुक्लाएएमओ डॉ मो नवाबए सीडीपीओ ममता शाहए स्थानीय मुखिया अमरेश कुमार महतोए पंसस अंजू देवीए वार्ड सदस्य कुंती देवी मौजूद थीं।

# सिद्धो कान्हो के जन्मस्थली से आई मिट्टी

## डीएवी राष्ट्रीय खेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिन्दरी में शनिवार से आयोजित तीन दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय खेल (सम्भागीय) 2022 में ऋषि आनंद स्वामी क्रीड़ा उद्यान का लोकार्पण डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्त्री समिति, नई दिल्ली के पी एस 1 निदेशक जे पी शूर ने नारियल फोड़कर किया। इसके पूर्व अमर शहीद सिद्धो कान्हू जन्मस्थली साहिबगंज के वरहेठ भोगनाडीह गाँव की माटी की स्थापना विद्यालय प्रागंण में प्रेरणा स्थल पर किया गया। इसके शुरूआती मैच में डीएवी कुसुंडा की कोयल कुमारी ने अपने प्रतिद्वंद्वी ताइक्वांडो खिलाड़ी को हराकर जीत दर्ज की। डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्त्री समिति, नई दिल्ली के पी एस 1 निदेशक जे पी शूर ने इंद्रधनुष रंग के गुब्बारों को उड़ाकर डीएवी राष्ट्रीय खेल की शुरूआत की। उन्होंने विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को संस्कारी बनना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में साहिबगंज के वरहेठ भोगनाडीह गाँव से सिदो कान्हु के छठे वंशज प्रपौत्र बेटाधन मुर्मू के पुत्र मंडल मुर्मू मौजूद थे।

# धनबाद जीटी रोड बना गौ तस्करी का सेफ जोन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद ।** पशु तस्करों के लिए धनबाद का रास्ता सबसे सुगम जान पड़ता है। हालत यह है कि पुलिस डाल डाल तो पशु तस्कर पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए नित नये तरीके से कामयाब हो जाते हैं। धंधेबाज कभी कंटेनर, पिक अप वैन तो कभी अन्य वाहनों पर मवेशी लाद कर यूपी, बिहार,पश्चिम बंगाल से बांग्लादेश तक ले जाते हैं। धनबाद जिले में तोपचांची, राजगंज, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, निरसा, चिरकुंडा मैथन थाना क्षेत्र पशु तस्करों का जाना-सुना रास्ता है। इन्हीं रास्तों से बंगाल और बांग्लादेश तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस कार्रवाई करती है। धंधेबाज पैदल भी पशुओं की तस्करी करते हैं। इन मामलों में पशुपालन अधिकारी पहल करेंगे तो पुलिस सहयोग करेगी।

### तस्करों ने तलाश लिया है ग्रामीण रास्ता

इधर कुछ दिनो से गो रक्षा दल और पुलिस की सक्रियता देख तस्कर अब मैथन व चिरकुंडा के ग्रामीण इलाकों से झुंड में या दो-दो की संख्या में पैदल ही झारखंड की सीमा पार कराते हैं। विगत शनिवार को मैथन के ग्रामीण रास्ते से बेनागाड़िया होकर लगभग 24 जानवर ले जाये जा रहे थे। गोविंदपुर-साहिबगंज रोड को भी गो तस्कर सुगम रास्ता मान कर अपना धंधा चला रहे हैं।

### 20 दिनों में पकड़े गए कई मामले

गोरक्षा दल, विश्व हिन्दू परिषद और पुलिस ने विगत 20 दिनों में गो तस्करी के कई मामलों का खुलासा किया है ।शुक्रवार 4 नवंबर को राजगंज में एक ट्रक पकड़ा गया, जिसमें 15 भैंस और उसके 11 बच्चे थे। हालांकि उनमें 4 की मौत हो चुकी थी। तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया। वे लोग पशुओं को हाजीपुर से धनबाद के रास्ते बंगाल ले जा रहे थे।

### 22 सितंबर से 18 अक्टूबर तक चला था अभियान

विगत 18 अक्टूबर को राजगंज पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें 17 भैंसें लदी थी और उसे जो बंगाल ले जाया जा रहा था। 18 अक्टूबर को ही पूर्वी टुंडी पुलिस ने गोविंदपुर-साहिबगंज मार्ग पर लटानी के पास 10 ट्रक पकड़े, जिनमें 150 गोवंशी मवेशी थे। 14 अक्टूबर को बाघमारा के सोनारडीह में 3 दर्जन मवेशियों से लदे 6 पिकअप वैन पर को पुलिस ने पकड़ा था। इससे पहले निरसा के मैथन में 8 अक्टूवर को स्कॉर्पियो की डिक्की में 4 गोवंश मवेशी को ले जाते पकड़ा गया। उससे भी पहले 22 सितंबर को मैथन से 35 मवेशी मवेशी ले जा रहे कंटेनर को पकड़ा गया था।

## पेज एक का शेष

### 1932 का खतियान...

केंद्र इन एजेंसियों से हमें डरा रहा है, ताकि झारखंड अपना अधिकार न मांगे। विपक्ष पैसों से लोकतंत्र को खरीदना चाहता है, लेकन ऐसा नहीं हो सकता है। जनता के लिए काम कर रहे हैं तो हमलोगों के पीछे ईडी और सीबीआई लगा दिया गया है। जहां भाजपा की सरकार नहीं है वहां सरकार गिराने की षडयंत्र चल रही है।

**शिक्षा को लेकर आपकी सरकार है गंभीर :** मुख्यमंत्री ने कहा सीएम सारथी योजना का लाभ राज्य के छात्रों को जल्द मिलेगा। इंजीनियरिंग, लॉ समेत अन्य विषयों में पढ़ाई करने के लिए सरकार आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की परिकल्पना सरकार ने की है, जिसके जरिए कम ब्याज पर सरकार उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग करेगी। मॉडल स्कूल को सरकार निजी स्कूल के तर्ज पर विकसित कर रही है।

### नाकेबंदी की धमकी...

सभा को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि अगर भाजपा को जवाब देने के लिए जरूरत पड़ी तो आर्थिक नाकेबंदी तक की जायेगी। राज्य से एक छटांक भी कोयला, लोहा व अन्य खनिज पदार्थों को बाहर नहीं जाने दिया जायेगा। खनिज पदार्थों को राज्य में ही रोक देंगे। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से भाजपा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पद से हटाने के लिए सारे हथकंडे अपना रही है। इसका जवाब अब खुद जनता भाजपा को देगी।

**गोड्डा में हालात बेकाबू :** वहीं गोड्डा में शनिवार को हालात बेकाबू होते नजर आये। 30 घंटे से अधिक समय से आयकर छापेमारी चलने पर विधायक के आवास पर काफी संख्या में समर्थक जमा होकर नारेबाजी करने लगे। वे अंदर क्या चल रहा है, इसकी जानकारी चाहते थे। आवास के अंदर विधायक प्रदीप यादव की पत्नी और चाचा सहित अन्य स्टाफ हैं। उन्हें बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। हंगामे के बाद आयकर विभाग के अधिकारी रंजीत माथुर बाहर निकले और कहा कि जांच अंतिम चरण में है। रिपोर्ट तैयार की जा रही है। वहीं विधायक समर्थक इस बात पर अड़े थे कि जबतक विधायक के आवास से उनकी पत्नी बाहर निकल कर अपना कुशलक्षेम नहीं बताती हैं, तबतक वह लोग शांत नहीं रहेंगे। इसके बाद विभाग के अधिकारी ने कुछ देर में विधायक की पत्नी को बाहर निकलकर समर्थकों से मिलने की इजाजत दी। प्रदीप यादव के गोड्डा स्थित आवास में शुक्रवार की सुबह सात बजे से ही आयकर की छापेमारी चल रही है। पार्टी नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाया।

**ईंट से ईंट बजा देंगे :** हफीजुल हसनः देवघर में महागठबंधन की ओर से आयोजित धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सूबे के अल्पसंख्यक कल्याण और पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि महागठबंधन ईडी और आयकर विभाग के इन तिकड़मों से डरने वाला नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि झारखंड में आर्थिक नाकाबंदी कर देंगे। भाजपा की ईंट से ईंट बजा देंगे। इस दौरान मंत्री ने यह भी घोषणा की कि जल्द ही विधानसभा से 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण की नीति को पारित करेंगे।

### स्थापना दिवस समारोह ...

योजनाओं की ली जानकारी : स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में नयी योजनाओं और पॉलिसी की लॉन्चिंग तथा उद्घाटन और शिलान्यास किए जाने वाले योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने इस मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण के बारे में भी अधिकारियों से जाना। समारोह में सीएम सारथी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना और एकलव्य स्किल स्कीम योजना का शुभारंभ करेंगे ।वहीं, इंडस्ट्रियल पार्क एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी- 2022, इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी- 2022 और झारखंड एथेनॉल प्रोडक्शन प्रमोशन पॉलिसी- 2022 को लांच करेंगे।

**फैक्ट फाईल :** मुख्य समारोह दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। लगभग पांच हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास होगा। समारोह में चार नई योजनाओं और तीन नई पॉलिसी की भी लॉन्चिंग होगी। लाभुकों के बीच 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा की परिसंपत्तियों का वितरण होगा। समारोह में 1000 से ज्यादा नव चयनितों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। मुख्यमंत्री इस मौके पर मुख्यमंत्री राहत योजना के पोर्टल की भी लॉन्चिंग करेंगे।

### केंद्र के खिलाफ ...

**भाजपा ने इडी को मोहरा बनाया : बंधु तिर्की :** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से संवैधानिक संस्थाओं से अपने इशारे पर काम करवा रही है। रघुवर सरकार में कितने घोटाले हुए। आखिर क्यों उन घोटालों के आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होती। भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। हम संघर्ष के रास्ते चलकर राज्य की जनता के सहयोग से भाजपा को हरायेंगे। वहीं राष्ट्रीय जनता दल के निवर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि पीएम मोदी और भाजपा ने झारखंड के नब्ज को समझने में भूल की है। हमें परेशान नहीं करें, नहीं तो हम छोड़ेंगे नहीं।

### साकची में बनेगा...

इसके अतिरिक्त अन्य मदों में लिफ्ट, अग्निशमन व्यवस्था, अतिरिक्त संबद्ध भवन का निर्माण आदि मद में कुल मिलाकर 369 करोड 69 लाख 68 हजार 09 सौ रूपए की प्राक्कलन की प्राशासनिक स्वीकृति दी गयी है । प्रसव परिसर में दो ऑपरेशन थियेटर के साथ शल्य क्रिया के पूर्व एवं उसके पश्चात महिलाओं के लिए शय्या भी प्रावधान है। इसके साथ एनआइसीयू एवं पीआइसीयू का भी प्रावधान किया गया है। उक्त अस्पताल का निर्माण कार्य 30 माह के भीतर कराये जाने का लक्ष्य है।

# अमरिकी कांग्रेस के मध्यावधि चुनाव की दौड़ में पांच भारतवंशी

## बाइडेन की पार्टी से लड़ रहे हैं चुनाव, आठ नवंबर आयेगा परिणाम

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आठ नवंबर को प्रतिनिधि सभा के लिए होने वाले मध्यावधि चुनाव की दौड़ में भारतीय मूल के पांच अमेरिकी नागरिक भी शामिल हैं। अगर चुनावी विश्लेषकों की राय पर गौर किया जाए तो इन भारतीय-अमेरिकियों के प्रतिनिधि सभा के लिए चुने जाने की 100 फीसदी की संभावना है। चार मौजूदा सांसद एमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना और प्रमिला जयपाल के पुनः निर्वाचित होने की उम्मीद है। चारों डेमोक्रेटिक पार्टी के हैं। प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों के तथाकथित समोसा कॉकस में उद्यमी और कारोबारी श्री थानेदार भी शामिल हो सकते हैं जो मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से चुनाव लड़ रहे हैं।

इनमें सबसे वरिष्ठ सदस्य बेरा कैलिफोर्निया की सातवीं कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से प्रतिनिधि सभा के लिए छठी बार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, खन्ना, कृष्णमूर्ति और जयपाल लगातार चौथी बार प्रतिनिधि सभा की दौड़ में शामिल हैं।

राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, चारों उम्मीदवार अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ मजबूत स्थिति में है और थानेदार की स्थिति भी मजबूत दिख रही है। थानेदार अगर निर्वाचित होते हैं तो वह बेरा, खन्ना, कृष्णमूर्ति और जयपाल के साथ अगली कांग्रेस में पांचवें भारतीय-अमेरिकी होंगे। चेन्नई में जन्मीं जयपाल (57) प्रतिनिधि सभा में निर्वाचित होने वाली पहली और इकलौती भारतीय-अमेरिकी महिला है।

**मेरीलैंड में इतिहास रचेंगी मिलर :** इस चुनाव में एक अन्य भारवंशी मेरीलैंड राज्य में इतिहास रचने को तैयार हैं। मेरीलैंड हाउस ऑफ डेलीगेट्स की पूर्व सदस्य अरुणा मिलर डेमोक्रेटिक पार्टी के टिकट पर राज्य के लेफ्टिनेंट गवर्नर पद पर चुनाव लड़ रही हैं। राजनीतिक पंडितों के अनुसार उनका जीतना तय है। अगर ऐसा होता है तो वह मैरीलैंड में इस पद पर निर्वाचित होनेवाली पहली भारतवंशी होंगी। डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों ने आठ को होने वाले मध्यावधि चुनाव को लेकर भारतवंशियों तक पहुंचने के प्रयास तेज कर दिए हैं। द वाशिंगटन पोस्ट ने कहा कि कड़े मुकाबलों में भारतीय-अमेरिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



स्पीड न्यूज

### रूस : नाइट क्लब में आग से 15 की मौत

**मास्को।** रूस के कोस्त्रोमा शहर में एक नाइट क्लब में आग लगने से शनिवार को 15 लोगों की मौत हो गई और पांच झुलस गए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कैफे में सुबह के एक विवाद के दौरान किसी ने फ्लेयर गन का इस्तेमाल किया, जिसके बाद आग लग गई। बचावकर्ताओं ने 250 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। कोस्त्रोमा के गवर्नर सर्गेई स्तिनिकोव ने कहा कि घटना में मामूली रूप से झुलसे लोगों का इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के दौरान कैफे की छत गिर गई। उन्होंने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई और पुलिस फ्लेयर गन का इस्तेमाल करवाले शख्स की तलाश कर रही है।

### नार्थ कोरिया ने छोटी दूरी की चार बैलिस्टिक मिसाइल दागी

**सोल ।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को कम दूरी की चार बैलिस्टिक मिसाइलें पीले सागर की ओर दागीं। योन्हाप एजेंसी ने दक्षिण कोरिया सेना के हवाले से शनिवार को यहां यह जानकारी दी। सेना के अनुसार, प्रोजेक्टाइल को शनिवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 11:32-11:59 बजे के बीच देश के पश्चिम में उत्तरी प्योंगान प्रांत के तोंग्रिम काउंटी से पीले सागर की ओर प्रक्षेपित किया गया था।

### सिसोदिया के पीए से इडी ने की पूछताछ

**नयी दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के पीए से रद्द आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन की जांच के सिलसिले में शनिवार को पूछताछ की। ईडी ने इस मामले के सिलसिले में दिल्ली-एनसीआर में पांच स्थानों पर छापेमारी भी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को दावा किया कि घर पर छापेमारी में कुछ भी नहीं मिलने पर ईडी ने उनके निजी पीए को गिरफ्तार कर लिया है।

### मुख्तार अंसारी के बेटे को इडी ने लिया रिमांड

**प्रयागराज (उप्र)।** प्रयागराज की एक अदालत ने शनिवार को माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और मऊ से विधायक अब्बास अंसारी को सात दिनों के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया । जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब अग्रहरि ने बताया कि अदालत में ईडी की ओर से सीआरपीसी की धारा 167-2 के तहत से प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया गया कि अन्य साक्ष्य एकत्र करने के लिए अंसारी को 14 दिन के लिए ईडी की हिरासत में दिया जाए।

## छह राज्यों की सात सीटों के लिए मतगणना आज

**बिहार के मोकामा व गोपालगंज सीट के परिणाम पर सबकी नजरें**

**नयी दिल्ली।** छह राज्यों में सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए मतगणना रविवार को होगी। उपचुनाव वाली इन सीटों में पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के परिवार का गढ़ कही जाने वाली हरियाणा की आदमपुर सीट भी शामिल है। भजन लाल के पोते भव्य बिश्नोई (आदमपुर सीट) और अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी (मोकामा सीट) उन दिग्गज उम्मीदवारों में शामिल है जिनकी किस्मत का फैसला होना है। बिश्नोई भाजपा जबकि नीलम राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में हैं। अनंत सिंह को अयोग्य घोषित किये जाने के बाद बिहार की मोकामा सीट पर उपचुनाव कराना पड़ा। इसके अलावा बिहार की गोपालगंज सीट, महाराष्ट्र की अंधेरी (पूर्व) सीट, तेलंगाना की मुनुगोडे सीट, उत्तर प्रदेश की गोला गोकर्णनाथ सीट और ओडिशा की धामनगर सीट पर उपचुनाव के नतीजे घोषित होंगे। जिन सात सीट पर भाजपा और क्षेत्रीय पार्टियों के बीच मुकाबला है उनमें से तीन भगवा दल के पास थीं, जबकि दो सीट कांग्रेस के पास थीं। इसी तरह शिवसेना और राजद के पास एक-एक सीट थीं। बिहार के उपचुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और राजद के बीच है, जबकि हरियाणा में भगवा दल का मुकाबला कांग्रेस, आईएनएलडी और आम आदमी पार्टी (आप) से है। भाजपा का तेलंगाना में मुकाबला टीआरएस से, उत्तर प्रदेश में सपा से और ओडिशा में बीजद से है। भाजपा गोल गोकर्णनाथ सीट और धामनगर सीट बरकरार रखना चाहती है और इसने सहानुभूति पाने के लिए उन मौजूदा विधायकों के बेटों को मैदान में उतारा है जिनके निधन के कारण उपचुनाव हुआ। गोल गोकर्णनाथ सीट भाजपा विधायक अरविंद गिरि के निधन के कारण छह सितंबर को रिक्त हो गई थी। इस सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस और बसपा हिस्सा नहीं ले रही हैं, इसलिए सपा उम्मीदवार और गोला के पूर्व विधायक विनय तिवारी और भाजपा के अमन गिरि के बीच सीधा मुकाबला है।

# हिमाचल में फिर भाजपा सरकार बनाकर बनायें नया रिवाज : मोदी

## कहा-झूठे वादे करना देना कांग्रेस की पुरानी चाल

एजेंसी

शिमला । हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में विजय संकल्प रैली में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं देश में रहूं या विदेश में, हिमाचल के साथ मेरा लगाव बना रहता है। हिमाचल के लोगों का जो स्नेह है, मैं इस ऋण को कभी चुका नहीं सकता। लेकिन हिमाचल का विकास कर, हिमाचल के लोगों का जीवन आसान बनाकर, मैं अपना दायित्व निभाने के लिए हर पल तैयार हूं । उन्होने कहा कि सोलन ने मुझे खूब खिलाया भी है और बहुत कुछ सिखाया भी है। इसलिए मैं सोलन का डबल कर्जदार हूं। इसलिए हिमाचल में डबल इंजन की सरकार आपके आशीर्वाद से बनेगी, मुझे पूरा विश्वास है । आगमन पर मोदी का पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया, कुछ ने पारंपरिक पोशाक पहन रखी थी। रास्ते में महिलाओं समेत कई लोगों की भीड़ थी। जो पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए पहुंचे हुए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार हिमाचल का चुनाव खास है। इस बार होने वाला एक-एक वोट अगले 25 वर्षों के लिए हिमाचल की विकास यात्रा तय करेगा।



भावनात्मक रिश्ता बनाने की कोशिश करते हुए, मोदी ने कहा- मैं पहले भी कई बार सुंदरनगर का दौरा कर चुका हूं। मैंने सिराज, कुल्लू, किन्नौर, चंबा और कांगड़ा के दुर्गम इलाकों की भी यात्रा की है। यहां की सड़कें, सुंदरनगर की इतनी खूबसूरत बीबीएमबी झील, कोई कैसे भूल सकता है। घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि, झूठे वादे करना और झूठी चुनावी गारंटी देना कांग्रेस की पुरानी चाल रही है। देश गवाह है कि कैसे कांग्रेस किसानों की कर्जमाफी के नाम पर झूठ बोलती रही है। राज्य को हर कदम पर नया बुनियादी ढांचा देने वाली डबल इंजन वाली सरकार की वकालत करते हुए मोदी ने जोर देकर कहा कि जब दिल्ली और हिमाचल में भाजपा की सरकार है तो काम तेज गति से चल रहा है। लेकिन जैसे ही कांग्रेस वापस आती है, सारा विकास ठप हो जाता है। कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रीय राजनीति में हिमाचल प्रदेश की भूमिका को कमतर आंका है क्योंकि उन्हें लगा कि राज्य छोटा है। यही कारण था कि हिमाचल कभी विकास की ऊंचाइयों पर नहीं पहुंचा।

### 16 दिसंबर को रिलीज होगी विक्की कौशल की 'गोविंदा नाम मेरा'



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा 16 दिसंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो सकती है। गोविंदा नाम मेरा में विक्की कौशल की मुख्य भूमिका है। निर्देशक शशांक खेतान की फिल्म गोविंदा नाम मेरा इन दिनों चर्चा में है। फिल्म गोविंदा नाम मेरा में विक्की के साथभूमि पेडनेकर और कियारा अहम रोल में नजर आने वाली है।

### ईडब्ल्यूएस आरक्षण विवाद पर 7 नवंबर को फैसला

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय नौकरियों और शिक्षा में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) को 10 फीसदी आरक्षण की वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाओं पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। संविधान पीठ ईडब्ल्यूएस को आरक्षण प्रदान करने वाले 103 वें संविधान संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली एनजीओ जनहित अभियान व अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर फैसला सुनाएगी।

### आरा में आभूषण व्यवसायी के पिता का अपहरण कर हत्या

**पटना।** बिहार के बड़े आभूषण व्यवसायी डॉ हरिजी गुप्ता की हत्या। श्री गुप्ता को अपराधियों ने गुरुवार शाम अपहरण किया था। अपहरण में प्रयुक्त कार को पुलिस ने बक्सर से बरामद किया। उनका अपहरण आरा से हुआ था। उनके बेटों की पटना और आरा में पांच बड़ी आभूषण की दुकानें हैं।

डॉ गुप्ता आरा टाउन थाना क्षेत्र अंतर्ग आरा-पटना बाइपास से सटे बलुआही स्थित मार्केट कांप्लेक्स के समीप से अगवा किया था।

उदय प्रकाश गुप्ता के पिता डॉ हरिजी गुप्ता के साथ अनहोनी की आशंका का लेकर परिजन काफी सशंकित थे। पुलिस ने इस बीच मुख्य आरोपी किरायेदार अमर के करीबी नामजद दोस्त रितेश के अलावा चितरंजन को गिरफ्तार किया।

## भारत के पहले मतदाता नेगी का निधन

**तीन नवंबर को हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतपत्र के जरिए डाला था वोट**

**शिमला।** भारत के प्रथम मतदाता श्याम सरन नेगी ने हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में अपने आवास में शनिवार सुबह ली अंतिम सांस। वे 100 वर्ष के थे। निर्वाचन आयोग के अनुसार तीन नवंबर को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए मतपत्र के जरिए वोट डाला था। आयोग ने नेगी के निधन पर शोक जताया और कहा कि उन्हें लोकतंत्र में बहुत विश्वास था।

आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा कि वे न केवल स्वतंत्र भारत के पहले मतदाता थे बल्कि लोकतंत्र में अटूट विश्वास रखने व्यक्ति थे। निर्वाचान आयोग ने नेगी के निधन पर शोक जताया। आयोग ने ट्वीट किया कि उन्होंने लाखों के वोट



डालने के लिए प्रेरित किया और निधन से पहले दो नवंबर को मतपत्र के जरिए हिमाचल में विधानसभा चुनाव के लिए वोट दिया था। कुछ दिन पहले ने नेगी के मतदान करने के बाद किन्नौर के डीएम ने उन्हें उनके घर जाकर सम्मानित किया था। सेवानिवृत शिक्षक शरण नेगी का जन्म एक जुलाई 1917 को हुआ था। उन्होंने पहली बार जब मतदान किया था, तब वे 33 साल के थे। तब से लेकर मरने से पहले तक उन्होंने कभी भी अपना वोट बेकार नहीं किया। वे पहली बार 1951 में मतदान का हिस्सा बने थे।

### हवाई जहाज की तरह ट्रेनों में भी लगेंगे ब्लैक बाक्स

नयी दिल्ली। हादसों की सही पड़ताल और रिपोर्ट हासिल करने के लिए ट्रेनों में हवाई जहाज की तरह ही ब्लैक बाक्स लगाया जा रहा है। ट्रेनों के हिसाब से थोड़ा फेरबदल कर इसे डिजाइन किया गया है। रेल मंत्रालय की ओर से पूर्वोत्तर जोन को लोको कैब वाइस एंड विजुलअ रिकार्डर (एलसीवीआर) लगाने की अनुमति दी गई है। पहले चरण में करीब तीन हजार डिवाइस लगाए जाएंगे। आगे सभी ट्रेनों में लगाने की तैयारी है। एलसीवीआर को इंजन में लगाया जाएगा, इससे ट्रेन हादसों को रोकने और सफर को आसान बनाने में मदद मिलेगी। लगातार कई हादसों के बाद उसके कारणों की पड़ताल करने वाली टीम के सामने प्रमाण को लेकर दिक्कतें आ रही थीं।

## पुतिन ने फिर की भारत की तारीफ

**रूसी राष्ट्रपति ने भारतीयों को बताया बेहद प्रतिभाशाली**

एजेंसी

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक सप्ताह में दूसरी बार भारत की विकास गाथा की तारीफ की। पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि भारत के लोग बहुत प्रतिभाशाली प्रतिभाशाली और उद्देश्यपरक हैं तथा वे विकास के मामले उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने में अपने देश की मदद करेंगे।

पुतिन की यह टिप्पणी भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की मास्को यात्रा से कुछ दिन पहले आई है। जयशंकर सात और आठ नवंबर को मॉस्को के दो दिवसीय दौरे जाएंगे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर रशियन हिस्टॉरिकल सोसाइटी की 10वीं वर्षगांव से संबंधित कार्यक्रम में पुतिन ने कहा कि आइए, भारत पर नजर डालें। वहां के लोग बहुत ही प्रतिभाशाली और उद्देश्यकपरक हैं, जिनमें आंतरिक विकास के लिए ऐसी ललक है कि वे निःसंदेह उत्कृष्ट परिणाम हासिल करेंगे। विकास के मामले में उत्कृष्ट नतीजे प्राप्त करेगा भारत।

क्रेमलिन के अनुसार पुतिन ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत के करीब 1.5 अरब लोग विकास के मामले में शानदार परिणाम हासिल करेंगे। उन्होंने पिछले गुरुवार को भी भारत के



साथ रूस के विशेष संबंधों का जिक्र किया था। पुतिन ने कहा कि भारत के साथ हमारे विशेष संबंध हैं, जो दशक से हमारे बीच मौजूद घनिष्ठ संबंधों की नींव पर बने हैं। भारत के साथ हमारा कभी कोई विवाद नहीं रहा, हमने हमेशा-एक-दूसरे का समर्थन किया और यह संबंध भविष्य में ऐसा रहेगा। वहीं भारत ने पश्चिमी देशों की आपत्ति के बावजदू पिछले कुछ महीनों में रूस से रियायती दरों पर कच्चे तेल का आयात बढ़ाया है। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूस के हमले की निंदा भी नहीं की है। मोदी ने 16 सितंबर को उज्बेकिस्तान के समरकंद में पुतिन के साथ हुइ द्विपक्षीय बैठक कहा कहा था कि आज का युग युद्ध का नहीं है।




# श्रीलंका को चार विकेट से हरा सेमीफाइल में पहुंचा इंग्लैंड

सिडनी। इंग्लैंड ने श्रीलंका को चार विकेट से हराकर सेमीफाइल में जगह बना ली है। इस मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 141 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने छह विकेट खोकर 144 रन बना लिए और दो गेंद रहते मुकाबला जीत लिया।

इस जीत के साथ ही इंग्लैंड की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। पहले ग्रुप से सेमीफाइनल की दोनों टीमें तय हो चुकी हैं। न्यूजीलैंड की टीम पहले स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंची है। वहीं, इंग्लैंड ने दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। मेजबान और पिछले विश्व कप की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम टूनार्मेंट से बाहर हो चुकी है।

अब दूसरे ग्रुप से दक्षिण अफ्रीका और भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद सबसे ज्यादा है।



अगर मैच में कोई और उलटफेर नहीं हुआ तो भारतीय टीम ग्रुप-बी में पहले स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाएगी। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंचेगी। इस स्थिति में भारत का सामना इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड के साथ होगा।

## मुंबई ने पहली बार मुश्ताक अली ट्रॉफी पर किया कब्जा




**कोलकाता।** मुंबई ने आखिरी ओवर तक चले रोमांचक फाइनल मुकाबले में शनिवार को हिमाचल प्रदेश को हराकर पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीत ली। विजय हजारे ट्रॉफी 2021 की विजेता हिमाचल प्रदेश ने मुंबई को 20 ओवर में 144 रन का लक्ष्य दिया, जिसे मुंबई ने तीन गेंदें रहते हुए हासिल कर लिया।

**स्पोर्टजोन ने पीसीएफ कप क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवां सीजन लांच किया**

नयी दिल्ली। स्पोर्टजोन और द पोंटी चड्ढा फाउंडेशन ने शनिवार को यहां दिल्ली-एनसीआर कॉर्पोरेट क्रिकेट टूनामेंट पीसीएफ कप के पांचवें सीजन की शुरूआत की। साल 2018 में शुरू हुए टूर्नामेंट में हर साल देश के टॉप कॉरपोरेट हिस्सा लेते हैं। पांचवें सीजन में हीरो मोटोकॉर्प, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजी, कैपजेमिनी, टेवा, 24सेवन, वेव ग्रुप, डाबर, द स्टेट्समैन, आजतक, एक्सा एक्सएल, मार्ज टेक्नोलॉजी, एग्रीकॉस्मिक, सर्वोदय हेल्थकेयर, टेलीपरफॉर्मेंस और एडोब जैसी कंपनियों की 16 टीमें शामिल हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !